रायपुर, बिलासपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 16 सितम्बर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 29 मूल्य 3.00 ₹

# धर्मांतरण का सच : चौकी से औंधी तक
# 17000 लोगों के धर्मातंरण का दावा

**आदिवासियों के साथ-साथ सवर्ण तथा ओबीसी वर्ग के लोगों ने भी बदला अपना धर्म, बीमारी के इलाज व उसके बाद मिलने वाले पैसे बड़ी वजह**

मोहला मानपुर से लौटकर अजय सोनी की रपट
www.dailypioneer.com

धुर वनांचल क्षेत्र मानपुर से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम कहगांव में पिछले दिनों धर्मांतरण के एक बड़े मामले का खुलासा हुआ, राजधानी के कई समाचार पत्र ने उक्त खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। मामला गर्माने के बाद सामाजिक स्तर के बैठकों का दौर चला, उसके बाद अब उन पच्चीस परिवारों को घर वापसी करवा लिया गया है, जिन्होंने बहकावे में आकर धर्मांतरण का रास्ता चुना था। कोसरिया महार समाज के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों एवं समाज सेविका नम्रमा सिंह ने आगे आकर इन 25 परिवारों को तो घर वापसी करवा लिया है! लेकिन स्थानीय तथा धर्मांतरण के खिलाफ काम करने वालें लोगों की माने तो चौकी क्षेत्र से लेकर वनांचल के सुदूर ग्रामों तक धर्मांतरण का इस कदर जाल बिछ चुका है जिसे काटने के लिए सभी समाज के लोगों को बहुत भारी मशक्कत का सामना करना पड़ेगा। धर्मांतरण के मुद्दे पर तह तक जाकर जब पायनियर की टीम ने सच का पता लगाया तो चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं वो समाज के लिए कतई सही नहीं हैं। संस्कारधानी कहे जाने वाले शहर से महज 100 किलोमीटर दूर जिस तरह से हिन्दुओं व आदिवासी समुदायों के बीच नफरत का जहर घोला जा रहा है, उससे वनांचल क्षेत्रों में कभी भी किसी भी समय कानून व्यवस्था बिगड़ने के संकेत लगातार मिल रहे हैं। पिछले कई वर्षों में चौकी से लेकर औंधी तक तकरीबन सत्रह हजार लोग के धर्मांतरण का दावा स्थानीय तथा धर्मांतरण के खिलाफ काम करने वाले लोग कर रहे हैं। हालांकि धर्मांतरण से संबंधित थानों में कोई मुकादमा दर्ज होनें की खबर नहीं है। स्थानीयों की माने तो यह सिलसिला लगातार जारी है। धर्मांतरण करने वालों में केवल आदिवासी समाज के लोग नहीं हैं बल्कि अब तकरीबन सभी समाज के लोग भी अब इस गिरफ्त में आने लगे हैं। चूँकि ग्रामीण क्षेत्र का सामाजिक मामला होता है इसलिए ऐसे मसले पुलिस तक ना पहुंचकर आपस में ही सुलझा लिए जाते हैं जिसकी वजह से प्रशासन के पास सरकारी आंकड़े भी पुख्ता तौर पर मौजूद नहीं हैं ।

## कुछ लोग दोनों धर्मों का एक साथ कर रहे पालन

चौकी व कौडिकसा क्षेत्र के बहुत से ऐसे परिवार हैं जिन्होंने खुले रूप से अपना धर्म नहीं बदला है लेकिन प्रति रविवार प्रार्थना सभा जा कर प्रेयर का हिस्सा बनते हैं । ये लोग मौजूदा समय में तो हिन्दू धर्म को भी मान रहे हैं लेकिन धीरे-धीरे अब इन्होंने दूसरे धर्म पर ध्यान देने को प्रमुखता दी है। कुछ परिवार पूरी तरह से अपना धर्म बदल चुके हैं जबकि कुछ परिवार धीरे-धीरे माहौल में ढलकर अपना धर्म कुछ महीनों बाद बदलने के फिराक में हैं ।

### 30 वर्ष पहले एक चर्च की रखी गई थी बुनियाद, 03 वर्षों में 7 नए चर्च खुले

धर्मांतरण के खिलाफ लगातार वनांचल में काम करने वाले भाजपा के मंडल अध्यक्ष राजू टांडिया ने पायनियर की टीम से चर्चा के दौरान बताया कि आज से तकरीबन 30 वर्ष पहले औंधी क्षेत्र में एक चर्च बनाया गया था और उसी के सतह ही एक स्वास्थ्य केंद्र व एक पाठशाला का निर्माण कराया गया था। आसपास के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं का व पैसे का लाभ दे कर आसपास के ग्रामीणों को बहकाते-बहकाते धर्मांतरण का खेल शुरू किया गया। वर्तमान में पिछले तीन सालों में औंधी से मानपुर तक लगभग 7 नए चर्च खोल दिये गए हैं और घर-घर में धर्मांतरण का काम हो रहा है। ज्ञात हो कि औंधी के आसपास के शारदा, पेंदोडी, साल्हेभट्टी व घोटियाकन्हार सहित कई ऐसे गांव हैं जहां 90 प्रतिशत लोग अपना धर्म बदल चुके हैं। पायनियर की टीम ने जब मौके पर जाकर मुआयना किया और ग्रामीणों से रूबरू हुए तब पता चला कि प्रति रविवार को होने वाले मास प्रार्थना सभा मे हजारों की भीड़ जुटती है जहां धर्मांतरण के अन्य तरीकों पर भी ब्रेनवाश किया जाता है व एजेंट बनाये जाते हैं ।

### एक वर्ष पहले मौत का भय दिखाने की थी परम्परा, विरोध के बाद मिशनरी ने मांगी थी माफी

पिछले एक वर्ष पूर्व मिशनरियों द्वारा ग्रामीणों को मौत का भय दिखाकर भी धर्मांतरण कराया जाता था लेकिन मानपुर में ही एक वर्ष पूर्व हुए एक विवाद की वजह से अब ये काम बंद कर दिया गया है। गौरतलब है कि मानपुर बस स्टैंड में ही पान दुकान का व्यवसाय करने वाले दीपक यादव के माता व पिता एक माह के भीतर ही बारी-बारी कर के काल के गाल में समा गए। इसकी सूचना मिलते ही चार मिशनरी की महिलाएं दीपक के घर पहुंचीं और कहने लगीं कि उन्हें स्वप्न आया है कि आपके घर से लगातार लाशें निकल रही हैं। यदि आप अपना धर्म बदल लेंगे तो आप सबको बचाया जा सकता है। इस घटना की चर्चा दीपक ने अपने मित्रों व पड़ोसियों से की। मामला बढ़ने पर भाजपा नेता राजू टांडिया व अन्य लोगों ने आसपास के चर्च के फादर्स को बुलाया व विरोध दर्ज किया तब उनके द्वारा कहा गया कि आज के बाद मौत का भय दिखाकर किसी को भी धर्म बदलने के लिए नहीं कहा जाएगा। उसके बाद से अब मौत का भय दिखाकर धर्मांतरण बंद है लेकिन अन्य तरीकों से अब भी यह कार्य जारी है।

## क्विक न्यूज़

### एनआईए के वकील ने हाईकोर्ट से कहा- 'हम राजनीतिक षड्यंत्र की जांच के लिए भी तैयार हैं'

**बिलासपुर।** बहुचर्चित झीरम घाटी हत्याकांड मामले में हाईकोर्ट में एनआईए की तरफ से बहस पूरी हो गई है। बहस के दौरान दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए एनआईए के वकील विक्रमजीत बैनर्जी जुड़े। उन्होंने हाईकोर्ट के सामने कहा कि हम राजनीतिक षड्यंत्र के तहत भी केस की जांच करने को तैयार हैं। ऐसे में राज्य सरकार को मामला हैंडओवर करने की कोई जरूरत दिखाई नहीं पड़ती है। अब मामले में गुरुवार को राज्य सरकार और जितेंद्र मुदलियार के वकील अपना पक्ष अदालत के सामने रखेंगे। झीरम कांड में दिवंगत कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक उदय मुदलियार के बेटे जितेंद्र मुदलियार ने जून 2020 में दरभा थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें एनआईए पर ठीक से जांच नहीं करने का आरोप लगाया था। उनकी रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 302 और 120 के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया था।

### भारत और इटली के बीच आपदा प्रबंधन पर समझौता

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और इटली के बीच आपदा प्रबंधन और जोखिम कम करने से संबंधित एक समझौता ज्ञापन पर आज मुहर लगा दी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और इटली के डिपार्टमेंट ऑफ सिविल प्रोटेक्शन ऑफ दी प्रेसीडेंसी ऑफ दी काउंसिल ऑफ मिनिस्टर्स के बीच इस समझौते पर गत जून में हस्ताक्षर किये गये थे। इस समझौता-ज्ञापन के तहत ऐसी प्रणाली बनाई जायेगी।

### गुरमीत सिंह ने ली उत्तराखंड के राज्यपाल पद की शपथ

**देहरादून।** उत्तराखण्ड के नव नियुक्त राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) गुरमीत सिंह ने बुधवार को राज्यपाल पद की शपथ ग्रहण की। राजभवन में आयोजित एक समारोह में राज्य के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस राघवेंद्र सिंह चौहान ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के पश्चात राज्यपाल ने भारतीय सेना की 4 मराठा बटालियन रेजीमेंट द्वारा दिए गए सम्मान गार्ड का निरीक्षण किया। इससे पूर्व मुख्य सचिव एस.एस.संधु ने भारत के राष्ट्रपति द्वारा जारी अधिपत्र पढ़कर सुनाया जिसके अनुसार लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह को उत्तराखण्ड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।


## धर्मांतरण के नाम पर भड़काकर विषयांतरण का भाजपा का प्रयास भी जनता ने नकारा : शैलेष

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि भाजपा को धर्मांतरण के नाम पर भावनायें भड़काकर विषयांतरण का भाजपा का प्रयास भी जनता ने नकारा। छत्तीसगढ़ के किसानों ने भाजपा को समर्थन देना पहले ही छोड़ दिया है। भाजपा को धरना तब करना था जब मोदी सरकार ने कहा था किसानों को 2500 रू. मत दो। तब तो किसानों के लिये भाजपा ने एक चिट्ठी भी नहीं लिखी। भाजपा के द्वारा खाद और सूखा के नाम धरने से भाजपा की किसानों को लेकर की जा रही राजनीति और किसान विरोधी चरित्र दोनों बेनकाब हो गये है। छत्तीसगढ़ के किसान इस बात को समझ गये है कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने ही खाद कम भेजकर छत्तीसगढ़ मे खाद का अभाव निर्मित किया है। इसी मुद्दे पर भाजपा के आंदोलन से भाजपा की ही केन्द्र सरकार का ही छत्तीसगढ़ विरोधी, धान विरोधी, किसान विरोधी चरित्र बेनकाब हो चुका है। पर्याप्त बारिश से भाजपा के सुखे के मुद्दे की हवा निकल गयी। भाजपा द्वारा स्तरीहीन किसानों के नाम पर 13 सितंबर को ब्लाकों और मंडलों में और 14 सितंबर को जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन को विफल करार देते हुये प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि किसानों के नाम पर भाजपा का प्रदर्शन फ्लाप शो रहा। अनेक जगह धरना स्थलों में भाजपा के नेताओं में आपसी मारपीट और झूमाझटकी होती रही। प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि भाजपा सरकार में धमतरी में किसानों पर किया गया बर्बर लाठीचार्ज अभी तक छत्तीसगढ़ के लोग नहीं भूले है। भाजपा सरकार में ही अभनपुर के किसान की अश्रुगैस का गोला फटने से मौत की घटना सबका अभी तक याद है। अभनपुर में पुलिस की अश्रु गैस लाठी से किसान केजूराम बारले की मौत हो गयी। आरंग के रीवा गांव का किसान गोकुल साहू सहित सैकड़ों किसान खेतों को पानी नहीं मिलने के कारण और कर्ज के बोझ तले आत्महत्या कर चुके है। हजारों किसानों ने भाजपा के 15 साल के शासनकाल में आत्महत्या की है। भाजपा अपने किसान विरोधी रवैये का फल भुगत रही है और किसानों ने भाजपा पर भरोसा करना बंद कर दिया है। भाजपा ने धान खरीदी पर घोटाले किये है। किसानों को लूटा है। घोटाला और लूट पर रोक लगी है। इसलिये भाजपा द्वारा किसानों का मुखौटा लगाकर आंदोलन करने की कोशिश को जनता ने नकार दिया। प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि दरअसल भाजपा की किसानों को लेकर की जा रही राजनीति और किसान विरोधी चरित्र बेनकाब हो चुकी है।

## आरएसएस की विचारधारा से कभी समझौता नहीं कर सकता : राहुल

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-(आरएसएस) की सोच नफरत फैलाने और समाज को बांटने वाली है इसलिए वह आरएसएस-भाजपा की विचारधारा से कभी समझौता नहीं कर सकते हैं। गांधी ने महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस पर बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में देश के विभिन्न हिस्सों से आई महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा ÷आज देश में आरएसएस-भाजपा की सरकार है। इनकी विचारधारा और हमारी विचारधारा में बड़ा फर्क है। देश पर शासन कभी एक विचारधारा तो कभी दूसरी विचारधारा करेगी। लेकिन इनकी विचारधारा नफरत फैलाती है इसलिए वह किसी भी अन्य विचारधारा से समझौता कर सकते हैं लेकिन आरएसएस और भाजपा की विचारधारा से कभी समझौता नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि गांधीजी और सावरकर की विचारधारा में जो फर्क है उसको जानना सबके लिए जरूरी है। सवाल यह है कि भाजपा के लिए कहा जाता है कि वह हिंदू पार्टी है और आरएसएस के लोग हिंदुत्व को बढावा देते हैं। लेकिन पिछले सौ दो सौ साल के दौरान अगर किसी ने ठीक तरह से हिंदू धर्म को समझा और उसको आत्मसात किया तो वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी थे। आरएसएस तथा भाजपा के लोग भी यह मानते है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि भारत ही नहीं सारा संसार गांधी जी का सम्मान करता है। नेल्सन मंडेला सहित पूरी दुनिया के महान लोग महात्मा गांधी को मानते थे और अगर ऐसा है तो सवाल यह है कि आरएसएस की विचारधारा ने इस महान व्यक्ति की छाती पर गोली क्यों मारी। प्रश्न यह है कि यदि पूरी दुनिया गांधीजी का सम्मान करती है तो फिर आरएसएस, सावरकर तथा गोडसे की विचारधारा ने इस विभूति को गोली मारकर छलनी क्यों किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला किया और कहा कि वह महिला विरोधी है और उन्होंने महिला शक्ति को दबाया और डराया है। उन्होंने महिलाओं को खुशहाली तथा शक्ति का प्रतीक बताया और कहा कि मोदी ने लोगों के घरों से खुशहाली और शक्ति को लूटा है।

## युवाओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास, नियुक्तियों के द्वार खुले : बघेल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रदेश के युवाओं को उच्च शिक्षा के बेहतर से बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा की बेहतरीन अधोसरंचनाएं तैयार की जा रही हैं। जहां जरूरत है वहां पर नये महाविद्यालय आरंभ किये गए हैं और यहां सुविधाओं में भी काफी इजाफा हुआ है। युवाओं के लिए रोजगार के द्वार भी सरकार ने खोले हैं। अभी विद्युत कंपनी, असिस्टेंट प्रोफेसर, पटवारी, पुलिस आदि की नियुक्ति की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में गोधन न्याय योजना, सुराजी ग्राम योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना से अतिरिक्त आय का द्वार खुला है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने यह बात दुर्ग जिले के अहिवारा क्षेत्र के बानबरद गांव में शासकीय नागरिक कल्याण महाविद्यालय के लोकार्पण के अवसर पर कही। वर्ष 1985 से प्रारंभ हुए इस महाविद्यालय के लिए नया भवन 4 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एक करोड़ 30 लाख रूपए की लागत से निर्मित सर्किट हाउस का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश में 10 लाख क्विंटल वर्मी कंपोस्ट का उत्पादन हुआ है। किसानों को वर्मी कम्पोस्ट का वितरण सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा रहा है। बड़ी संख्या में किसान वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करने लगे हैं। प्रदेश में जैविक खेती का रास्ता खुला है और धीरे-धीरे प्रदेश की पहचान इस ओर बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के साथ सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य कर रही है। कर्जमाफी के निर्णय से किसानों को बड़ी राहत मिली है।

## दूरसंचार कंपनियों को मिली बड़ी राहत

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारी वित्तीय दबाव के तले दबी दूरसंचार कंपनियों को बड़ी राहत देते हुए सरकार ने उन पर शुल्क , ब्याज और दंड ब्याज के प्रावधानों में भारी राहत देने तथा कारोबार सुगमता के लिए कई दूरगामी निर्णयों की आज घोषणा की। दूरसंचार कंपनियों के सकल समायोजित राजस्व (एजीआर) को पुन÷ परिभाषित करते हुए इसमें दूरसंचार से इतर के राजस्व को हटाने का फैसला किया गया है। इसके साथ ही कंपनियों को लाइसेंस फीस और अन्य शुल्कों के बकायों के भुगतान के लिए चार साल की मोहलत के साथ दस वर्ष का समय दिया गया है। कंपनियों पर दंड ब्याज माफ करने के साथ साथ ब्याज के बोझ को हल्का करने का भी फैसला किया गया है। सरकारी राजस्व के बचाव के लिए राहत की अवधि में कंपनियों को बकाये पर स्टेट बैंक की एमसीएलआर (धन की सीमांत लागत आधारित ब्याज दर) से दो प्रतिशत ऊंची दर से ब्याज देना होगा। पहले यह दर एमसीएलआर से चार प्रतिशत ऊंची थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इन निर्णयों की जानकारी देते हुए संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा , कंपनियों को यह राहत एजीआर संबंधी बकायों पर उच्चतम न्यायालय के निर्णय , कानूनी व्यवस्था और सरकार के राजस्व को संरक्षित रखते हुए किया गया है। इससे कंपनियों के लिए धन का प्रवाह बढेगा और वे 4 जी तथा 5 जी प्रौद्योगिकियों पर निवेश बढा सकेंगी और इससे उपभोक्ताओं को भी फायदा होगा। ÷ उन्होंने स्पष्ट किया कि छूट संबंधी फैसले अगली तिथि (एक अक्टूबर) से लागू होंगे। कंपनियों को अब स्पेक्ट्रम बीस के बजाय तीस वर्ष के लिए आवंटित किया जायेगा लेकिन यदि वे चाहें तो इसे दस वर्ष बाद लौटा सकती हैं। सरकार ने साथ ही हर वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए नियमित व्यवस्था करने का भी फैसला किया है।

**मुख्यमंत्री से भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव नागेन्द्र नाथ सिन्हा ने की मुलाकात**

## छत्तीसगढ़ की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए 4 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों की दी जाए मंजूरी : सीएम भूपेश

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव नागेन्द्र नाथ सिन्हा से मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए लगभग चार हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों की मंजूरी देने और ग्रामीण विकास योजनाओं के लिए छत्तीसगढ़ को अधिक से अधिक संसाधन उपलब्ध कराने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री के साथ सिन्हा ने छत्तीसगढ़ में ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया।

मुख्यमंत्री ने भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव सिन्हा को छत्तीसगढ़ की भौगोलिक परिस्थितियों की जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ तमिलनाडु और बिहार से बड़ा राज्य है। छत्तीसगढ़ में बसाहटें दूर-दूर स्थित हैं। इसलिए बसाहटों को सड़कों से जोड़ने के लिए लगभग 4 हजार किलोमीटर सड़कों की मंजूरी दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत छत्तीसगढ़ को ज्यादा राशि उपलब्ध कराने का आग्रह भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार से भी जीएसटी सहित अन्य मदों में छत्तीसगढ़ को लगभग साढ़े चार हजार करोड़ रूपए की राशि मिलना शेष है। कोरोना संकट के कारण राजस्व में कमी आई है। उन्होंने इन परिस्थितियों में ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं के लिए छत्तीसगढ़ को और अधिक संसाधन उपलब्ध कराने का आग्रह किया। सिन्हा ने मुख्यमंत्री के साथ प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, छत्तीसगढ़ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्ले, भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव आशीष गोयल, छत्तीसगढ़ के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रसन्ना आर., प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आलोक कटियार भी उपस्थित थे।

## भारत के लिये लोकतंत्र एक व्यवस्था नहीं बल्कि एक विचार है : पीएम मोदी

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत के लिए लोकतंत्र एक व्यवस्था नहीं बल्कि एक विचार है। श्री मोदी ने बुधवार को यहां संसद के आधिकारिक टीवी चैनल का उद्घाटन करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस है और ऐसे में 'संसद टीवी' का शुभारंभ अधिक प्रासंगिक हो जाता है। उन्होंने कहा कि जब लोकतंत्र की बात आती है, तो भारत की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। भारत लोकतंत्र की जननी है। हमारे लिए लोकतंत्र सिर्फ एक संवैधानिक ढांचा नहीं है, बल्कि एक आत्मा है, यह 'जीवन धारा' है। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमारी संसदीय व्यवस्था में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ रहा है। आज देश को संसद टीवी के रूप में संचार और संवाद का एक ऐसा माध्यम मिल रहा है जो देश के लोकतंत्र और जनप्रतिनिधियों की नयी आवाज के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि मेरा अनुभव है कि 'कन्टेंट इज कनेक्ट' यानी जब आपके पास बेहतर कन्टेंट होगा तो लोग खुद ही आपके साथ जुड़ते जाते हैं। ये बात जितनी मीडिया पर लागू होती है, उतनी ही हमारी संसदीय व्यवस्था पर भी लागू होती है, क्योंकि संसद में सिर्फ राजनीति नहीं है, नीति भी है। श्री मोदी ने कहा कि 21वीं सदी तो विशेष रूप से संचार और संवाद के जरिए क्रांति ला रही है। ऐसे में यह स्वाभाविक हो जाता है कि हमारी संसद से जुड़े चैनल भी इन आधुनिक व्यवस्थाओं के हिसाब से खुद को ढालें। उन्होंने कहा कि हमारी संसद में जब सत्र होता है, अलग अलग विषयों पर बहस होती है तो युवाओं के लिए कितना कुछ जानने सीखने के लिए होता है। हमारे संसद सदस्यों को भी जब पता होता है कि देश हमें देख रहा है तो उन्हें भी संसद के भीतर बेहतर आचरण की, बेहतर बहस की प्रेरणा मिलती है।

# खाली पड़ी खदान पर मानव निर्मित जंगल बनाने का कार्य प्रशंसनीय : मुख्यमंत्री

## नंदिनी की खाली पड़ी माइंस में बने विशाल मानव निर्मित जंगल का किया अवलोकन

**मुख्यमंत्री भूपेश के निर्देश पर बनाया गया था प्रस्ताव, डीएमएफ-एडीबी की राशि से हुआ कार्य**

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



देश में पर्यावरण की मानव निर्मित विशाल धरोहर दुर्ग जिले के नंदिनी की खाली पड़ी माइंस में बनी है। यहां विशाल मानव निर्मित जंगल विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नंदिनी में इस प्रोजेक्ट का अवलोकन किया। नंदिनी की खाली पड़ी खदानों की जमीन में यह प्रोजेक्ट विकसित किया गया है। लगभग 3.30 करोड़ रुपए की लागत से यह प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। जन वन कार्यकम में मुख्यमंत्री बघेल ने यहाँ बरगद का पौधा लगाया और जंगल का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि इसके लिए डीएमएफ तथा अन्य मदों से राशि ली गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर पर्यावरण संरक्षण के लिए यह प्रोजेक्ट तैयार किया गया। यह प्रोजेक्ट देश दुनिया के सामने उदाहरण है कि किस तरह से निष्प्रयोज्य माइंस एरिया को नेचुरल हैबिटैट के बड़े उदाहरण के रूप में बदला जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने यह प्रशंसनीय कदम है। यहां 100 एकड़ में औषधीय पौधे तथा फलोद्यान भी विकसित करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिये ये बड़ी पहल है। इससे प्रदूषण को नियंत्रित करने में भी मदद मिलेगी।

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि हमने प्रकृति को सहेजने बड़े निर्णय लिए। चाहे लेमरू प्रोजेक्ट हो या नदियों के किनारे प्लांटेशन, प्रकृति को हमने हमेशा तवज्जो दी। यहां मानव निर्मित जंगल का बड़ा काम हुआ है। मैं इसके लिए क्षेत्र की जनता को बधाई देता हूँ। इस अवसर पर पीएचई मंत्री गुरु रुद्र कुमार, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने भी पौधरोपण किया। उल्लेखनीय है कि 17 किलोमीटर क्षेत्र में फैले नंदिनी के जंगल में पहले ही सागौन और आंवले के बहुत सारे वृक्ष मौजूद हैं। अब खाली पड़ी जगह में 83,000 पौधे लगाये गये हैं। इसके लिए डीएमएफ-एडीबी से राशि स्वीकृत की गई। इस अवसर पर पीसीसीएफ राकेश चतुर्वेदी ने विस्तार से प्रोजेक्ट की जानकारी दी और इस कार्य मे लगे अधिकारियों को बधाई दी। सीएफ शालिनी रैना ने भी प्रोजेक्ट की टीम को बधाई दी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे तथा डीएफओ धम्मशील गणवीर ने विस्तार से प्रोजेक्ट की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। उन्होंने बताया कि 83000 पौधे लगाये जा चुके हैं। 3 साल में यह क्षेत्र पूरी तरह जंगल के रूप में विकसित हो जाएगा। यहां पर विविध प्रजाति के पौधे लगने की वजह से यहां का प्राकृतिक परिवेश बेहद समृद्ध होगा। श्री गणवीर ने बताया कि यहां पर पीपल, बरगद जैसे पेड़ लगाए गये हैं जिनकी उम्र काफी अधिक होती है साथ ही हर्रा, बेहड़ा, महुआ जैसे औषधि पेड़ भी लगाए गये हैं। इस मौके पर पीसीसीएफ वन्य संरक्षण नरसिंह राव, लघु वनोपज के एमडी संजय शुक्ला, आईजी विवेकानंद सिन्हा, एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही बीएसपी सीईओ अनिर्बान दासगुप्ता भी उपस्थित रहे।

**पक्षियों के लिए आदर्श रहवास-** पूरे प्रोजेक्ट को इस तरह से विकसित किया गया है कि यह पक्षियों के लिए भी आदर्श रहवास बनेगा तथा पक्षियों के पार्क के रूप में विकसित होगा। यहां पर एक बहुत बड़ा वेटलैंड है जहां पर पहले ही विसलिंग डक्स, ओपन बिल स्टार्क आदि लक्षित किए गए हैं यहां झील तथा नजदीकी परिवेश को पक्षियों के ब्रीडिंग ग्राउंड के रूप में विकसित होगा।

**इको टूरिज्म का होगा विकास-** इसके साथ ही इस मानव निर्मित जंगल में घूमने के लिए भी विशेष व्यवस्था होगी। इसके लिए भी आवश्यक कार्य योजना बनाई गई है ताकि यह छत्तीसगढ़ ही नहीं अपितु देश के सबसे बेहतरीन पर्यटन स्थलों में शामिल हो सके।

## जलभराव पर भाजपा पार्षदों ने किया निगम का घेराव

**रायपुर।** बारिश की वजह से राजधानी रायपुर में जलभराव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने नगर निगम पालिका का घेराव कर रहे हैं। पार्षदों ने कहा कि विकास कार्य ठप है। फाइलों में काम हो रहा है। नतीजा जनता परेशान है। पार्षद मृत्युंजय दुबे ने सवाल उठाते हुए कहा कि जलभराव से लोग त्राहि-त्राहि हैं। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लाखों लोग प्रभावित हो रहे हैं। इसके लिए महापौर जिम्मेदार है क्योंकि उन्होंने कुछ काम किया ही नहीं हैं। सिर्फ़ और सिर्फ़ चिन्हाकित करने का आदेश देते रहे हैं, काम हुआ ही नहीं है कि यह सभी के सामने हैं. काम होता तो जल भराव नहीं होता है। उन्होंने कहा कि पूरा विकास कार्य ठप है। फ़ाइलों में काम किया जा रहा है। जनता त्रस्त है. नाला-नाली, सड़कों पर पानी भरा है. इसकी पूरी जिम्मेदारी महापौर की है। इसीलिए भाजपा के सभी पार्षद और जिला के पदाधिकारी निगम का घेराव करने पहुँचे हैं. व्यवस्था को तत्काल सुधारने के लिए ज्ञापन सौंपा जाएगा। रायपुर में अचानक हुई बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव की स्थितियां निर्मित हो रही है, इसका एक कारण नालों की स्थितियों में सुधार ना होना भी है. स्थिति को देखते हुए अब निगम की टीम रात में भी काम करेगी। शहर के भीतर काफी ऐसे क्षेत्र हैं जहां नालों की व्यवस्था सुधारने के लिए टेंडर भी पास किए जा चुके हैं उसके बाद भी काम में लेटलतीफी हो रही है, जिससे महापौर एजाज ढेबर नाराज बताए जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने अभियंता दिवस पर विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी



**किसी भी राष्ट्र और राज्य के निर्माण में इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका : भूपेश बघेल**

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अभियंता दिवस के अवसर पर अपने निवास कार्यालय में भारत के महान इंजीनियर भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर, लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रूद्रकुमार, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव नागेन्द्र नाथ सिन्हा, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, छत्तीसगढ़ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी पिल्ले भी इस अवसर पर उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सभी इंजीनियरों को अभियंता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र और राज्य के निर्माण में इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इंजीनियर अपने तकनीकी ज्ञान और कुशलता से विकास और समृद्धि की मजबूत अधोसंरचना तैयार करते हैं।

ऐसे ही असाधारण प्रतिभा के धनी भारत के महान इंजीनियर भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की स्मृति में हम उनके जन्मदिन 15 सितम्बर को अभियंता दिवस के रूप में मनाते हैं। बघेल ने अभियंताओं से आव्हान किया है कि सर विश्वेश्वरैया से प्रेरणा लेकर वे देश-प्रदेश के नव-निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

# पंचायत मंत्री सिंहदेव ने स्वच्छता जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने अपने निवास कार्यालय से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत् स्वच्छता एवं शौचालय के उपयोग के लिए लोगों को जागरूक करने 31 स्वच्छता जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। 28 रथ प्रदेश के सभी 28 जिलों के सभी गांवों मे तथा राज्य स्तर पर 3 रथ सभी विकासखण्ड के एक-एक गांव में जाकर स्वच्छता के संबंध में लोगों को जागरूक करेंगे एवं उनका फीडबैक लेंगे। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत् 'सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह' जागरूकता संदेश का यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा। स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने इस मौके पर कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से ग्रामीणों को प्लास्टिक रिसाईक्लिग कर उसका पुनः उपयोग कैसे कर सकते हैं इसकी जानकारी दी जायेगी। प्लास्टिक के कारण पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में भी लोगों को बताया जायेगा। ग्रामीणों को शौचालयों के स्वच्छता एवं उपयोग के प्रति भी जागरूक किया जोयगा। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के मिशन संचालक सत्यनारायण राठौर, जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी, केंद्रीय जलशक्ति सलाहकार डॉ. विनय तिवारी और प्रवीण यादव सहित राज्य स्तर के स्वच्छता सलाहकार उपस्थित थे।

# मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने की पीएल पुनिया से सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने नई दिल्ली में पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग एवं प्रदेश प्रभारी पी. एल. पुनिया से उनके निवास में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मंत्री डॉ. डहरिया और पुनिया के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा हुई।

# सड़क पर उतरे पुलिस अधीक्षक, रात्रि गश्त और पेट्रोलिंग का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



रात्रि गश्त को लेकर सवाल उठने के बाद नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने कदम उठाते हुए बीती रात सड़क पर उतरकर व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने शहर के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों व बाजारों के भ्रमण के साथ रात्रि गश्त पॉइंट का आकस्मिक निरीक्षण कर पदस्थ अधिकारियों की ड्यूटी का जायजा भी लिया गया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने शहर के बैंकों में लगने वाली सुरक्षा गार्ड व्यवस्था का भी जायजा लिया गया. पुलिस अधीक्षक ने सदर बाजार, मालवीय रोड, पंडरी कपड़ा मार्केट, रायपुर बस स्टैंड, शारदा चौक व जयस्तंभ चौक फाफाडीह के क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए वहां लगे गश्त प्वाइंट का निरीक्षण भी किया गया. इसके अलावा रायपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र का भी निरीक्षण करते हुए मौके पर लगे थानों के पेट्रोलिंग ड्यूटी के अधिकारी एवं कर्मचारियों से भी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में लगने वाली सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने जवानों से भी की चर्चा। पुलिस अधीक्षक ने इसके बाद रायपुर कंट्रोल रूम पहुंचकर कंट्रोल रूम कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए. रात्रि गश्त निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायपुर पश्चिम आकाश राव गिरेपुन्जे पर मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने अपने आकस्मिक रात्रि गश्त एवं पेट्रोलिंग चेकिंग अभियान के तहत सभी गश्त अधिकारियों को लगातार सतर्क रहते हुए जागरूक रहते हुए आपस में परस्पर संचार एवं समन्वय बनाते हुए पूरी सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

## पुलिस ने सवा किलो अफीम और 25 किलो डोडा के साथ 2 तस्कर को किया गिरफ्तार



**रायपुर।** राजधानी रायपुर पुलिस ने तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ 2 अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। उनके पास से सवा किलो काला अफीम और 25 किलो डोडा बरामद हुआ है. आमानाका थाना क्षेत्र का मामला है। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने नागपुर निवासी मनदीप सिंह रंधावा (42) और रंजीत सिंह ढील्लन (32) को गिरफ्तार किया है। ये दोनों पश्चिम बंगाल से अपने ट्रक के जरिए रायपुर के रास्ते अफीम और डोडा महाराष्ट्र ले रहे थे। उससे पहले ही रायपुर पुलिस ने इन्हें धरदबोचा।

# रायपुर रेल मंडल में राजभाषा सप्ताह प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल में 20सितंबर तक राजभाषा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है । सर्वप्रथम मंडल रेल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता द्वारा 14सितं. को मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर राजभाषा सप्ताह का उद्घाटन किया गया । लोकेश विश्नोई, अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक ने अपने स्वागत भाषण में सभी को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत एक बहुभाषी देश है । यहां अलग-अलग धर्म, संस्कृति, जाति, पंथ, समुदाय के लोग रहते हैं और सभी प्रकार के लोगों के आवागमन का प्रमुख साधन रेल है । यही कारण है कि रेल कार्यालयों में अधिकाधिक कार्य हिंदी में करने तथा सरल एवं सहज हिंदी का प्रयोग करने के संबंध में आवश्यक प्रावधान किए गए हैं ।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता ने रेल मंत्री के हिंदी दिवस संदेश का वाचन किया तथा उपस्थित अधिकारियों को गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त राजभाषा प्रतिज्ञा दिलाई । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय रेल में हिंदी में बहुत अच्छा काम हो रहा है । देश के ज्यादातर भागों में हिंदी बोली एवं समझी जाती है तथा भारतीय रेल एक ऐसा संस्थान है जो जनता से सीधे तौर पर जुड़ा है । अतः यदि हम जनता से जुड़े कार्यों को हिंदी में करेंगे तो इससे हिंदी का प्रचार-प्रसार निश्चित रूप से बढ़ जाएगा । इसके पश्चात मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर की 54वीं बैठक आयोजित की गई जिसमें अप्रैल-जून 2021 तिमाही के दौरान मंडल की राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गई । 15.सिंत. को अधिकारियों के लिए हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' समूह ने प्रथम एवं जयशंकर प्रसाद समूह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । प्रतिभागियों ने इस ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक प्रतियोगिता में पूरे उत्साह से भाग लेकर इसका आनंद लिया । कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अधिकारी निकेश कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। हिंदी निबंध एवं टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

# विजय मिश्रा निर्देशित हमर धरोहर छत्तीसगढ़ी लघु फिल्म पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना वायरस संकमण काल में जनजागरुकता बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ लोकरंगकर्मी विजय मिश्रा अमित द्वारा निर्मित लघु फि ल्म हमर धरोहर को सर्वश्रेष्ठ फिल्म होने की घोषणा की गई है। रायगढ़ा की सामाजिक सांस्कृतिक संस्था हमराही द्वारा कोरोना सं मण रोकने छत्तीसगढ़ी लोकाचार पर केंद्रित लघु फिल्म स्पर्धा का आयोजन किया गया था।

हमर धरोहर फिल्म के लेखक निर्देशक विजय मिश्रा ने बताया कि हमर धरोहर फि ल्म में बड़ी खुबसूरती के साथ छत्तीसगढ़ी साग भाझी को सूखाकर बनाए गए खोईला, सुक्सा, संग बरी, बिजौरी, की उपादेयता को बताया गया है। फिल्म में संदेश है कि संकटकाल में घर में सुखाकर सहेजे गए खाद्य सामग्रियों के कारण कोरोना काल में घर के बाहर जाने की आवश्यकता नहीं हुई। घर में बुजुर्गो का सानिध्य मिलने से परम्पराओं, संस्कारों को जानने का अवसर मिला। आगे उन्होंने बताया छत्तीसगढ़ खाई खजानी कलेवा, लोक गीत संगीत का भी गढ़ है। कोरोना काल में घर में कैद रहने के दौरान फि ल्म हमर धरोहर को निर्मित कर सोशल मीडिया के माध्यम से जनचेतना बढ़ाने देशभर में ब्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। सीमित संसाधनों, कलाकारों से बने फिल्म में विजय मिश्रा, रत्ना मिश्रा, तेजन साहू, विरासत मिश्रा ने अभिनय किया।

# राजधानी की डॉक्टर मोनिका पहुंची कौन बनेगा करोड़पति के हॉट सीट में

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कौन बनेगा करोड़पति की हॉट सीट में छत्तीसढ़ की राजधानी रायपुर की रहने वाली डॉ मोनिका गुरुपंचायन पहुंच गई है। वे जिले में धमतरी जिले के पशु चिकित्सक स्व डॉ. बीएस गुरुपंचायन की बेटी है। जानकारी के मुताबिक इसका प्रसारण 16 सितंबर को होना है। लाइव प्रसारण के दौरान डॉ. मोनिका की दिनचर्या शूटिंग करने केबीसी की टीम रायपुर आई थी। डॉ. मोनिका गुरुपंचायन वर्तमान में रायपुर के शंकर नगर में निवास करती हैं और दंत सर्जन है. वे यूपीएससी (सिविल सेवा परीक्षा) की तैयारी भी कर रही हैं। 27 अगस्त को डॉ. मोनिका अपनी मां शकुंतला गुरुपंचायन के साथ मुंबई गई थी। डॉ. मोनिका गुरुपंचायन 3 दिन यानी 72 घंटे शूटिंग से आने के बाद चौथे दिन उनका नंबर लगा. हर बार फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट में वह चूक जातीं थीं लेकिन चौथे दिन हॉट सीट तक पहुंच गई. गाने का शौक होने के कारण अमिताभ बच्चन के सामने उन्होंने एक गाना गाने का अवसर भी मिला। वे कहती है कि मां शकुंतला गुरूपंचायन कई सालों से केबीसी में जाने के लिए कोशिश कर रही थीं. मां की प्रेरणा से मई 2021 में केबीसी के लिए उन्होंने पंजीयन करवाया. अच्छी बात ये रही कि उनका प्रथम प्रयास में ही चयन हो गया. इसके बाद प्रथम राउंड में कंप्यूटरीकृत जनरल नालेज के तीन सवाल पूछे गए. सही उत्तर देने के बाद दूसरा राउंड में पहुंची।

**20 दिनों तक होंगे अलग-अलग आयोजन**

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा चलाएगी सेवा ही समर्पण अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक सेवा ही समर्पण अभियान का संचालन करेगी. इस दौरान समाज में पिछड़े, गरीब, किसान समेत विभिन्न वर्गों के लिए बनाई गई योजनाएं लोगों के बीच लेकर जाएंगे. इस बात की जानकारी पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने मीडिया से चर्चा में दी।

भाजपा के अभियान को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रवक्ता राजेश मूणत, रायपुर जिला अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी व अन्य के साथ प्रेस काफ्रेंस की. उन्होंने बताया कि 7 अक्टूबर को ही नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। यह कीर्तिमान होगा कि इतनी लम्बी अवधि तक संवैधानिक पदों पर रहे हैं. उनकी लोकप्रियता का ग्राफ़ लगातार बढ़ रहा है. लोकप्रियता के पैमाने में दुनिया का शायद ही कोई नेता होगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा और समर्पण अभियान 20 दिनों तक चलेगा. सभी प्रदेश और ज़िला कार्यालयों में प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी. जिला स्तर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन होगा। गरीब बस्तियों और वृद्ध आश्रमों में जाएंगे। पीएम गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत राशन दुकानों में जाकर पीएम मोदी की लगी फ़ोटो वाला बैग वितरण करेंगे। लोगों बताएँगे कि राज्य में योजना के तहत अनाज का वितरण राज्य सरकार ने ठीक से नहीं किया।


डॉ. सिंह ने बताया कि युवा मोर्चा सभी जिलों में रक्तदान शिविर लगाएगा। इसके साथ स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा. बीजेपी के सभी बूथों से प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड भेजा जाएगा। केंद्रीय योजनाओं को लेकर धन्यवाद भेजा जाएगा। देशभर से पांच करोड़ पत्र भेजा जाएगा, छत्तीसगढ़ से पंद्रह लाख पोस्टकार्ड भेजने का लक्ष्य है। 25 सितम्बर को पंडित दिनदयाल उपाध्याय का भी जन्मदिन मनाया जाएगा। 17 तारीख़ को टीकाकरण का महाअभियान चलाएंगे। बीजेपी के प्रमुख कार्यकर्ता नदी-नाले, स्कूल समेत कई स्थानों पर सफ़ाई अभियान में हिस्सा लेंगे।

**20 पंडों की मौत, कुपोषण की दर में कमी की हकीकत आई सामने**

बलरामपुर में पंडो जनजाति के 20 लोगों की कुपोषण से हुई मौत पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने सवाल उठाया है. उन्होंने कहा कि हमारी टीम वहां जाकर पीड़ति परिवारों से मुलाक़ात करेगी। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पंडो जनजाति के 20 लोगों की मौत हुई है। अधिकारी कह रहे हैं कि कुपोषण से मौत हुई है। सरकार दावा करती है कि राज्य में कुपोषण की दर में कमी आई है, लेकिन हक़ीक़त सामने है। दरअसल, सरकार को इनकी चिंता नहीं है।

# नवप्रवेशित डी.फार्मेसी के विद्यार्थियों के स्वागत में फर्स्ट स्टेप आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ नया रायपुर
www.dailypioneer.com



कलिंगा विश्वविद्यालय के नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले डी. फार्मेसी के विद्यार्थियों के स्वागत के लिए इंडक्शन कार्य म 'फर्स्ट स्टेप - 2021' का ऑनलाइन आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्य म के दौरान नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्ध सुविधाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी प्रदान की गयी। इस आयोजन में नए विद्यार्थियों के स्वागत के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिता, ज्ञान पहेली प्रतियोगिता, नृत्य एवं सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्य मों का आयोजन किया गया। 'फर्स्ट स्टेप - 2021' के ऑनलाइन आयोजन के प्रथम चरण में कलिंगा विवि के कुलपति डा. आर श्रीधर, महानिर्देशक डॉ. बैजू जॉन, कुलसचिव डॉ संदीप गांधी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. आशा अंभईकर, अकादमिक कार्यो के अधिष्ठाता राहुल मिश्रा, फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डा. संदीप तिवारी और मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध कार्पोरेट ट्रेनर संदीप मल्होत्रा की उपस्थिति में ज्ञान और विद्या की देवी मां सरस्वती वंदना करने के पश्चात कार्य म का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए विश्वविद्यालय की वरिष्ठ छात्रा डी. वसावी का एकल नृत्य की रिकार्डिंग प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने नए विद्यार्थियों को स्वागत भाषण के माध्यम से कलिंगा विश्वविद्यालय के अब तक के स्वर्णिम सफर और उपब्धियों को बताते हुए कहा कि विवि ने बहुत कम समय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में संपूर्ण देश में अपनी पहचान दर्ज की है। तथा विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय नये विद्यार्थियों की उम्मीदों पर खरा उतरेगा। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति आर. श्रीधर ने नए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज नवीनतम ज्ञान प्राप्त करने का समय है। समय तेजी से बदल रहा है और हमें अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुसार अपने को तैयार करना है। उन्होंने बताया कि कलिंगा विश्वविद्यालय का उद्देश्य व्यावहारिक ज्ञान के साथ-साथ अनुसंधानपरक एवं मूल्य आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। जिससे विद्यार्थी अपने सर्वोत्कृष्ट लक्ष्य को प्राप्त करे और एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश और समाज में अपनी बहुमूल्य भूमिका निभा सके। कलिंगा विश्वविद्यालय के महानिर्देशक डॉ. बैजू जॉन ने कहा कि पूर्ण समर्पण निष्ठा और सही दिशा का चयन करके हम प्रत्येक क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकते हैं।

# गांवों में घूम रहा जंगली हाथियों का दल

### दहशत के साए में जीवन जी रहे ग्रामीण

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com





रायगढ़ जिले धरमजयगढ़ क्षेत्र में बीते कुछ सालों से जंगली हाथियों की आमदरफ्त बढ़ी है। जहां शाम ढलते ही जंगली हाथियों का दल रिहायसी इलाके की ओर रूख करते हैं। तो कहीं ये जंगली हाथी दिनदहाड़े सड़क किनारे आ जाते हैं जिससे सड़क में आवागमन पूरी तरह ठप्प हो जाता है। लिहाजा इस क्षेत्र में जंगली हाथियों की मौजूदगी से यहां के ग्रामीणों के लिए समस्या बढ़ते जा रही है। इसी क्रम में बीती रात धरमजयगढ़ के पोटिया दर्रापारा में उस वक्त अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब जंगल से निकलकर रिहायशी इलाकों में प्रवेश करते ही गजराज के चिंघाड से पूरा गांव भयभीत हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 8 बजे पोटिया के दर्रा पारा में हांथियों का समूह निकल आया था जंगली हाथियों की चिंघाड़ से देखते ही देखते पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। ग्रामीणों की मानें तो सागर से गेरसा वनमार्ग मार्ग में एक नर हाथी घूम रहा है। जिससे इस क्षेत्र में ग्रामीण दहशत में हैं। संबंधित विभाग और सरकार की तो अब तक इस विकराल समस्या से निजात दिलाने कोई माकूल व्यवस्था सामने नहीं आई है। जंगली हाथियों की लगातार बढ़ती संख्या से पूरे धरमजयगढ़ वन मंडल में एक तरह से अघोषित रूप से उनका कब्जा होते जा रहा है। धरमजयगढ़ वन मंडल में चारो ओर हाथी ही हाथी है रोजाना किसी न किसी क्षेत्र में जंगली हाथियों के द्वारा रिहायशी क्षेत्र में प्रवेश कर फसल व घरों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

**हाथियों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय–** रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में जंगली हाथियों की लगातार बढ़ती संख्या निः संदेह चिंता का विषय बना हुआ है। इस क्षेत्र में ऐसा कोई दिन नही गुजरता जब जंगली हाथियों के द्वारा इस क्षेत्र के ग्रामीणों की बेशकीमती फसल व घरों को नुकसान नही पहुंचाया जाता है। ग्रामीणों को होनें वाली इन परेशानियों से संबंधित विभाग में बैठे जिम्मेदार अधिकारी इस विकराल समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाने में पूरी तरह विफल साबित हुए हैं।

**इंसानों और हाथियों में द्वंद जारी–** यही वजह है कि बीते कुछ सालों से धरमजयगढ़ वन मंडल में जंगली हाथियों व ग्रामीणों के बीच द्वंद जारी है। जहां कभी करंट प्रवाहित तार से जंगली हाथियों को मारा जा रहा है तो कभी जंगली हाथी की चपेट में आकर ग्रामीण असमय काल के गाल में समाते जा रहे हैं। ग्रामीण अंचल के दो दर्जन से अधिक गांव ऐसे भी हैं जहां जंगली हाथी के खौफ से दोपहर के बाद से पूरे गांव में सन्नाटा पसर जाता है। यहां के ग्रामीण दहशत के साए में जीवन जीने को मजबूर हैं।

**वन विभाग हुआ लाचार–** धरमजयगढ़ वन मंडल में वन विभाग जंगली हाथियों के द्वारा लगातार किये जा रहे नुकसान को रोकने में अब तक विफल भी साबित हुआ है। जिससे अब हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण स्वयं ही जनहानि व धनहानि सुरक्षा के मद्देनजर डर के साए में मजबूरन रतजगा करने मजबूर हैं, और एक जुट होकर हिम्मत के साथ हाथी को भगाने में लगे हुए है। वहीं वन विभाग इस समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाने में पूरी तरह लाचार हो चुका है।

> बीती रात काफी संख्या में हाथियों का दल पोटिया ओंगना क्षेत्र में देखा गया है। ग्रामीण जंगल की ओर न जाएं इसके लिए मुनादी कराई गई है। हाथियों पर नजर रखा जा रहा है ताकि कोई हानि न हो।
>
> **रामचंद्र यादव, रेंजर, धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र**

## क्विक न्यूज

### मनीषा सीए की परीक्षा में सफलता हासिल कर सारंगढ़ का नाम रौशन किया



**शिवरीनारायण।** सारंगढ़ निवासी एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी राजेश केशरवानी एवं मंजूला केशरवानी की सुपुत्री तथा स्व हरसन एवं जयंती केशरवानी की पौत्री मनीषा केशरवानी ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर सारंगढ़ एवं अपने परिवार का नाम रौशन किया है मनीषा प्रारंभ से ही मेघावी छात्रा रही है उन्होंने बी. कॉम. की परीक्षा सन 2018 में पुणे युनिवर्सिटी से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की तथा जुलाई 2021 सीए की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर सीए बनी है । मनीषा अपने इस सफलता का श्रेय अपने माता- पिता , परिवार और गुरूजनों को दी है जिसका उन्हे सदैव सहयोग, मार्गदर्शन और आर्शीवाद प्राप्त होता रहा है मनीषा की इस सफलता से उनके माता पिता परिवार एवं केशरवानी समाज में हर्ष है और सभी ने उन्हे बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भष्विय की कामना की है ।

### कलेक्टर को एसबीआई ने सौपा 10 नग ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर



**शिवरीनारायण।** जांजगीर चाम्पा जिले के विभिन्न शासकीय अस्पतालों में मरीजों के उपचार में सुविधा के लिए आज एसबीआई के अधिकारियों ने कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला को ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर सौंपा। कलेक्टर ने उपलब्ध कराए गए ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर के समुचित उपयोग के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया। इस दौरान लीड बैंक अधिकारी सहित बैंक अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और मरीजों के समुचित उपचार के लिए अनेक समाज सेवी संस्थाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के चिकित्सा उपकरण एवं सामाग्रियां उपलब्ध कराई जा रही है।

## ग्राम कटौद के ग्रामीणों ने अतिक्रमण को हटाने तहसील कार्यालय का किया घेराव

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



तहसील शिवरीनारायण अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कटौद के ग्रामीणों ने गांव में हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए मंगलवार की शाम तहसील कार्यालय का घेराव कर दिया।तहसील परिसर के बाहर ग्रामीण प्रदर्शन करते रहे।ग्रामीणों की मांग है कि गांव में हुए अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए।गांव में हुए अतिक्रमण की समस्या के समाधान के लिए तहसीलदार प्रकाश साहू द्वारा ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक बुलाई थी। जिसमें जनप्रतिनिधि, अतिक्रमण कारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए थे। बैठक में ग्रामीणों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि गाँव में हुए अतिक्रमण को हटाकर बच्चों के लिए खेल मैदान एवं मंडी के लिए जगह की व्यवस्था की जानी चाहिए। खेल मैदान के लिए जो जमीन का चयन किया गया हैं उसमें 11 लोगो के द्वारा अतिक्रमण किया गया। वही गौठान में हुए अतिक्रमण में केवल कुछ लोगों का अतिक्रमण हटाया गया था। जबकि बचे हुए अतिक्रमण को आज पर्यन्त तक नही हटाया गया।जिसके कारण विवाद की स्थिति निर्मित हो रही हैं। खेल मैदान के लिए चयनित जगह में अतिक्रमणकारियों ने गन्ने की फसल लगाई हैं। गांव वालों की मांग है कि प्रशासन सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालो को तत्काल जमीन खाली कराए। वही दूसरी ओर अतिक्रमण करने वालो ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि दो महीने में फसल तैयार हो जाएगी और हम जगह खाली कर देंगे।लेकिन ग्रामवासियों को अतिक्रमण करने वालों की बातों पर विश्वास नही हैं।ग्रामीणों का कहना था कि पूर्व में भी फसल होने के बाद जगह खाली करने की बात कही गई थी।लेकिन समय बीतने के बाद कब्जाधारियों ने कब्जा नही हटाया। इसलिए गांव के लोग तहसीलदार से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे थे।तहसीलदार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया कि प्रशासन नियम पूर्वक कार्रवाई करेगा।अवैध कब्जेधारियों के खिलाफ केस दर्ज किया जा चुका है।

## मूसलाधार बारिश में भी नपं अड़भार के स्वच्छता कर्मचारी कर रहे जिम्मेदारियों का निर्वहन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



कहते हैं कि जब जिम्मेदारियां सर पर हो एवं दायित्व हो तो फिर भला मौसम भी क्या कर सकता है, नगर पंचायत अड़भार के स्वच्छता कर्मचारी भी अपनी इसी सक्रियता एवं सजगता की मिसाल पेश कर रहे हैं, तथा नगर पंचायत अड़भार के प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन तथा सफाई दरोगा विकास देवांगन विक्की के निर्देशन में नगर पंचायत क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के बावजूद स्वच्छता विभाग के कर्मचारी ट्रैक्टर वाहन पर शहर के एकत्रित कचरे को उठाने एवं जाम पड़ी नालियों को साफ करने के लिए निकल पड़े तथा स्वच्छता कर्मचारी बारिश के चलते रेनकोट पहनकर भी अपनी जिम्मेदारियों का तत्परता के साथ निर्वहन करते नजर आए तो वहीं इस दौरान स्वच्छता कर्मचारियों ने कहा कि आज बारिश के बावजूद यदि कचरा शहर में पड़ा रहेगा तो कहीं न कहीं उससे बीमारियां फैलेंगी तथा हम सभी स्वच्छता के इस महा अभियान में सभी के सहयोग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं।

# एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ करगीरोड-कोटा
www.dailypioneer.com



कोविड-19 संक्रमण कॉल से पूर्व करगीरोड-स्टेशन में रुकने वाली पैसेंजर-एवं-एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज के लिए नगर-संघर्ष-समिति के मंच तले आज स्टेशन के बाहर एकदिवसीय-सांकेतिक धरना प्रदर्शन शुरू हुआ..आज सुबह से ही रुक-रुककर बारिश होती रही पर बारिश की परवाह किए बगैर नगर-संघर्ष-समिति के द्वारा एकदिवसीय-सांकेतिक धरना प्रदर्शन के आह्वान पर नगरवासियों सहित नगर के राजनीतिक-दलों के जनप्रतिनिधि कोटा-प्रेस-क्लब के पत्रकारों अधिवक्ता-संघ डीजल ऑटो चालक संघ सहित अन्य संगठनों के लोग रुक-रुककर लोग स्टेशन परिसर के बाहर सांकेतिक धरना प्रदर्शन में पहुचते रहे..किसी अनहोनी व सुरक्षा के लिहाज से स्टेशन परिसर के अंदर आज सुबह से ही आरपीएफ के 01-दर्जन से ऊपर जवानो की चहल कदमी जारी रही..रेलवे-इंटेलिजेंस के लोग भी धरना प्रदर्शन के पूरे समय तक मौजूद रहे।

**एक साथ एक सुर में ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग की –** जनहित एवं नगरहित के बुनियादी-मुद्दों पर कोटा नगर के अलग-अलग राजनीतिक-दलों से वास्ता रखने वाले तमाम जनप्रतिनिधि-गण नगर-संघर्ष-समिति के बैनर तले एक साथ एक सुर में करगीरोड रेलवे-स्टेशन में पूर्व में रुकने वाली पैसेंजर एवं एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के लिए आवाज बुलंद की ट्रेनों के स्टॉपेज नही होने पर 19-सितंबर को रेल रोको आंदोलन की गति तेज करने की बात कही जिसकी समस्त जवाबदेही रेल-प्रशासन के होने की बात कही..बारी-बारी से सभी जनप्रतिनिधियों ने मंच से अपनी बात कही..महिला ब्रिगेड ने भी मंच से ट्रेनों के स्टापेज की मांग बुलंद की वर्तमान में कोविड-19 संक्रमण-काल पहले से काफी कमजोर हो चुका है,वैक्सीनेशन का कार्य लगातार जारी है, जिसको देखते हुए सत्ताधारी-कांग्रेस-भारतीय जनता पार्टी व जोगी-कांग्रेस के संगठन के पदाधिकारी एवं नगर पंचायत कोटा के पार्षद-गणों द्वारा सांकेतिक-प्रदर्शन में ट्रेनों के स्टापेज की मांग रेलवे बोर्ड के उच्च प्रशासनिक-अधिकारियों से कही गई आज के सांकेतिक धरना-प्रदर्शन में राजनीतिक-दलों की महिला-ब्रिगेड की टीम भी उपस्थित रही..महिला ब्रिगेड ने भी जनहित के मुद्दे व जायज मांग ट्रेनों के स्टॉपेज की तत्काल मांग की।

**राजनीतिक-दलों के नेताओं एक मंच पर लाने के लिए आभार जताया –** नगर-संघर्ष-समिति के मंच पर एकदिवसीय-सांकेतिक-धरना प्रदर्शन में शामिल अलग-अलग राजनीतिक-दलों के नेतागणों-जनप्रतिनिधियों ने जनहित के मुद्दे पर सभी को एक मंच पर लाने के लिए नगर-संघर्ष-समिति का आभार प्रकट करते हुए ट्रेनों के स्टापेज को लेकर होने वाले आंदोलन में तन मन धन से सहयोग करने की बात कही,19-सितंबर को होने वाले रेल रोको आंदोलन में जनप्रतिनिधियों सहित पूरे कोटा नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के शामिल होने के बात कही।

## जनरेटर में साड़ी फंसने से महिला की मौत

**रायगढ़।** कोतरा रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जोरापाली में गणेश प्रतिमा विसर्जन करने गई महिला का जनरेटर की चपेट में आने से मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतरा रोड थाना क्षेत्र के जोरापाली में मंगलवार की शाम महिलाए ट्रैक्टर में बैठकर गणेश विसर्जन के लिए तारापुर नदी जा रही थी। शाम का समय होने के कारण ट्रैक्टर में जनरेटर चालू किया गया। जिसमें एक महिला सुशीला प्रजाति की साड़ी जनरेटर में फस गई। जिससे महिला का सर जनरेटर में जा घुसा और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

## सरगुना जंगल में शराब बनाते पुलिस ने पकड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन पर 13 सितंबर को डोंगरीपाली पुलिस द्वारा अवैध शराब बनने के स्थान पर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को शराब बनाते हुये रंगे हाथों पकड़ा गया है। आरोपी के कब्जे से तैयार किया हुआ 60 लीटर महुआ शराब एवं शराब बनाने के पात्र गंज सिल्वर जप्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 13 सितंबर को थाना प्रभारी डोंगरीपाली को सूचना मिला कि एक व्यक्ति सरगुना जंगल मंजूरपाली में अवैध रूप से महुआ शराब ब्रिकी करने के लिये बना रहा है। सूचना की तस्दीक के डोंगरीपाली थाने के कुछ स्टाफ सादी में जंगल की घेराबंदी कर सुनियोजित तरीके से मौके पर रेड कार्रवाई किये। पुलिस टीम को एक व्यक्ति शराब बनाते मिला जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम लम्बोदर साहू उर्फ खिकराम उम्र 45 वर्ष साकिन मंजूरपाली थाना डोंगरीपाली जिला रायगढ़ का रहने वाला बताया, जिसके कब्जे से एक मोटर ट्यूब में भरा करीब 55 लीटर एवं एक सफेद रंग के प्लास्टिक जरीकेन 05 लीटर क्षमता वाली में भरा करीबन 05 लीटर कुल जुमला 60 लीटर महुआ शराब कीमती 6,000 - रूपये एवं एक गंज सिल्वर का कीमती करीबन 1,000 रूपये के साथ पकड़े। आरोपी लम्बोदर साहू उर्फ खीकराम का कृत्य धारा 34(2),59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है। थाना डोंगरीपाली के सहायक उप निरीक्षक रामकुमार मानिकपुरी, आरक्षक जगजीवन जोल्हे, संतराम कंवर, गजानंद पटेल, दरथलाल सिदार की सराहनीय भूमिका रही है।

## अरपा पाटोपाट, शनिचरी रपटा डूबा, यातायात बंद

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



भारी बारिश के चलते अरपा नदी पाटोपाट बह रही है और शनिचरी रपटा भी दोपहर को डूब गया । बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है और नदी किनारे घरों को खाली करवा लोगो को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है । शनिचरी रपटा से आवागमन बंद करवा देने से सरकंडा पुल और मुक्ति धाम रोड में घंटो से जाम की स्थिति है।

पिछले 3 दिनों से हो रही अनवरत बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त है । एक तरफ अरपा नदी में पानी का प्रवाह तेज है और इसी दौरान अरपां भैसाझार बांध के लबालब हो जाने के बाद बांध के गेट खोलने पड़े, जिससे बुधवार को अरपा नदी में यकायक पानी की मात्रा बढ़ गई और यहां कई निचली बस्तियां डूबने की स्थिति में है। बुधवार को अरपा भैंसाझार से पानी छोड़े जाने के बाद अरपा नदी में पानी पाटो पाट बहने लगा। देखते ही देखते दोपहर को शनिचरी बाजार रपटा डूब गया और पानी उसके ऊपर से बहने लगा। इससे पहले ही सुरक्षा के मद्देनजर शनिचरी रपटा से लोगों की आवाजाही बंद कर दी गई थी, तो वहीं सरकंडा, जूना बिलासपुर और दोमुहानी समेत अरपा नदी के तटीय और निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जाने लगा है। लोगों को एहतियातन अपना अपना घर खाली करने की मुनादी की गई है। इस बार 12 साल बाद सितंबर महीने में जमकर बारिश हुई है। खासकर पिछले 3 दिनों में ही कई सेंटीमीटर बारिश हो जाने से हालात बेकाबू है। एक तरफ शहरी जीवन अस्त-व्यस्त है और अब अरपा नदी में पानी की धार तेज होने से मुसीबत और बढ़ गई है। जिला प्रशासन द्वारा गोताखोरों को अलर्ट कर दिया गया है। वही अरपा नदी के आसपास के ऊंचे और सुरक्षित ठिकानों पर लोगों को ले जाया जा रहा है। जिला प्रशासन पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं।

## महतारी दुलार योजना में पात्र सभी विद्यार्थियों को शाला में प्रवेश दिलाएं: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला ने कहा कि कोविड-19, से प्रभावित सभी पात्र बच्चों को शाला प्रवेश दिलाने की कार्यवाई की जाए,वे आज जिला पंचायत जांजगीर के सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में बताया गया कि जिले सक्ती जिला के अंतर्गत 158 और जांजगीर् के अंतर्गत 280 पात्र विद्यार्थियों को महतारी दुलार योजना के तहत शालाओं में प्रवेश दिलाया गया है,बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित कर कहा है कि वे टीएल बैठक में अपरिहार्य कारणों से अनुपस्थित रहने की स्थिति में उन्हें सूचित करें और अनुमति प्राप्त करें। उन्होंने बिना किसी पूर्व सूचना के जिला आबकारी अधिकारी की बैठक में अनुपस्थित रहने पर गहरी नाराजगी जाहिर की।

कलेक्टर ने ऐसे 6 अधिकारी कर्मचारी जिनके द्वारा अब तक जिला कोषालय जांजगीर में कार्मिक संपदा प्रपत्र भरकर प्रस्तुत नहीं करने पर उनका सितंबर माह का वेतन रोकने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी को दिये,कलेक्टर ने गौठानों के निरीक्षण, गोबर क्रय, कन्वर्जिंग, वर्मी खाद विक्रय आदि की व्यवस्था के लिए नियुक्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित कर कहा कि वे गौठानों में निर्देशानुसार व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रभारी अधिकारियों द्वारा निरीक्षण की समीक्षा आगामी सप्ताह की जाएगी,बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड निर्माण और वितरण की तथा कोविड-19, टीकाकरण, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये, बैठक में राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना की समीक्षा करते हुए योजनाओं का सकारात्मक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। खाद की कालाबाजारी, मुनाफाखोरी और जमाखोरी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें बैठक में कलेक्टर ने उप संचालक कृषि तिग्गा को निर्देशित कर कहा कि जिले के किसानों को खाद उचित मूल्य पर मिले यह सुनिश्चित किया जाए।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने की 25 प्रकरणों की सुनवाई, 13 प्रकरण नस्तीबद्ध

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने सदस्य शशिकांता राठौर एवं अर्चना उपाध्याय की उपस्थिति में जांजगीर चांपा जिला कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में 14 सितंबर को 25 प्रकरणों की सुनवाई की। महिला आयोग के समक्ष जिले में महिला उत्पीड़न से संबंधित 25 प्रकरण सुनवाई के लिए प्रस्तुत किया गया। जिनमें से 13 प्रकरण नस्तीबद्ध किये गये,एक प्रकरण में ग्राम खरौद की महिला ने सामाजिक बहिष्कार की शिकायत की थी। आयोग की अध्यक्ष द्वारा समाज के सदस्यों को समझाने पर उन्होंने यह माना कि महिला का सामाजिक बहिष्कार ना कभी हुआ था, ना किया गया था। अध्यक्ष ने कहा कि समाजिक बहिष्कार अपराध है। समाज में जागरुकता आ गई है। किसी भी व्यक्ति को समाजिक बहिष्कार कर प्रताड़ित नहीं किया जा सकता है। डॉ नायक ने महिला का सामाजिक सदस्यों के साथ फोटो प्रकाशित करवाने के भी निर्देश दिए, ताकि भविष्य में महिला को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। महिला को भविष्य में किसी भी प्रकार के समाजिक बहिष्कार से संबंधित समस्या होने पर न्यायालय जाने की स्वतंत्रता देते हुए प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

**2 प्रकरणों में भरण पोषण के निर्देश –** डभरा क्षेत्र की एक महिला ने दहेज प्रताड़ना के प्रकरण में शिकायत दर्ज कर बताया कि वह अपने एक बच्चे के साथ पति से अलग रह रही है। आयोग द्वारा समझाइस देने पर उनके पति ने पत्नी और बच्चे के भरण-पोषण के लिए 7000 रुपए प्रतिमाह देने के लिए सहमत हुए। यह राशि आवेदिका के बैंक खाते में भुगतान होने पर अगली सुनवाई में प्रकरण नस्तीबद्ध करने की निर्देश दिए। इसी तरह एक अन्य प्रकरण में पति-पत्नी विवाद से संबंधित मामले में आयोग की समझाइश पर पति ने पत्नी के भरण पोषण के लिए 5000 रूपये प्रतिमाह देने के लिए राजी हो गए तथा दादा-दादी के पास रह रहे बच्चों से माह में दो बार मिलने की अनुमति आवेदिका को दी गयी।

# सोसायटियों में फिर खप रहा पाखड़ चावल!

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



इन दिनों फिर शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से पाखड़ चावल का वितरण किया जा रहा है। जो खाने लायक भी नहीं है। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा कानून लागू कर सभी वर्गों को राशन दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अंत्योदय एवं बीपीएल परिवारों को तो एक रुपये प्रति किलो के दर से चावल दिया जा रहा है। जिसे कोरोना कॉल के कारण निः शुल्क कर दिया गया है। केंद्र सरकार द्वारा भी प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल दिया जा रहा है। लेकिन इस माह कई दुकानों में ऐसा चावल वितरण हो रहा है। जो खाने लायक नहीं है। लेकिन गरीब परिवार लेने को मजबूर है। जब हमारे क्षेत्र के संवाददाता ने वितरण केंद्र पहुंचकर मौके से ही तहसीलदार धरमजयगढ़ को अवगत कराया तो उन्होंने जांच करने की बात कही। इस मामले में खाद्य आपूर्ति निगम रायगढ़ के अधिकारी के मोबाईल नंबर 9644742408 से भी बात की गई तो उनका कहना है कि यह सभी उच्च अधिकारियों की जानकारी में है कि शासकीस दुकान में खराब चावाल दिया जा रहा है। यदि ज्यादा खराब चावल का वितरण किया जा रहा है तो उसकी जांच की जाएगी। दरअसल गरीबों को मिलने वाले चावल से किसी को कोई लेना देना नहीं है। क्योंकि दो माह पूर्व भी पाखड़ चावल का वितरण किया गया था। ऐसे मामलों में कोई अधिकारी व जनप्रतिनिधि इसका संज्ञान नहीं लेता है।

**चावाल इतना घटिया कि खाने योग्य नहीं–** धरमजयगढ़ विकास खण्ड के शासकीय राशन दुकान में वितरण किये जा रहे चावाल खाने योग्य नहीं है। खाने योग्य नहीं होने के बाद भी चावाल वितरण पर कोई रोक नहीं लगाया जा रहा है। पाखड़ चावाल की शिकायत करने के बाद भी अधिकारी इस मुद्दे से कन्नी काटते दिखाई दे रहे हैं। तहसीलदार धरमजयगढ़ ने जांच करने की बात कही तो वहीं खाद्य अधिकारी कूजूर ने दो टुक कह दिया कि गुणवत्ता जांचना हमारा काम नहीं, गुणवत्ता जांचने का काम रायगढ़ के अधिकारियों को है मेरा काम सिर्फ कार्डधारियों को सही मात्रा और सही समय में खाद्य सामग्री वितरण करवाना है। अब देखना है कि धरमजयगढ़ एसडीएम इस मामले पर क्या कार्यवाही करते हैं या फिर इसी तरह घटिया चावल का वितरण राशन दुकान में होता रहेगा।

**चावल की गुणवत्ता देखना हमारी जिम्मेदारी नहीं–** पाखड़ चावाल वितरण के बारे में धरमजयगढ़ फूड इंस्पेक्टर से बात की गई तो उन्होंने इस मामले से कन्नी काटते हुए कहा कि चावल की क्वालिटी देखना हमारी जिम्मेदारी नहीं है। हमारी जिम्मेदारी सिर्फ सही वजन एवं सही मात्रा में चावल वितरण कराना है।

# बलौदाबाजार विकासखंड को अकाल ग्रस्तघोषित करने की मांग

पायनियर संवाददाता ⮜ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com






भारतीय जनता पार्टी बलौदाबाजार मंडल शहर एवं मंडल ग्रामीण तथा लवन मंडल के संयुक्त तत्वावधान में तहसीलस्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन गार्डन चौक बलौदाबाजार में आयोजित किया गया। उक्त धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस सरकार से बलौदा बाजार विकासखंड को अकाल ग्रस्त घोषित करने बढ़े हुए बिजलीदर को वापस लेने सभी सहकारी शाख समितियों मे उर्वरक उपलब्ध करानेए दो साल की बकाया बोनस की राशि उपलब्ध कराने, अघोषित बिजली कटौती बंद करनेए स्थायी पंप कनेक्शन की तत्काल अनुमति प्रदान करने तथा 01 नवंबर 2021 से समर्थन मूल्य 2500 रु प्रति क्विंटल एकमुस्त धान खरीदी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया साथ ही विकासखंड के किसानों के लिए राहत पैकेज देने की मांग की गई। धरना प्रदर्शन के मुख्यव्यक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेसूलाल धुरंधर ने राज्य की भूपेश बघेल सरकार को किसान विरोधी सरकार बताते हुए कहा कि अघोषित बिजली कटौती के कारण से बोर बाड़ी वाले किसान अपने खेत में पानी की सिचाई नहीं कर सकते हैं जिसके कारण से बोर से सिंचाई होने वाले खेत में फसल चौपट होने के कगार पर है वर्तमान में किसानों को सहकारी सोसायटी से आवश्यक खाद नहीं मिल पा रहा है वही खाद दोगुना रेट पर बाजार में उपलब्ध है इससे किसानों को मजबूर होकर बाजार से दोगुना कीमत देकर खाद खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है विकासखंड बलौदा बाजार के अधिकांश गांव अल्प वर्षा के कारण से सुखा के चपेट में है ऐसी स्थिति में बलौदा बाजार विकासखंड को सूखा घोषित कर राहत पैकेज की घोषणा जल्द से जल्द प्रदेश की कांग्रेस सरकार करें। प्रदेश कांग्रेस सरकार अपने किए हुए वादे को पूरा करें ऐसा नहीं करने पर आगामी समय में किसान भाई एवं भारतीय जनता पार्टी उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होगी बलौदा बाजार विकासखंड नदियों से घिरा हुआ है तथा बलौदा बाजार विकासखंड एवं जिला में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय कंपनियों का भारी एवम बड़ा सीमेंट उद्योग स्थापित है उद्योगों से प्राप्त सी एस आर तथा अन्य मद के राशि से नदी नालों का पानी लिफ्ट कर खेतों में लाया जा सकता है। सभा को अंजय शुक्ला बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रदेश संयोजक, विजय केसरवानी वरिष्ठ भाजपा नेताएकृष्णा अवस्थी,नरेश केशरवानी, रेवाराम साहू, अशोक जैन, नीलम सोनी, धनंजय साहू, नंदकुमार साहू, हेमंत टिकरिहा, मुरारी साहू,रवि वर्मा, नेतराम साह,ताराचंद कन्नौजे एवं पुनेश्वर साहू ने भी संबोधित किया उक्त कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण मंडल महामंत्री पुरुषोत्तम साहू ने किया आभार प्रदर्शन भगवानी ध्रुव अजजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने किया उक्त कार्यक्रम में शहर मंडल अध्यक्ष संकेत शुक्ला, महामंत्री मणिकांत मिश्रा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डोमन लाल वर्मा,आलोक अग्रवाल, मदनलाल वर्मा, पुरुषोत्तम सोनी, चंद्रिका वर्मा, जय नारायण सोनी, राघव साहू, धनेश वर्मा, योगेश वर्मा, पवन साहू, राधेश्याम वर्मा,धनीराम साहू, प्रदीप साहू, परेश वैष्णव, निरंजन जायसवाल, अशोक सोनी, रमाशंकर सोनी, सोहन लाल साहू, लखन टंडन, बालाराम विश्वकर्मा, महेंद्र साहू, रामायण साहू, धरम चतुर्वेदी, आलोक बघेल, रेखा साहू, सुशीला वर्मा, पुनीत राम साहू, पंचराम साहू, द्वारिका साहू, रोहित वर्मा, एकमल साहू, टिकेंद्र वर्मा, ओंकार, शेखर, देवांगन किरण ध्रुव, योगेंद्र वर्मा, नीलकमल साहू सहित बड़ी सख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे पश्चात राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसील बलौदाबाजार को सौंपा गया।

## चेम्बर ऑफ कामर्स ने दी एएसपी राठौर को विदाई



**गरियाबंद।** हाल में ही गरियाबंद से रायपुर एटीएस मुख्यालय स्थानांतरित जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर को चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा के नेतृत्व में नगर के व्यापारियो ने विदाई दी। न्यू सर्किट हाउस में आयोजित सादगीभरे विदाई समारोह में प्रमुख रूप से पुलिस अधीक्षक पारूल माथुर, अपर कलेक्टर जे आर चौरसिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, अनुविभागीय अधिकारी विश्वदीप यादव, रक्षित निरीक्षक उमेश राय सहित नगर के व्यापारीगण मौजूद थे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पारूल ने कहा कि गरियाबंद जिले में एएसपी सुखनंदन राठौर का कार्यकाल काफी उत्कृष्ठ रहा, यहां उन्होने अच्छा काम किया, लोगों को विश्वास जीता है। अधिकारी के रूप में वे काफी अनुभवी और समझदार है। हर परिस्थिति में उनका अनुमान हमेशा सही और सटीक रहा। हमें बेहतर फीडबेक मिला। उन्होने कहा कि एक अधिकारी में जो खुबिया होनी चाहिए है वह उनमे मौजूद है। पुलिस विभाग की ओर से मै उन्हे उज्जवल भविष्य की शुभकामना देती हॅू। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर जेआर चौरसियो ने एएसपी राठौर के साथ बिताए पलो को याद किया। उन्होने कहा कि चुनाव के समय से वे साथ में काम कर रहे है, हर मोर्चे में उनका साथ मिला। एक बेहतर अनुभव उनके साथ रहा। एएसपी संतोष महतो ने कहा कि एएसपी सुखनंदन राठौर के साथ मेरे आपसी संबंध काफी मधुर रहे। उनके कुशल व्यवहार के चलते प्रशासनिक कार्यो में कभी कोई भेद नही रहा। मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हॅू। चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा ने चेम्बर और व्यापारी वर्ग की ओर शुभकामना देते हुए कहा कि एएसपी सुखनंदन राठौर का कार्यकाल काफी अच्छा रहा। अपने मिलनसार व्यवहार और सादगीभरी मुस्कान के साथ उन्होने जिले में हर वर्ग के साथ बेहतर संबंध स्थापित किए।

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से खुल रहें है रोजगार के साधन

# गुपचुप एवं चाट बेचकर खुद के पैरों में खड़ी : बसंती साहू

पायनियर संवाददाता ⮜ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




जिले के पलारी विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम खरतोरा निवासी बंसती साहू ने गुपचुप एवं चाट बेचते हुए स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने का एक नया उदाहरण पेश की है। आज वह गुपचुप एवं चाट के दुकान के बदौलत अपनी पैरों में खडी होकर अनेक महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रही है। राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के माध्यम से 1 लाख रुपये का ऋण मिला। जिससे दुकान को विस्तार करनें में काफी मदद मिला है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के माध्यम से छोटी छोटी सहायता से रोजगार के साधन खुल रहें है। उनके पति शुरूआती समय में अपने गांव में ही एक छोटा से गुपचुप का ठेला चलाते थे। शादी के बाद अपने पति को मदद एवं व्यापार को और बढ़ाने के लिए एक बड़े गुपचुप एवं चाट कॉर्नर खोलने के बारे में सोचने लगी। उनके पति द्वारा बार-बार मना करने के बाद भी बसंती अपनी जिद में अड़ी रही। कहा कैसे भी हो घर का खर्च चलाने के लिए हमें अपने कामों को विस्तार देना होगा। पर इसके लिए शुरूआती समय में और पैसों की आवश्यता थी जो इनके कार्य विस्तार में बाधा बन रही थी। उसी दौरान अपने गांव के मितानिन के माध्यम से राज्य शासन की योजना मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के बारे में पता चला जो ऐसे कार्यो के लिए ऋण प्रदान करता है। उन्होंने समय नही गंवाते हुए उन्होनें बलौदाबाजार स्थित विभाग जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में इस योजना के अंतर्गत लोन के लिए आवेदन किया। विभाग द्वारा विस्तृत जानकारी उसे दी गई विभिन्न चयन प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उन्हें इस योजना के तहत सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा संडी (पलारी) से 1 लाख रूपये राशि का ऋण स्वीकृत किया गया। दिसंबर 2019 से खरतोरा के नजदीक बडे गांव मुडपार (संडी) में आज कोमल चाट कॉर्नर के नाम से दुकान का संचालन कर रही है। बसंती ने बताया की दुकान में प्रतिमाह करीब 40 से 45 हजार रूपये का व्यापार हो जाता है जिससे मुझे प्रतिमाह 10 से 12 हजार रूपये की आमदनी हो रही है।

## स्वराज ट्रैक्टर का तीन दिवसीय मेगा सर्विस कैंप सफल रहा



**भाटापारा।** मेगा सर्विस कैंप, भाटापारा स्वराज ट्रैक्टर व डीलर कुशल ट्रैक्टर द्वारा तीन दिवसीय 11 से 13 सितंबर तक स्वराज ट्रैक्टर्स का मेगा सर्विस कैंप का बहुत सफल आयोजन किया गया। जिसमें भाटापारा नवागढ़ में 350 ट्रैक्टर सर्विस व 800 कृषक भाइयों ने सम्मेलन में उपस्थित रहे। इस मेगा सर्विस कैंप के माध्यम से कृषकों की ट्रैक्टर का उचित देखभाल ताकि ट्रैक्टर श्रेष्ठ सेवा दे सके व इसके साथ कृषक भाइयों को तकनीक व ट्रैक्टर साथ उपयोग होने वाले इंप्लीमेंट्स की जानकारी दी गई। जिससे कि ट्रैक्टर का ज्यादा से ज्यादा उपयोग और लाभ ले सके, उन्नत कृषि उन्नत कृषक बन सके। ट्रैक्टर के नए मॉडल हार्वेस्टर थ्रेसर रोटावेटर कल्टीवेटर लेजर लेवलर होल ड्रिगर मशीन की जानकारी दी गयी।

# 30 सितम्बर तक मनाया जाएगा आयुष्मान पखवाड़ा

पायनियर संवाददाता ⮜ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर सुनील कुमार जैन के मार्गदर्शन में 15 से 30 सितंबर तक जिले में आयुष्मान भारत पखवाड़ा एवं 23 सितंबर 2021 को आयुष्मान भारत दिवस के रूप में मनाया जाएगा. इस पखवाड़े के दौरान योजनांतर्गत सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड पंजीयन करने, निःशुल्क इलाज की जानकारी का प्रचार -प्रसार करने एवं क्लेम को बढ़ाने के उद्धेश्य से पखवाड़ा के प्रत्येक दिवस एवं आयुष्मान भारत दिवस को विशेष गतिविधियां संचालित की जाएगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने बताया कि जिले के समस्त पंजीकृत निजी एवं शासकीय अस्पतालों में आने वाले प्रत्येक ओ.पी.डी. या भर्ती मरीज का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जाएगा। संबंधित अस्पताल में पंजीयन की सुविधा न होने पर निकटस्थ च्वाइस सेंटरों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड पंजीयन होगा। साथ ही जिले के 5 सौ से अधिक सार्वजनिक वितरण प्रणाली की राशन दुकानों में च्वाइस सेंटरों के माध्यम से निःशुल्क आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया का जाएगा। वर्तमान में जिले में लगभग 16 लाख कार्ड बनाने का लक्ष्य है जिसमें से 7 लाख 64 हजार से अधिक कार्ड बन चुके हैं। पखवाड़े के दौरान जिले में शत- प्रतिशत हितग्राहियों का पंजीयन किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।इसके साथ ही आपके द्वार आयुष्मान अभियान के तहत पूर्व में बनाये गए आयुष्मान कार्ड का वितरण भी हितग्राहियों को निःशुल्क होगा। उन्होंने आगें बताया कि जिलें में 50 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड का वितरण जिले में किया जा चुका है। प्रत्येक दिवस प्रत्येक विकासखण्ड में शासकीय एवं निजी अस्पताल, सामुदायिक भवन, स्कूल, ग्राम पंचायत भवन, शहरी क्षेत्र में वार्ड कार्यालय, वैक्सिनेशन सेंटर इत्यादि में से एक या दो स्थानो में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। 23 सितम्बर 2021 को आयुष्मान भारत दिवस के रूप में अनिवार्यतः मनाया जाना है। आयुष्मान भारत दिवस में उपचार प्राप्त हितग्राहियों से परिचर्चा एवं फीडबैक,अच्छे कार्य करने वाले च्वाईस सेंटर, वी.एल.ई. का सम्मान, आपके द्वार आयुष्मान अभियान के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। इस दौरान प्रत्येक ग्राम में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर भी योजना की जानकारी दी जाएगी। आयुष्मान पखवाड़े के सफलता पूर्वक संचालन हेतु कलेक्टर ने सभी सर्व सबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।कार्ड के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु 104 के टोल फ्री नंबर पर काल कर के जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## राष्ट्रीय कार्यशाला में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. आर.के.बंजारे

पायनियर संवाददाता ⮜ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले के आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. राजकुमार बंजारे का चयन जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के लिए किया गया है।



कार्यशाला का आयोजन 24 एवं 25 सितम्बर को जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में होगा। कार्यशाला का विषय किशोरावस्था में स्वास्थ्य की बुनियादी देखभाल पर केन्द्रित है। कार्यशाला का आयोजन आयुष मंत्रालय भारत शासन एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ नई दिल्ली के सहयोग से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में आयोजित किया गया है। कार्यशाला में हिस्सेदारी के लिए पूरे देश से केवल 50 आयुर्वेद चिकित्सकों का चयन किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य से डॉ. बंजारे सहित दो चिकित्सकों का चयन किया गया है। राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यशाला में भागीदारी के लिए चयनित किये जाने पर यहां के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है। जिले के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.एन कश्यप, सीएमएचओ डॉ. खेमराज सोनवानी, सिविल सर्जन डॉ. राजेश कुमार अवस्थी, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, एसडीएम मिथलेश डोण्डे, जिला जनसम्पर्क अधिकारी मुनुदाऊ पटेल, पूर्व प्रोफेसर एवं पेंशनर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष एस.एम. पाध्ये ने राष्ट्रीय कार्यशाला में चयनित किये जाने पर डॉ. बंजारे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# देशी शराब के मद्य भंडार के गेट के बाहर अंग्रेजी शराब की गाड़ियां में शराब का हो रहा आदान-प्रदान

पायनियर संवाददाता ⮜ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय के देशी शराब मद्य भंडार के गेट के ठीक बाहर रविवार छुट्टी के दिन सुबह करीब 7 बजे दो गाड़ियों में अंग्रेजी शराब का आदान-प्रदान करने का नजारा देखने को मिला जिसमें सफेद कलर की बड़ी टाटा अल्ट्रा वाहन क्रमांक सीजी/22/पी/4411 की अंगेजी शराब को अन्य सफेद कलर की बड़ी टाटा अल्ट्रा वाहन क्रमांक सीजी /22/पी/7711 में अंगेजी शराब को स्थानांतरण किया जा रहा था, मामला दिखने में संगीन लग रहा था चूंकि जिले में लगातार अन्य प्रदेश की अवैध शराब तश्करी का मामला बढ़ता जा रहा है और ऊपर से देशी मद्य भंडार में विदेशी मदिरा की अल्टी पल्टी होना एक प्रकार से प्रशासन के नाक-मुंह के सामने ऐसा प्रयोजन होना हजम नहीं हुआ चूंकि ना ही वहां आसपास में कोई अंग्रेजी दुकान भी नहीं थी, उक्त मामले को देखते हुए साफ प्रतीत हो रहा कि जानबूझकर शराब तश्करी के उद्देश्य से ऐसा प्रयोजन हो रहा, उक्त मामला अतिसंवेदनशील होने की वजह से जिला आबकारी अधिकारी सहित मद्य भंडार प्रभारी ठाकुर आदि को भी मोबाइल के माध्यम से जानकारी दी गई तब कुछ अधिकारीयों द्वारा मौके पर पहुंचकर ट्रक ड्राईवर से पूछताछ की गई जिस पर ड्राइवर ने बताया कि गाड़ी में विदेशी शराब भरकर उसे कसडोल के अंग्रेजी शराब दुकान ले जाना था किन्तु शनिवार को रात्रि 7 बजे खाना-खाने के लिए गाड़ी मद्य भंडार के गेट के सामने ग्राउंड में पार्क किया था फिर सुबह आकर देखा कि गाड़ी कीचड़ में फंस गई थी इसलिए अंग्रेजी शराब को दूसरी गाड़ी में ट्रांसफर किया गया है जबकि कसडोल शराब दुकान के प्रभारी सुकांत पांडे का कहना है कि परमिट में 5 घंटे का समय था उसके बावजूद ड्राईवर ने जानबूझकर लापरवाही बरती है जिस शराब की वाहन को उसे कसडोल शराब दुकान में सीधे लाया जाना था उसे जानबूझकर बलौदाबाजार के देशी शराब मद्य भंडार में ले जाकर खड़ी कर दी गई द्य उक्त संबंध में जिला आबकारी अधिकारी आशीष कोसम का कहना है कि संबधित ट्रांसपोर्टर के विरुध्द कार्यवाही हेतु उनके द्वारा उच्च अधिकारी को अवगत कराया गया है द्य उक्त संबंध में मद्य भंडार के प्रभारी ठाकुर का कहना है कि रविवार छुट्टी का दिन था इसलिए हमारा इसमें कोई दोष नहीं है सारा दोष वाहन ड्राईवर का है जिसने जानबूझकर हमारे देशी मद्य भंडार के पास ऐसा प्रयोजन किया है।

# किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध कराने बिजली कटौती बंद करने की मांग

पायनियर संवाददाता ⮜ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाटापारा क्षेत्र को अकाल ग्रस्त घोषित करने, किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध कराने, बिजली कटौती बंद करने सहित किसानों की अन्य मांगों को लेकर क्षेत्र के विधायक शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में नगर के जयस्तंभ चौक पर धरना दिया गया। भारी बरसात के बावजूद भी काफी तादाद में हैं क्षेत्र के किसान धरना स्थल पर पहुंचे थे जिन्हें संबोधित करते हुए विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि भादो के महीने में जब धान के पौधों को पर्याप्त पानी की आवश्यकता होती है किंतु वर्षा के अभाव में क्षेत्र की लगभग 40त्न फसल खराब हो चुकी है अभी जो बरसात हो रही है वह देर से पकने वाले धान को ही लाभ दे सकते हैं किंतु जल्दी आने वाले धान की 40प्र. फसल खराब हो चुकी है इसीलिए क्षेत्र को अकाल ग्रस्त घोषित करने के लिए पूरे छत्तीसगढ़ प्रांत में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रत्येक तहसील में 13 एवं 14 सितंबर को धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

विधायक शर्मा ने आगे कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में सत्ता पाने के लिए किसानों से लोकलुभावन वायदों खूब किए थे परंतु सत्ता प्राप्त करते ही सबसे ज्यादा वादाखिलाफी यह सरकार किसानों से ही कर रही है इस सरकार ने वादा किया था कि भाजपा शासनकाल में बचे हुए बोनस का भुगतान करेगी लेकिन उसका कहीं दूर दराज तक पता नहीं है इसने किसानों से ऋण माफी की बात कही थी लेकिन उसमें भी किसानों के पूरे कर्ज माफ नहीं हुए आज सबसे अगर पीड़ित अगर कोई व्यक्ति है तो वह छत्तीसगढ़ का किसान ही है पूरे प्रदेश में यूरिया की खुलेआम कालाबाजारी चल रही है आज यह हाल है कि यूरिया के लिए किसान दर-दर भटक रहे हैं सोसायटीओं से यूरिया खाद गायब हो गया है जबकि केंद्र सरकार से पर्याप्त मात्रा में राज्य को यूरिया खादकी आपूर्ति की गई और यूरिया खाद कालाबाजारी में सात सौ रुपए प्रति बोरी तक बाजार में बिक रहा है जिस पर प्रदेश की सरकार मौन धारण किए हुए हैं। बिजली बिल आधा करने के नाम पर दुगने बिजली के बिल आ रहे है प्रदेश भाजपा की डॉ रमन सिंह के सरकार के समय सर प्लस बिजली होने वाला राज्य आज अघोषित विद्युत कटौती का सामना कर रहा है।

## राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना में ना बरतें कोताही

# कलेक्टर ने की विभागीय काम-काज की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ⮜ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए। इस दौरान विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा मुख्यमंत्री जन चौपाल, कलेक्टर शिकायत शाखा, सीपी ग्राम्स, जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। उन्होंने विशेषकर राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना,आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल निर्माण की प्रगति, गौधन न्याय योजना,वर्मी कंपोस्ट उत्पादन एवं विक्रय,चारागाह विकास,धान उठाव, जैव विविधता बोर्ड हेतु जानकारी,श्रम विभाग के द्वारा प्रवासी मजदूरों की ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज की जाने वाली जानकारी सहित जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में रनिग जल कनेक्शन स्थिति की समीक्षा की। इसके साथ ही शत प्रतिशत गिरदावरी करनें के निर्देश समस्त राजस्व एवं कृषि विभाग अधिकारियों को दिए है। जिलें में पिछ्ले 3 दिनों से शुरु हुई बारिश से फसलों को नया जीवनदान मिला है। उप संचालक कृषि सत राम पैकरा ने बताया कि अब फसलों को कम ही नुकसान होगा। रोपाई करनें वाले को अधिक फायदा होने की उम्मीद जताई है। कलेक्टर ने किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता कराने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है।

**अब तक 5 हजार 790 आवेदन**

भूमिहीन ग्रामीण मजदूरों के लिए राज्य शासन द्वारा शुरू की गयी महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना की विशेष समीक्षा किए है। जिलें में अभी तक कुल 5 हजार 790 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें से जनपद पंचायत बलौदाबाजार में 1342, भाटापारा 1469, बिलाईगढ़ 487 ,कसडोल 319 पलारी 2 हजार 7, सिमगा 166 लोगों के आवेदन प्राप्त हुए है। आवेदनों की संख्या से कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने नाराजगी व्यक्त की कहा कि यह सँख्या पर्याप्त नही है। यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है ध्यान रहें किसी भी भूमिहीन ग्रामीण मजदूरों का नाम ना छूट पाएं इसका विशेष ध्यान हम सब को रखना है। इसके लिए उन्होंने राजस्व अधिकारियों एवं जनपद पंचायत सीईओ को अलग से निर्देश दिए है। इसके साथ ही आवेदकों से एक स्व घोषणा पत्र लेने के भी निर्देश दिए है। जिसमें उसके पास गांव एवं अन्य गांव एवं शहर में भूमि, साथ ही परिवार के सदस्यों के नाम से भूमि ना होने का उल्लेख हो। गौरतलब है राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना के तहत प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ डॉ. फरिहा आलम सिद्की,एसडीएम आईएएस प्रतिष्ठा ममगाईं सहित समस्त विभागों के जिला प्रमुख,सभी सीएमओ एवं जनपद सीईओ उपस्थित रहें।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF NURSING
RAIPUR (C.G.)
WALK IN INTERVIEW
M.SC. NURSING STAFF REQUIREMENT

| | | |
|---|---|---|
| Psychiatric Name | 2 | Professor/Asso.Prof |
| | 2 | Asst. Prof |
| Med. Surgical Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof |
| Community Health Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst.Prof |
| Child Health Nursing | 2 | Professor/ Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof. |
| Tutor | 4 | Minimum 1 Year exp. |

Note : Experience : Professor 10 yr. 7 yr. Teaching,
Associate Professor 8 yr. 5 yr Teaching, Assistant Professor 3 yr Teaching
MOWA, RAIPUR (C.G.) Mob : 9827118884, 7694016816
E-Mail : sbsonraipur@rediffmail.com

# सेना भर्ती की तैयारी के संबंध बैठक

■ भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने युवाओं को दी जाएगी प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



बस्तर संभाग के युवाओं को सेना के विभिन्न पदों में भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने हेतु अभियान आगामी कुछ माह में चलाई जाएगी। सेना भर्ती अभियान की आवश्यक तैयारी के लिए शहर के पुलिस क्वाडीनेशन सेंटर में बस्तर आईजी सुंदरराज पी., मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य से सेना भर्ती के प्रमुख ब्रिगेडियर दीपेन्द्र मानराई की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में कलेक्टर रजत बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा, आईपीएस अंकिता शर्मा, कर्नल एस राजेश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि आर्मी भर्ती के माध्यम से बस्तर संभाग के अधिक से अधिक बच्चे सेना में शामिल हो इसके लिए संभाग के सभी जिलों से एक-एक नोडल अधिकारी के माध्यम से युवाओं को भर्ती में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगे। ब्रिगेडियर दीपेन्द्र मानराई ने कहा कि बस्तर के युवा में बहुत प्रतिभा है, किंतु सेना भर्ती प्रक्रिया की जानकारी की कमी और ऑनलाइन आवेदन करते समय मामूली त्रुटियों के कारण भर्ती अभियान में शामिल नहीं हो पा रहे है। इन कमियों को दूर कर अधिक से अधिक युवकों को आगामी भर्ती अभियान में शामिल किया जाना है। कलेक्टर बंसल ने कहा कि जागरुकता के लिए स्थानीय बोली में प्रचार-प्रसार करने तथा सेना भर्ती से सम्बंधित वीडिओ का सोशल मीडिया का उपयोग कर व्यापक प्रसार करने की बात कही। भर्ती अभियान के लिए जिले में विशेष प्रशिक्षण अभियान प्रारम्भ किया गया है, जिसमें 10वीं पास बच्चों को शारीरिक और मानसिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बैठक में कर्नल रमेश ने सेना भर्ती की सभी प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ज्वाईन इंडियन आर्मी वेबसाईट में भर्ती अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई है। जिसमें शारीरिक कद, शैक्षणिक योग्यता, आयु के संबंध में भी विभिन्न पदों के आधार पर जानकारी दी गई है। एनसीसी में सी प्रमाण पत्र प्राप्त अभ्यर्थी को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। उपस्थित अधिकारियों की शंकाओं तथा चाही गई जानकारी के सम्बंध में बताया। ज्ञात हो कि वर्ष 2010-11 में सेना भर्ती रैली आयोजन के बाद आगामी कुछ माह बाद बस्तर संभाग में सेना भर्ती अभियान किया जाएगा।

# धरने के आठवें दिन ग्रामीणों ने धरना स्थल पर मनाया नवाखाई का पर्व



पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिले की सरहद पर कांकेर जिले के 58 गांव के ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गये है ग्रामीणों की माने तो इस बार ये लड़ाई आर पार की होगी। बता दें आज अनिश्चित कालीन धरना का आठवां दिन है और नवाखाई पर्व भी आज ही के दिन है जिस पर ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से धरना स्थल पर ही नवाखाई का पर्व मनाया गया। ज्ञात हो कि जब 2007 में नारायणपुर जिले का गठन हुआ था तब से कांकेर और नारायणपुर जिले के सरहद में बसे ग्राम के ग्रामीणों ने नारायणपुर जिले में शामिल होने की मांग की थी पर शासन प्रशासन ने ग्रामीणों की मांग को नजर अंदाज कर दिया था।क्षेत्र के लोगों को उम्मीद थी, कि यदि नारायणपुर जिला बनेगा तो हम सभी उसी जिले का हिस्सा होंगे । परंतु इस क्षेत्र को नारायणपुर जिले में शामिल नहीं किया गया । भले ही यह लोग कांकेर जिले के अंतर्गत आते हैं, परंतु अपनी सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नारायणपुर पर आश्रित रहते हैं । फिर चाहे वह शिक्षा,स्वास्थ्य की बात हो या फिर अन्य सामानों के आपूर्ति की । नारायणपुर जिले के अस्तित्व में आने के बाद से ही इन क्षेत्रों के लोग नारायणपुर जिला में शामिल होने की मांग को लेकर शासन- प्रशासन से कई बार गुहार लगा चुके हैं। इसके बाद भी उनकी मांगों को लेकर प्रशासन गंभीर नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में हमारे पास आंदोलन के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है अब जब तक शासन हमारी मांगो को पूरा नहीं करता हम धरने पर बैठे रहेंगे।

# अभियंता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर-एसएसपी

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



देश के महान अभियन्ता एवं भारतरत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन को भारत देश में प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को अभियंता दिवस के रूप में मनाया जाता है। शहर के लालबाग क्षेत्र में स्थित अभियंता चौराहा में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर रजत बंसल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग डीएल टेकाम, अधीक्षण अभियंता सीजी आरआर डीए केआर शास्त्री, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जीआर रावटे सहित सभी निर्माण विभागों के वरिष्ठ और अन्य अधिकारी, इंजीनियर और प्राइवेट निर्माण संस्था के इंजीनियर सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी उपस्थित अतिथियों ने सर विश्वेश्वरैया की मूर्ति को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर श्री बंसल ने कहा कि इंजीनियर होने के नाते हमें जनहित के विकास कार्यों को लगन और गुणवत्ता के साथ-साथ गणमान्य नागरिकों व अन्य विभागों से समन्वय कर कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि लोक सेवा के कार्य को आगे लेकर जाना है इसके लिए मैदानी स्तर पर इंजीनियरों के अनुभव का लाभ लेकर बेहतर कार्य करना है। इसके अलावा उन्होंने इंजीनियरों को हमेशा नई तकनीकों के बारे में अपडेट रहने की सलाह दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीणा ने कहा कि बस्तर जैसे जिलों में इंजीनियर अपनी बेहतर सेवा देकर विकास के कार्य कर रहे है इसकी मैं सराहना करता हुँ। शहर के मध्य अभियंता लोगों का अपना स्थल होना एक इंजीनियर के रूप में गर्व का विषय है। इस अभियंता चौराहा का उपयोग हमेशा विविध कार्यक्रमों के लिए होते रहना चाहिए। ज्ञात हो कि दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने इंजीनियरिंग की प?ाई कर युपीएससी की परीक्षा देकर उच्च पद प्राप्त किए है। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता टेकाम, मुख्य अभियंता रावटे और सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता मंगरूरकर ने भी अपने अनुभव साझा किए।

# आंगनबाड़ी सहायिका पद की भर्ती पर गड़बड़ी शिकायत को अंडी के ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत अंडी में आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती में फर्जी दस्तावेज के जरिये नौकरी लगवाने के विरोध में ग्रामीण एकजुट हो गये है वहीं लिखित शिकायत के बाद भी महिला बाल विकास विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करते हुए पात्र अभ्यर्थी को किनारे करते हुए अपात्र का चयन करने की बात को लेकर कलेक्टर से शिकायत करने पहुँचे थे जिसमें ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है साथ मांग की है कि इस भर्ती प्रक्रिया की सही तरीके से जांच की जाये और पात्र को ही चयन कर नौकरी दी जाए।

बता दे कि ग्राम पंचायत अंडी के खासपारा में आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 में सहायिका की पद की भर्ती होनी है जिसमें आवेदिका व ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इस भर्ती प्रकिया में महिला बाल विकास विभाग की मिली भगत से जो अपात्र है उसे पात्र बता चयन किया जा रहा व पटेलपारा निवासी सीमा द्वारा जो भी दस्तावेज दिया गया वह फर्जी है क्योंकि उसका गरीबी रेखा में भी नाम नहीं है खसपारा के ग्रामीण एकजुट होकर पात्र को ही चयन करने की बात कहीं वहीं इस मामले को लेकर जनपद पंचायत में भी मुख्यकार्यपालन अधिकारी के नाम भी ज्ञापन सौंपा है।

यह मामला लेनदेन कर अपात्र को पात्र बता भर्ती किये जाने का जिससे ग्राम पंचायत अंडी के ग्रामीणों में रोष देखा जा रहा है। कलेक्टर के नाम दिए ज्ञापन में ग्राम पंचायत अंडी के ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी खासपारा में सहायिका भर्ती होनी है जिसमें जो पात्र अभ्यर्थी थी उसे अपात्र घोसित कर अपात्र को गुपचुप तरीके से फर्जी दस्तावेज के आधार पर नोकरी दी जा रही है। वहीं ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि महिला बाल विकास विभाग में लेनदेन की जरिये यह काम किया जा रहा जिसकी जांच कर पात्र को ही नौकरी दी जाये।

## श्री माधव सेवा समिति ने स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन



**किरन्दुल।** श्री माधव सेवा समिति की ओर से गुमलनार ग्राम पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया!इस दौरान स्थानीय चिकित्सकों ने मरीजों का इलाज कर उन्हें निःशुल्क दवा व चिकित्सकीय सलाह दिया गया।स्वास्थ्य शिविर पर सैकड़ों ग्रामीणों ने हिस्सा लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।चिकित्सक डॉ. कुलदीप ने कहा श्री माधव सेवा समिति के माध्यम से 90 से अधिक ग्रमीण की ब्लड प्रेशर मलेरिया शुगर आंख की जांच की गई। ग्राम सरपंच रामदेव बट्टी ने कहा समिति के सकारात्मक प्रयास से ग्रामवासियों को सुखद महसूस हो रहा है।इससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त हुई इस दौरान ग्राम सचिव अन्य कार्यकर्ता जोगुराम स्ताम, अमित अप्का,अमलेश नेताम जितेंद्र रजक, अमर चांदवानी अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# पानी की समस्याओं को लेकर वार्ड के लोगों ने नेता प्रतिपक्ष के साथ किया नगर पंचायत का घेराव

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com



जिले के दोरनापाल नगर पंचायत में दुर्गा नगर वार्ड क्र 2 के लोगों ने वार्ड पार्षद नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र मोनू सिंह भदौरिया के साथ पानी की समस्याओं को लेकर नगर पंचायत का घेराव किया वार्ड की महिलाओ ने पानी की खाली बाल्टी व डब्बा लेकर ही नगर पंचायत का घेराव कर के वार्ड पार्षद के साथ पानी की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा।वही नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र भदौरिया का कहना है कि दुर्गा नगर वार्ड में लगातार पानी की समस्या को लेकर नगर पंचायत में शिकायत किया जाता रहा है। सामान्य सभा में भी इस समस्या के निराकरण के लिए मांग भी किया गया परंतु किसी भी तरह का सुधार नही होने से आज वार्ड के लोगों ने पार्षद के साथ नगर पंचायत का घेराव कर नारे बाजी की वार्डवासी पानी आने के समय से भी नाराज हैं वार्ड के लोगो का कहना हैं कि कभी पानी 9 बजे तो कभी 10 बजे भी आता हैं जिससे वार्डवाशियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं व्यपारी वर्ग व स्कूल जाने वाले बच्चो को इससे बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं।पानी चालू करने के समय में भी सुधार करने को लेकर लगातार मांग किया जाता हैं।पर कोई सुनवाई नही हुई वार्ड वालो का कहना है कि कभी 1 बाल्टी तो कभी 2 बाल्टी ही पानी मिलता हैं जिससे नाराज वार्डवासियों ने आज अपने पार्षद के साथ नगर पंचायत का घेराव किया। नगर पंचायत घेराव में वार्ड 2 के पार्षद के साथ ही वार्ड 1 की पार्षद राधा नायक, कोशी ठाकुर, पुष्पलता भदौरिया, सोढ़ी मँगी, सोढ़ी मंगली, व वार्ड 2 के निवासी प्रदीप शुक्ला, सत्यजीत, खोखन देवनाथ, किंगर मल्लिक,कृष्णा व वार्ड की महिलायें उपस्थित थीं।

# एडसमेटा में नक्सलियों के नाम पर निर्दोष आदिवासियों की हत्या में संलिप्त सभी दोषियों पर हो कार्यवाही : सीपीआई



पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले से लगभग40 किलोमीटर दूर एड्समेटा गाँव में 17 मई2013को पारम्परिक बीज पांडुम मनाने सभी ग्रामीण इक्कट्ठे हुए थे जहाँ पर सुरक्षा बलों ने अन्धाधुंध फायरिंग की थी जिसमे 4 नाबालिक बच्चों समेत 8 ग्रामीण मारे गए थे। जिसके जाँच में सबसे पहले सीपीआई की टीम पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के नेतृत्व में वस्तुस्थिति जानने एडसमेटा पहुंची थी। जहाँ उसी वक्त ग्रामीणों ने बताया था कि यहाँ नक्सलियों की मौजूदगी नही थी बीज पांडुम मनाने सिर्फ आम ग्रामीण व बच्चे उपस्थित थे। उसी वक्त सीपीआई ने यकीन से कहा था कि यह नक्सिलयों के नाम पर फर्जी एनकाउंटर था। और तत्कालीन रमन सरकार से न्यायिक जांच की माँग की आज 8 साल बाद जब जस्टिस वी. के. अग्रवाल की जाँच रिपोर्ट आई तो दूध का दूध पानी का पानी हो गया।मारे गए सभी लोग आम ग्रामीण थे।। सीपीआई का एक प्रतिनिधि मंडल ने सूबे के मुखिया भूपेश बघेल के नाम जिला कलेक्टर बीजापुर को एक माँग पत्र सौंपा है । जिसमें माँग की गई है कि मृतक परिवारों को 50 -50 लाख रुपये के साथ एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

# एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल परियोजना में राजभाषा पखवाड़ा का समापन

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



14 सितंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा हिन्दी भाषा को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया था, इसलिए 14 सितम्बर को हिंदी दिवस एवं 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है।

एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के अधिशासी निदेशक आर. गोविंदराजन के अनुमोदन से परियोजना में 31 अगस्त से 13 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया, जिसका समापन 14 सितंबर को किया गया। राजभाषा पखवाड़ा के दौरान परियोजना के कर्मचारियों, गृहणियों सभी के लिए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, जिनके विजेताओं को आज अधिशासी निदेशक महोदय के करकमलों से पुरस्कृत किया गया।


SHRI BALAJI INTITUTE OF NURSING, MOWA, RAIPUR (C.G.)

APPOINTMENT

Approved by Regulatory council under temporary Affiliation College to
Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Raipur

| S.No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience as per INC Norms |
|---|---|---|---|
| 01. | Vice Principal Cum Professor | 01 | 12 Year Experience with M.Sc (N) out of which 10 Year should be teaching experience with minimum of 5 year in collegiate programme Ph.D (N) is desirable. |
| 02. | Professor | 02 | 10 Year Experience with M.Sc (N) out of which 07 Year should be teaching experience |
| 03. | Associate Professor/Reader | 05 | M.Sc. (N) With 8 Year experience including 5 years teaching experience Ph.D (N) desirable. |
| 04. | Assistant Prof./ Lecturer | 10 | M.Sc.(N) with 3 Years teaching experience Ph.D (N) desirable |

**Other terms & conditions :-** 1. Teaching Experience : As per Council Norms. 2. Pay Scale : As per UGC Pay Scale/ State Govt/ Pay Scale. 3. Reservation : As per State Government Norms

**Selection Criteria :-**
Selection will decide on Merit . Merit list will be prepared on the basis of academic marks, Educational qualification ,interview, experience and Academic Contribution of candidate in various field like-
* Number of paper publication in Various national/ international journals * Paper presentation in conference. * Total No. of Conference Attended.

**Last date of receipt of application :-** within 15 Days from the date of publication of advertisement.


# भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान धनराज ने बच्चों को खेल के प्रति किया जागरूक




पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

नवोदय विद्यालय मे आयोजित हुआ वेबिनार, देश के अलग अलग जगहों से लगभग 4438 बच्चे हुए शरीक.वेब के ज़रिये अतिथियों से हुए रूबरू, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान पद्मश्री एवं ध्यानचंद खेल रत्न धनराज पिल्लाई, विशेष अतिथि ज्ञानेंद्र कुमार संयुक्त आयुक्त नवोदय विद्यालय स्कूल, पीएस सरदार डिप्टी कमिश्नर नवोदय आरओ भोपाल शामिल रहे, देश के विभिन्न जगहों के बच्चों ने की खुलकर बात,सबसे बड़ी बात जहां सुकमा ज़िला को सिर्फ़ नक्सलवाद के नाम से जाना जाता था वहाँ के बच्चे देश के इतनी बड़ी हस्ती के साथ खुलकर बात किए, सुकमा नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम का संचालन सुकमा नवोदय के ओर से मोहम्मद रफ़ी (बाइयोलाजी) राष्ट्रीय खेल कमेंटेटर, प्रभारी प्रिंसिपल राकेश कुमार ओझा, रजिया मोहम्मद फ़िज़िकल शिक्षिका एवं अन्तराष्ट्रीय व्यायामी मुख्यरूप से रहे मौजूद।

# ढाई साल बाद छलका प्लेसमेंट कर्मचारियों का दर्द

■ कॉंग्रेस की सरकार बनने के दस दिन के अंदर नियमतिकरण का वायदा भूल गयी सरकार

**नारायणपुर।** प्रदेश की कॉंग्रेस सरकार से प्लेसमेंट कर्मचारियों ने गुहार लगाई है और उनको वादा याद दिलाया है वर्ष 1997 तक के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण होने के बाद से 1998 से लेकर आज दिनांक तक हम ही वह कर्मचारी हैं जो आज तक कार्यरत है और एक दिसंबर 2014 से आज दिनांक तक प्लेसमेंट के माध्यम से हमसे काम लिया जा रहा है। नगरीय निकाय कर्मचारी कोरोना काल में भी अपने पूरे परिवार की जान जोखिम में डालकर ड्यूटी कर रहे है। ये कहते हुए नगर पालिका अध्यक्ष को प्लेसमेंट कर्मचारियों ने मंगलवार को एक ज्ञापन दिया। अध्यक्ष को याद दिलाया गया कि कांग्रेस के जन घोषणा पत्र में भी अनियमित कर्मचारियों को सरकार बनने पर 10 दिन के अंदर हम अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने का वायदा किया गया है आज पूरे ढाई साल होने के बाद भी आज तक नियमितीकरण नहीं हुआ है इस मार्फत कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से नगर पालिका अध्यक्ष को सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा एवं सरकार से वादा निभाने का आग्रह किया।

# लगातार हो रही बारिश के चलते पिनगुंडा पुल पर आयी बाढ़

■ साप्ताहिक बाजार की गाड़ियां यात्री बस पुल के किनारे फंसी

**नारायणपुर।** बीती रात से नारायणपुर जिले में हो रही रिमझिम बारिश के चलते नारायणपुर ओरछा मार्ग पर पिनगुंडा पुल में बाढ़ आने से आज साप्ताहिक बाजार के लिए गई व्यापारियों की गाड़ी नाले के किनारे खड़ी हुई है वही ओरछा से आ रही यात्री बस भी दूसरे किनारे खड़ी हुई है जिससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं जब तक पुल से पानी कम नहीं हो जाता तब तक दोनों किनारों पर लोगों को भीड़ जमी रहेगी। अधिक समय तक पिनगुंडा पुल में पानी भरा होने से आज का साप्ताहिक बाजार खराब हो जाएगा वही अबूझमाड़ के दूरस्थ अंचल से आने वाले ग्रामीण अपनी रोजमर्रा की जरूरत की सामग्री के लिए साप्ताहिक ओरछा बाजार पहुंचते हैं बाजार शुरू नहीं होने से ग्रामीणों को खाली हाथ लौटना पड़ेगा वही बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही है लगातार रिमझिम बारिश हो रही है अब नदी किनारे फंसे व्यापारियों और यात्री बस के सवारियों को पुल से पानी कम होने का इंतजार करना पड़ेगा।

संपादकीय

## नीट परीक्षा

## केंद्र व राज्यों में मतभेद

**वर्तमान** स्वरूप में नीट परीक्षाओं से केन्द्र तथा अनेक राज्यों के बीच मतभेद पैदा हो रहे हैं। तमिलनाडु राष्ट्रीय योग्यता सह प्रवेश परीक्षा-नीट से स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश से मुक्ति चाहता है क्योंकि ये अमीर व विशिष्ट छात्रों के पक्ष में हैं। द्रमुक सरकार ने सोमवार को विधानसभा में नीट 'समाप्त' करने का एक विधेयक भी पेश किया। इसका कारण रविवार को नीट परीक्षा से पहले एक खेतिहर मजदूर के बेटे की आत्महत्या से राज्य में मचा राजनीतिक तूफान है। आत्महत्या का कारण यह था कि वह बच्चा अतीत में नीट में दो बार फेल हो चुका था और तीसरी बार फेल होने से डर रहा था। 2017 में भी यह कुछ राज्यों में आत्महत्या का कारण बनी थी जिसने पूरे राज्य को झकझोर दिया था, हालांकि इस विभीषिका से निपटने के लिए कुछ नहीं किया गया। अनुसूचित जाति के एक श्रमिक की लड़की ने भी आत्महत्या कर ली थी क्योंकि उसे सीबीएसई-आधारित नीट परीक्षा में 720 अंकों में केवल 86 नंबर मिले थे, जबकि वह राज्य बोर्ड की परीक्षा में 1200 नंबरों में से 1176 नंबर प्राप्त कर पास हुई थी। उस साल कटआफको देखते हुए उसे अपने कक्षा 12 के नंबरों के आधार पर प्रवेश मिल सकता था। उसने एक याचिकाकर्ता के रूप में नीट को चुनौती देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, पर इसका कोई नतीजा नहीं निकला। छात्रों के लिए आघात का कारण बनने वाली किसी परीक्षा का कोई अर्थ नहीं है। इस भेदभाव के कारण परीक्षा की समीक्षा की जानी चाहिए। मुद्दे समझना कठिन नहीं है। अन्य सभी राज्यों की तरह तमिलनाडु में भी राज्य बोर्ड तथा सीबीएसई पाठ्यक्रम में संगति नहीं है। इसलिए सीबीएसई पाठ्यक्रम पर आधारित नीट परीक्षा राज्य बोर्ड छात्रों के लिए कठिन लगती है।

संयोग से इंजीनियरिंग सीटों के लिए जेईई मेन्स भी सीबीएसई आधारित है, लेकिन विवाद केवल नीट पर होता है। बहुसंख्य छात्र गैर-सीबीएसई धारा के होते हैं। निजी ट्यूशनों का लाभ न ले पाने वाले गरीब छात्रों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है। तमिलनाडु की राजनीतिक पार्टियों ने जोर दिया है कि प्रवेश राज्यों पर छोड़े जाने चाहिए, लेकिन केन्द्र एक केन्द्रीकृत प्रक्रिया पर जोर दे रहा है। न्यायपालिका ने भी नीट का समर्थन किया है। केन्द्र या राज्यों द्वारा मध्यम मार्ग अपनाने से इनकार करने के कारण यह मुद्दा राजनीतिक हो गया है। इस प्रकार मूलतः पाठ्यक्रम से संबंधित मुद्दा गरीबों और अमीरों के बीच संघर्ष का विषय बन गया है। कुछ राजनेता बाहरी-भीतरी का मामला उठा कर तर्क दे रहे हैं कि नीट परीक्षा समाप्त होनी चाहिए क्योंकि यह स्थानीय छात्रों के बजाय सीबीएसई छात्रों के पक्ष में है जो तमिलनाडु से बाहर के हो सकते हैं। पाठ्यक्रम पर पुनर्विचार कर इन ध्रुवीकरण वाले तर्कों को समय रहते ही कुचल देना चाहिए। संशोधित नीट परीक्षा में किसी पृष्ठभूमि वाले छात्रों से भेदभाव नहीं होना चाहिए तथा सीबीएसई व राज्य बोर्डों के पाठ्यक्रम में संतुलन बना कर कक्षा 12 में मिले नंबरों को भी महत्व दिया जाना चाहिए। चिकित्सा शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है, अतः केन्द्र व राज्यों के साथ ही भारतीय चिकित्सा परिषद को भी एकसाथ आकर पाठ्यक्रम तय करना चाहिए। राज्य बोर्डों के छात्रों को समय रहते संशोधित पाठ्यक्रम के माध्यम से समायोजित करने का दूसरा कदम उठाया जाना चाहिए। इस प्रकार नीट को अस्वीकार करने की कोई आवश्यकता नहीं है। राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीकृत परीक्षा व्यवस्था के अभाव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का महत्व ही समाप्त हो जाता है।

# दूरसंचार क्षेत्र में परस्पर विरोधी नीतियां

### असली समस्या उन नीतियों व विनियामक परिवेश के कारण है जिसमें एक उद्यम का पक्ष लेकर दूसरों पर निशाना लगाया जाता है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



**टेलीकाम** आपरेटरों में एयरटेल, वोडाफोन आइडिया या वाई तथा रिलायंस जियो शामिल हैं जिन्होंने केंद्र के समक्ष अपनी मांगे रखी हैं। उनका संबंध मुख्यतः लाइसेंस फीस से है। उन्होंने लाइसेंस फीस एडजस्टेड ग्रास रेवेन्यू-एजीआर के तीन प्रतिशत से घटा कर एक प्रतिशत करने, युनिवर्सल सर्विस आब्लीगेशन फंड-यूएसओएफ में योगदान एजीआर के पांच प्रतिशत से घटा कर एक प्रतिशत करने तथा स्पेक्ट्रम यूज़र चार्जेज़-एसयूसी को 3-6 प्रतिशत के बजाय समान रूप से सभी आपरेटरों के लिए तीन प्रतिशत रखने की मांग की है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आपरेटर ने संबंधित बैंडों में कितना स्पेक्ट्रम प्राप्त किया है। आपरेटरों के लिए स्पेक्ट्रम पट्टे की अवधि 20 साल से बढ़ा कर 40 साल करने की मांग भी है। वे दो साल के बजाय भुगतान के लिए 7-10 साल की सीमा चाहते हैं। उनकी मांग है कि सभ्ज्ञी बकाया भुगतान दायित्वों पर ब्याज दरें घटाई जाएं, एजीआर बकाया को 9-10 प्रतिशत के बजाय चार प्रतिशत या उससे कम किया जाए, केवल टेलीकाम राजस्व का आंकलन लाइसेंस फीस व एसयूसी के लिए किया जाए तथा टैरिफ व फाइनेंसियल एंड पर्फामेंस बैंक गारंटियों-बीजी के आधार मूल्य पर भारतीय दूरसंचार नियामक अधिकरण-ट्राई से विचार विमर्श की प्रक्रिया जल्दी पूरी की जाए।

बताया जाता है कि सरकार ने भविष्य में एसयूसी प्रतिशत घटाने, भुगतान के लिए दो साल की अतिरिक्त सीमा देने, एजीआर गणना को केवल टेलीकाम राजस्व तक सीमित करने तथा एजीआर बकाये व डेफर्ड स्पेक्ट्रम भुगतानों-डीएसपी पर बीजी घटाने पर सहमति प्रकट की है। इसके साथ ही उसने 'चार साल बाद वीआई बकायों के एक हिस्से को शेयरों में बदलने' का विकल्प भी दिया है। इन रियायतों से आपरेटरों तक नकदी प्रवाह की स्थिति सुधर जाएगी, हालांकि लेवी के संबंध में ज्यादा मांगें मानने का मजबूत तर्क बना हुआ है। वर्तमान परिवेश में आपरेटर स्पेक्ट्रम खरीद रहे हैं, जबकि पहले यह लाइसेंस से बंधा होता था। ऐसे में लाइसेंस फीस व एसयूसी एकत्र करने का कोई औचित्य नहीं है। इसके साथ ही ग्रामीण ढांचागत संरचना निर्माण के लिए यूएसओफ्लेवी जारी रखने का उचित कारण नहीं है क्योंकि इस मद में प्राप्त पैसे का समुचित उपयोग नहीं हुआ है। हालांकि, लेवी में भारी कमी के बावजूद एक बड़े आपरेटर को वर्तमान समय में जारी वित्तीय विभीषिका से बचाना आसान नहीं होगा। इसके पीछे असली समस्या उन नीतियों व नियामक परिवेश के कारण है जिसने एक उद्यम का पक्ष लेकर दूसरों पर निशाना लगाया है। नीतियों के मोर्चे पर जहां दूसरे आपरेटरों को लाइसेंस व स्पेक्ट्रम प्राप्त करने के लिए बहुत अधिक भुगतान करना पड़ा, वहीं यह आरजियो को बहुत कम पैसे में मिल गया। उसने एक अनजान उद्यम इन्फोटेल ब्राडबैंड सर्विसेज़ प्रा. लि.-आईबीएसपीएल से 2010 में लाइसेंस प्राप्त कर इंटरनेट सेवा प्रदाता-आईएसपी का दर्जा प्राप्त कर लिया था। इस कारण उसे 12,837 करोड़ रुपये का भुगतान कर अखिल भारतीय ब्राडबैंड वायरलेस स्पेक्ट्रम-बीडब्लूए प्राप्त कर लिया था। इसे केवल 1,658 करोड़ रुपये का भुगतान कर वायस सेवायें प्रदान करने के लिए एक यूनीफाइड लाइसेंस-यूएल में बदल दिया गया, जबकि टेलीकाम कंपनियां यह भुगतान 2001 में करती थीं।

नियामक मोर्चे पर भी ट्राई ने लीक से हट कर आरजियो का पक्ष लिया। सितंबर, 2016 में आरजियो ने 'बहुत कम' कीमत पर बाजार में 'मुफ्त' व 'असीमित' वायस काल तथा कम कीमत पर डेटा देने का प्रस्ताव किया। इस कारण बाकी टेलीकाम आपरेटरों को आरजियो का मुकाबला करने के लिए अपनी दरों में भारी कमी के लिए मजबूर होना पड़ा। इस परिवर्तन के बाद भारत में डेटा एक डालर प्रति जीबी से भी कम हो गया, जबकि ग्राहकों को इसके लिए जापान में 30 डालर, कोरिया में 18 डालर, ब्रिटेन में 15 डालर तथा अमेरिका में 10 डालर देने पड़ते थे। फरवरी, 2018 में ट्राई ने टेलीकाम टैरिफ आर्डर-टीटीओ में परिवर्तन कर किसी फर्म को प्रीडेटर या हानिकारक घोषित कर दिया यदि वह औसत परिवर्तनीय लागत-एवीसी से कम पर सेवायें देती तथा उसके पास बाजार का 30 प्रतिशत या उससे अधिक हिस्सा होता। 2017-18 में जहां सभी दूसरी फर्में एवीसी के नीचे बिक्री कर रही थीं तथा आधिकारिक फर्मों के पास बाजार का हिस्सा 30 प्रतिशत से अधिक था, हालांकि आरजियो का हिस्सा 30 प्रतिशत से कम था। नियामक की नजर में बाद वाली के बजाय पहले वाली कंपनियां प्रीडेटर थीं। संशोधित आदेश के 'एकपक्षीय' व 'भेदभावपूर्ण' होने के कारण इसे टेलीकाम डिस्प्यूट्स सेटलमेंट अपीलेट ट्राइब्यूनल-टीडीसैट ने खारिज कर दिया। लेकिन 13 दिसंबर, 2018 को टीडीसैट का फैसला आने तक नुकसान हो चुका था। इसके कारण आरजियो के आने से पहले जो आधिकारिक फर्में मुनाफा कमा रही थीं, उनको नुकसान होने लगा। अनेक आपरेटरों ने अपनी कंपनियां बंद कर दीं, जबकि दूसरों को अन्य कंपनियों ने खरीद लिया। आज आरजियो को मिला कर केवल तीन निजी आपरेटर बचे हैं जिनमें वीआई व एयरटेल शामिल हैं, जबकि 2016 के पहले इनकी संख्या एक दर्जन से अधिक थी। सभी तीन आपरेटरों ने दिसंबर, 2019 में अपनी दरों में लगभग 50 प्रतिशत वृद्धि कर दी। हालांकि, इसके बावजूद डेटा की कीमत बहुत कम, केवल 2 डालर प्रति जीबी बनी हुई थी।

एयरटेल के साथ वीआई को हाशिये पर धकेलने में अक्टूबर, 2019 में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले ने भूमिका निभाई जिसने उनको 'बकाया' लाइसेंस फीस व एसयूसी भुगतान का आदेश दिया। 'बकाये' का कारण दूरसंचार विभाग-डीओटी का दृष्टिकोण था जिसके आधार पर लेवी, दूरसंचार सेवा राजस्व व एजीआर का निर्णय किया जाता था। इसे भी गैर-दूरसंचार सेवाओं, जैसे स्थाई संपत्तियों की बिक्री, डिविडेंट, ब्याज, आदि की तरह राजस्व माना जाता था। यह मांग एक दशक से अधिक समय से जारी बकाया की थी। इसका कारण दूरसंचार व गैर-दूरसंचार राजस्व के आधार पर निर्धारित धनराशि तथा आपरेटरों द्वारा भुगतान की गई धनराशि के बीच अंतर था। इसके साथ ही बकाया धनराशि पर ब्याज व जुर्माना तथा जुर्माने पर ब्याज की धनराशि वीआई पर 58,000 करोड़ तथा एयरटेल पर 36,000 करोड़ थी। इसके कारण वीआई व एयरटेल को भारी धक्का लगा, जबकि आरजियो पर इसका प्रभाव नगण्य, केवल 13 करोड़ था। हालांकि, एयरटेल किसी तरह इस मुसीबत से निकल सकी जिसमें दिसंबर, 2019 में दरें बढ़ाने का भी कुछ योगदान था, लेकिन वीआई एजीआर व डीएसपी दायित्वों के कुल 1,60,000 करोड़ होने के कारण संकट में घिरी है। सरकार द्वारा दी गई रियायतों के बावजूद वीआई इस संकट से उबरने में भारी कठिनाई का अनुभव कर रही है।

इस संकट के कारण कंपनी बंद हो जाएगी। इस प्रकार 1.35 बिलियन जनसंख्या के लिए केवल दो आपरेटर बचेंगे। वैश्विक अनुभव से स्पष्ट है कि कम आपरेटरों वाले बाजार में दरें ऊंची होती हैं। इस प्रकार केवल दो कंपनियां होने पर दरों में भारी वृद्धि का जोखिम बना हुआ है। इससे बचने का रास्ता वीआई को एक विशेष पैकेज देना है ताकि वह अपने बकाये का एक हिस्सा शेयरों में बदल सके। लेकिन यह कदम 'फौरन' उठाया जाना चाहिए और इसके लिए चार साल प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए जिसका सुझाव दूरसंचार विभाग ने दिया है। लगभग 235 मिलियन ग्राहकों की विशाल संख्या, व्यापक नेटवर्क तथा परिसंपत्तियों की गुणवत्ता व दूरसंचार सेवाओं में प्रगति की संभावनाओं को देखते हुए केन्द्र सरकार को वीआई के ज्यादातर शेयर खरीद कर इस पर बकाये को देखते हुए नियंत्रण स्थापित करना चाहिए।

लेकिन इसे एकमात्र अवसर की तरह देखना चाहिए। सक्षम व मुनाफे वाली कंपनियों के लिए उनको नौकरशाही से सुरक्षित रखना होगा। इसके साथ ही ट्राई को दरों की 'आधारभूत कीमत' पर अपनी संस्तुतियां फौरन पेश करनी चाहिए तथा उनको लागू करने के लिए कठोर कदम उठाने चाहिए। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि प्रतिस्पर्धा के नाम पर कंपनियों को बरबाद करने की घटना दुहराई नहीं जाएगी।

# स्कोलियोसिस : एक महामारीजनित व्याधि

**परिधि ओझा**
(लेखिका एक फिजियोथेरेपिस्ट हैं)




> लॉकडाउन के दौरान लंबे समय तक बैठे रहने से शरीर में मस्कुलोस्केलेटल परिवर्तन होने की संभावना पैदा हो जाती है।

**पीठ** दर्द वयस्कों में परेशानी का एक प्रसिद्ध स्रोत है, लेकिन इसका निदान बच्चों और किशोरों में अधिक बार किया जा रहा है। अधिकांश माता-पिता यह उम्मीद नहीं करते हैं कि स्वस्थ बच्चे पीठ दर्द की शिकायत करेंगे- एक समस्या जो आमतौर पर मध्यम आयु या बाद में जुड़ी होती है। हालांकि, अध्ययनों से पता चला है कि पीठ दर्द 14 प्रतिशत से 24 प्रतिशत बच्चों और किशोरों में होता है।

महामारी के कारण ऑनलाइन सीखने के कारण कंप्यूटर के सामने लंबे समय तक बैठे रहने से तनाव और शरीर में मस्कुलोस्केलेटल परिवर्तन होने की संभावना है। बच्चों में पीठ दर्द के सामान्य होने के कुछ कारणों में शरीर का औसत वजन, मोटापा, तीव्र लेकिन कम खेल गतिविधियां, और महत्वपूर्ण रूप से, स्क्रीन के समय में वृद्धि शामिल है।

पीठ की समस्याओं की गंभीरता का निर्धारण करना एक चुनौती बनी हुई है, विशेष रूप से क्या दर्द के लिए चिकित्सा की आवश्यकता है या यह सिर्फ एक साधारण तनाव है, और यह जानना कि महंगे विशेष इमेजिंग परीक्षण कब मददगार हो सकते हैं। किशोरों में पीठ दर्द की समस्या अधिक गंभीर हो सकती है या नहीं, यह समझने में सहायता करने के लिए चेतावनी के संकेत हैं। जबकि खराब मुद्रा या मांसपेशियों में खिंचाव लंबे समय तक दर्द का कारण बन सकता है, सबसे सरल स्तर पर, यदि कोई दर्द कुछ दिनों से अधिक समय तक रहता है या उत्तरोत्तर खराब हो जाता है, तो चिकित्सकीय परामर्श लेना अनिवार्य है।

स्कोलियोसिस रीढ़ की हड्डी (रीढ़) की विकृति है। स्कोलियोसिस एक ऐसी स्थिति को संदर्भित करता है जहां रीढ़ की हड्डी में एक तरफ वक्र होता है, और रीढ़ की हड्डी का वक्र 10 डिग्री या उससे अधिक मापता है। पीछे से देखने पर एक सामान्य रीढ़ सीधी दिखाई देती है। लेकिन स्कोलियोसिस वाले बच्चे की रीढ़ की हड्डी स या ष्ट आकार की होती है। इस प्रकार बच्चा ऐसा लग सकता है कि वह एक तरफ झुक रहा है। वक्र रीढ़ की दाईं या बाईं ओर हो सकता है। या यह दोनों तरफ अलग-अलग वर्गों में हो सकता है। मध्य (वक्ष) और निचली (काठ) रीढ़ दोनों प्रभावित हो सकते हैं। स्कोलियोसिस में आमतौर पर कोई दर्द नहीं होता है, इसलिए लक्षण अक्सर किसी का ध्यान नहीं जा सकते हैं। माता-पिता या देखभाल करने वालों को अपने बच्चे में निम्नलिखित



लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए- असमान कंधे, एक तरफ लगातार झुकना, असमान पैर की लंबाई, प्रमुख कंधे के ब्लेड, एक असमान कमर, या ऊंचे कूल्हे। पीठ दर्द वाले अधिकांश बच्चों में ऐसे लक्षण होते हैं जो बिना किसी संरचनात्मक असामान्यता के मांसपेशियों या लिगामेंट की चोट के परिणामस्वरूप होते हैं। अधिक गंभीर समस्याओं पर ध्यान देने के लिए पीठ दर्द की चेतावनी के कुछ संकेतों में शामिल हैं- रात में दर्द (विशेषकर दर्द जो आपके बच्चे को नींद से जगाता है), सामान्य बीमारी के लक्षण (बुखार, ठंड लगना, अस्वस्थता, वजन कम होना), कई हफ्तों से अधिक समय तक बने रहने वाले लक्षण, बहुत छोटे बच्चों में लक्षण, पैर में दर्द, सुन्नता या कमजोरी। ये चेतावनी संकेत जरूरी नहीं कि एक गंभीर समस्या का संकेत देते हैं, हालांकि, यह निर्धारित करने के लिए कि क्या अधिक मूल्यांकन किया जाना चाहिए, वे एक अच्छा स्क्रीनिंग टेस्ट हैं। उदाहरण के लिए, मांसपेशियों में पीठ दर्द महीनों तक बना रह सकता है।

बच्चों और किशोरों में पीठ दर्द असामान्य नहीं है और समय के साथ यह आम होता जा रहा है। इसका एक हिस्सा बच्चों की गतिविधियों में बदलाव के कारण होता है, और एक हिस्सा बच्चों की कंडीशनिंग में बदलाव के कारण होता है। यदि आपका बच्चा पीठ दर्द का अनुभव कर रहा है, खासकर यदि यह उल्लिखित चेतावनी संकेतों से जुड़ा है, तो उसे भौतिक चिकित्सक द्वारा देखा जाना उचित है। उचित उपचार शुरू करना, और लक्षणों में सुधार सुनिश्चित करना, यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकता है कि समस्याएं पुरानी न हों।

यहां पर बच्चों और माता-पिता के लिए अच्छी खबर यह है कि पीठ दर्द की शिकायत वाले अधिकांश बच्चों को राहत मिलती है जो कि स्थायी प्रकृति की होती है। जबकि पीठ दर्द खेल और दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों में समस्या का कारण बन सकता है, उचित उपचार के साथ, ये बच्चे लगभग हमेशा पूर्ण गतिशीलता और बेचैनी की समाप्ति पर लौट आते हैं।

## फरमाया



**जब** हम पंजाब, गोवा और उत्तराखंड में आगे बढ़ते हैं तो हमें ईडी की नोटिस मिलती है। भाजपा की यह कारगुजारियां सफल नहीं होंगी।

- **अरविंद केजरीवाल**
आम आदमी पार्टी प्रमुख



**अफगान** नेतृत्व तालिबानियों का मुकाबला करने तथा जो शांतिपूर्ण समाधान अफगानी चाहते थे उसे हासिल करने में विफल रहा।

- **जेन्स स्टोल्टेनबर्ग**
नाटो महासचिव



**मैं** मायूस नहीं हूं। मैं 18 साल की उम्र से भाजपा में काम कर रहा हूं, और चाहे मुझे कोई पद मिले या न मिले, मैं काम करता रहूंगा।

- **नितिन पटेल**
गुजरात भाजपा विधायक

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

www.dailypioneer.com

## ऐसी पढ़ाई से क्या लाभ

**आखिर** विश्व जनमत के सामने झुकते हुए आंखें तालिबान ने लड़कियों को पाबंदियों के साथ पढ़ाई करने की इजाजत दे दी है मगर उसमें भी कई पाबंदियां भी लगाई हैं। लड़का एवं लड़की एक साथ बैठकर नहीं पढ़ सकेंगे। लड़कियों के लिए पूर्व की भांति इस्लामी पोशाक पहनना अनिवार्य होगा, अर्थात उनका पूरा शरीर ढका होना चाहिए। लड़कियों के लिए लड़की ही टीचर रहेगी। इस प्रकार तालिबान शासन ने इतने अधिक प्रतिबंध लगाए हैं कि लड़कियां स्वयं घबरा कर पढ़ना छोड़ दें। मान लो सब प्रतिबंध झेलते हुए लड़की पढ़ भी ले तो उसे नौकरी करने का अधिकार भी नहीं दिया गया है। आखिर इन परिस्थितियों में वह अपने परिवार का पालन पोषण किस तरह से करेगी। जहां लड़की बिना पुरुष की मदद के घर से बाहर नहीं निकल सकती वहां इस पढ़ाई करने से भी क्या फायदा होगा। दूसरी बात यह है कि महिलाओं एवं पुरुषों को शरीयत के कानून में बंध कर ही रहना होगा। ऐसे में किस तरह नारी जाति को सम्मान पूर्वक जीवन मिल सकेगा? हमें तो इस बात में संदेह है नौकरी करना तो बेचारी की किस्मत में लिखा ही नहीं है तब उसके दाल रोटी की चिंता कौन करेगा।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

## भ्रष्टाचार क्यों?

**कभी-कभी** ओहदा अहंकार को और अहंकार मनमानी को जन्म देता है। सरकार द्वारा खोले गए दफ्तरों का काम लोगो की सहायता करना है, लेकिन जब कुछ कर्मचारी रिश्वतखोर बनके असहाय लोगो की मजबूरी का फायदा उठाते है तो यह मानवता का हनन होता है। देशभर में कई सरकारी दफ्तर है, जो विभिन्न छेत्रो में लोगों के लिए काम करती है, इन दफ्तरों में कर्मचारियों का धर्म और कर्म लोगो की सेवा करना होता है, फिर, क्यो कुछ कर्मचारी सहायक न बनके भ्रष्टाचार के मुरीद बन जाते हैं? भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक के अनुसार, भारत 180 देशों में 86वें स्थान पर है, जिसमें कुछ कार्यालय भ्रष्टाचार करने में उच्च दर साझा करते हैं। दरअसल, सरकार द्वारा स्थापित किए गए कुछ दफ्तारो में कहीं न कहीं, कोई न कोई भ्रष्टाचार की लपटो से ??अछूता नहीं होता है; दफ्तरों व विभिन्न कार्यालयो में कुछ कर्मचारी ऊपरी कमाई का इंतजार एतबार से करते है। अब अगर सरकार लोगो का हित समझती है तो उन्हें इस स्थिति से निपटने के लिए कारगर कदम उठाने होंगे क्योकि अगर इस स्थिति पर अभी कुछ न करा गया, तो वह दिन दूर नहीं जब देश में भ्रष्टाचार की जडे मजबूत होंगी।

– **निखिल रस्तोगी,** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरियाणा

## शर्मनाक घटना

**यह** पत्र 'निर्भया कांड की पुनरावृत्ति' के संदर्भ मे है। क्या दिल्ली की निर्भया बलात्कार के बाद इस तरह के मामले बंद हो गये, बिल्कुल नहीं, यह तो मीडिया का शुक्र है कि समय समय पर वह ऐसे मामले उजागर करके लोगों को सच्चाई से अवगत करता रहता है। वरना समाज मे कोई भी बदलाव नहीं आया है और यह शर्मनाक ही है की मृत्युदंड की सजा भी अगर कड़ी चेतावनी का काम नहीं कर रही है और लोग अभी भी निर्भीक हो कर ऐसी वारदात को अंजाम दे रहे हैं तो भगवान ही कुछ कर सकता है। मुंबई जो की ऐसे शहर के रूप मे जाना जाता है जहां महिलाएं निडर होकर रात को भी घर से बाहर निकल सकती हैं वहां अगर ऐसी घटना होती है तो निश्चित रूप से शर्मनाक बात है। मुंबई उच्च न्यायालय के नागपुर पीठ के फैसले केवल एक गलत संदेश भेजते हैं की वह कैसे दंड से बच सकते हैं. महिलाओं से कोई भी अभद्रता बर्दाश्त नहीं होनी चाहिए, अगर हम समाज मे अपनी महिलाओं को आदर और सम्मान नही दे सकते तो हमें एक विकसित देश बनने का सपना देखने का कोई हक नहीं है।

– **बाल गोविंद,** सेक्टर 44, नोएडा

# जिला प्रेस क्लब का चुनाव, प्रकाश वर्मा पुन: अध्यक्ष बने

## अन्य दलों पत्रकारों को जोड़ने के लिए प्रभारी बने अभिताब नामदेव जो कि पूर्व में भी 3 अन्य संगठनों के जिलाध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कार्यकाल समापन के पश्चात कबीरधाम जिला प्रेस क्लब के सभी सदस्यों को अवगत कराई गई थी। सोमवार प्रातः 10.00 बजे जिला प्रेस क्लब कवर्धा में आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष प्रकाश वर्मा के उपस्थिति पर बुलाई गई थी उपस्थित सभी सदस्यों को बैठक का एजेंडा निम्न हैं बताई गई थी जिसमे प्रेस क्लब का चुनाव व नए सदस्य शामिल करना मुख्य बिंदु था। उपस्थित सदस्यों को एजेंडे पर चर्चा करने आमंत्रित किया गया था उक्त सदस्यों के द्वारा चुनाव कराना सहमति बनी थी और सभी सदस्यों का एवं पदाधिकारियों का कार्यप्रणाली संतुष्टि जनक रहा जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रकाश वर्मा के द्वारा पत्रकारों के विकास के लिए लगातार संघर्ष भी रहा है इसी का परिणाम है पत्रकारों को आवास के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से टोकन मनी पर भूमि आवंटित कराने आग्रह किया गया था जिसे स्वीकार करते हुए डॉ. रमन सिंह ने जिला अध्यक्ष प्रकाश वर्मा के अगवाई पर सहकारी समिति निर्माण का पंजीयन वर्ष 2010 कराते हुए टोकन मनी से पत्रकारों को आवास के लिए भूमि आवंटित



करने पत्र जारी किया है। पत्र जारी किया है उक्त पत्र के आधार पर जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रकाश वर्मा सचिव विजय धृतलहरे के सतत प्रयास से पत्रकारों को आवास मिलने का संभावना प्रबल बन गई है वर्तमान सरकार के कवर्धा विधायक एवं कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर जिसे बीते दिनों प्रकाश वर्मा की अगुवाई पर जिले के समस्त दलो के पत्रकार साथियो ने मुलाकात उनके निवास रायपुर जाकर किया था जिसमें समस्त दल के पत्रकारों ने एकमत होकर मांग किया है जिसमे भूमि उपलब्ध कराने का मांग था।

बता दे कि मंत्री ने यह स्पस्ट करते हुए कहा कि जिला प्रेस क्लब कवर्धा जो कि पूर्व से पंजीकृत एवम नियमानुसार जिले में संचालित है तो इनके माध्यम से जिले के समस्त पत्रकारों को जमीन दिया जा सकता है इस पर सभी की सहमति भी बनी और प्रकाश वर्मा के ही मार्गदर्शन में जिले के समस्त पत्रकार बन्धुवों को उनके हक के मांग के लिए टोकन मनी के आधार पर जमीन दी जाएगी इस पर मंत्री मोहम्मद अकबर ने नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा को तुरंत वही पर निर्देशित करते हुए जिला प्रेस क्लब के साथ मिलकर कवर्धा कलेक्टर रमेश शर्मा के सहयोग से भूमि पत्रकारों के लिए चिन्हाकिंत कर जिला अध्यक्ष प्रकाश वर्मा को अवगत कराने निर्देश किया था और भूमि उपलब्ध होने के बाद विधिवत सहकारी समिति से पंजीकृत संस्था के पत्र पर मंत्री को आवेदन करने कहा गया था जिसकी पहल विगत 10 वर्ष पूर्ण से की जा रही थी, इसी कड़ी में जिला प्रेस क्लब कबीरधाम ने पहल करना प्रारंभ कर दिया है और कलेक्टर रमेश शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा से मुलाकात करने और भूमि चिन्हकिंत कराने के लिए पहल जारी है। किंतु पत्रकारों ने इसी बीच जिला प्रेस क्लब का कार्यकाल समाप्त होने के कारण पुनः निर्वाचन करने चर्चा हुई थी इसी का पालन करते हुए आज जिला प्रेस क्लब कबीरधाम का चुनाव कराया गया जिसमें सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वमान्य पूर्व के सभी पदाधिकारियों को यथावत बने रहने के लिए प्रस्ताव किया जिसे सर्व सहमति से पारित करते हुए जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रकाश वर्मा उपाध्यक्ष अमिताब नामदेवछत्रपाल सिंह ठाकुर अशोक मानिकपुरी महासचिव डीएन योगी यशवंत सिंह ठाकुर सचिव विजय कुमार धृतलहरे देवेंद्र चंद्रवंशी सह सचिव आदिल खान कार्यालय प्रभारी रशीद कुरेशी आदि को जिम्मेदारी सौंपी गई है वही सभी पूर्व पदाधिकारी व सदस्य यथावत अपने पदों पर बने रहने प्रस्ताव पास किया गया है और जिला प्रेस क्लब में नए सदस्यों को भी आवेदन करने आमंत्रित किया गया है। नए सदस्य जिला प्रेस क्लब का जो भी सदस्य बनना चाहेगा उन्हें अपना सभी दस्तावेज के साथ सचिव - विजय कुमार धृतलहरे उपाध्यक्ष -अमिताब नामदेव अध्यक्ष - प्रकाश वर्मा को आवेदन कर सकते हैं ।

जिनकी आवेदन पर शीघ्र विचार कर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। बैठक में चुनाव प्रक्रिया क्लब के एक्टिव सदस्यों द्वारा बहुत शांतिपूर्ण और सौहार्द्र भरे माहौल में पूर्ण हुआ है। वहीं पत्रकारों ने जोराताल जेल घर के पीछे भूमि चिन्हकिंत होने का सूचना प्राप्त किया है। जिससे समस्त पत्रकारों में हर्ष व्याप्त है जिसके लिए आगे की कार्यवाही हेतु शीघ्र जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रकाश वर्मा उपाध्यक्ष अभिताब नामदेव सहित महासचिवों के निर्देशन पर अन्य समस्त पदाधिकारियों के टीम ने कलेक्टर नगर पालिका अध्यक्ष व मंत्री से मिलकर कार्यवाही कराने की बात कही है । जिला प्रेस क्लब के चुनाव का सफल कार्यक्रम को बड़ी जिम्मेदारी पूर्वक भाई अभिताब नामदेव व छत्रपाल सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आज चुनाव संपन्न कराया गया है जिसमे डी एन योगी एवम अशोक मानिकपुरी पिपरिया प्रमुख सुनील आनन्द नामदेव सहित रूपेश चंद्रवंसी जलेश साहू पप्पू रसीद कुरैसी उपस्थित समस्त साथियो का विशेष सहयोग मिला वही संचालन आदिल खान ने किया है।

# आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष पखवाड़ा का आयोजन




पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने एक पत्र जारी कर कहा है कि 15 से 30 सितम्बर तक जिले में आयुष्मान भारत पखवाड़ा एवं 23 सितंबर 2021 को आयुष्मान भारत दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस पखवाड़े के दौरान योजनांतर्गत सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड पंजीयन करने, निःशुल्क इलाज की जानकारी का प्रचार-प्रसार करने एवं क्लेम को बढ़ाने के उद्धेश्य से पखवाड़ा के प्रत्येक दिवस एवं आयुष्मान भारत दिवस को विशेष गतिविधियां संचालित की जाएगी। जिले के समस्त पंजीकृत निजी एवं शासकीय अस्पतालों में आने वाले प्रत्येक ओ.पी.डी. या भर्ती मरीज का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जाएगा। संबंधित अस्पताल में पंजीयन की सुविधा न होने पर निकटस्थ च्वाइस सेंटरों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड पंजीयन होगा। पखवाड़े के दौरान जिले में शत-प्रतिशत हितग्राहियों का पंजीयन किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही आपके द्वार आयुष्मान अभियान के तहत पूर्व में बनाये गए आयुष्मान कार्ड का वितरण भी हितग्राहियों को निःशुल्क होगा। प्रत्येक दिवस प्रत्येक विकासखण्ड में शासकीय एवं निजी अस्पताल, सामुदायिक भवन, स्कूल, ग्राम पंचायत भवन, शहरी क्षेत्र में वार्ड कार्यालय, वैक्सिनेशन सेंटर इत्यादि में से एक या दो स्थानो में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी।

# हिंदी की दशा एवं दिशा पर विचार गोष्ठी आयोजित

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



हस्ताक्षर साहित्य समिति द्वारा हिन्दी दिवस पर जी.के.पणिकर के निवास स्थान शताब्दी नगर में हिंदी की दशा और दिशा पर विचार गोष्ठी एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष जे.आर. महिलांगे ने विचार गोष्ठी में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी हिंदी का विकास उस गति से नहीं हुआ है,जैसे होना चाहिए। यह विडंबना है, हिंदी भाषाईयों की तुलना में दक्षिण भारतीय या अन्य क्षेत्रीय भाषी लोग हिंदी को बखूबी बोल रहे हैं। राजभाषा के रुप में इसका उपयोग सम्मानित ढंग से नहीं हो रहा है। सरिता सिंह गौतम ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भगवान राम के वनवास की अवधि निर्धारित थी, पांडवों के अज्ञातवास की तिथि भी निर्धारित थी।किन्तु संविधान में निर्दिष्ट राज्याभिषेक से पहले हिंदी को अनिश्चितकालीन वनवास दे दिया गया। अपने ही घर में हिंदी पराजित हो गई,आज भी विदेशी भाषा शीर्ष स्थान पर सुशोभित है और हमारी करोड़ों कंठों की भाषा,जन,जन को जोड़ने वाली हमारी हिन्दी दोयम दर्जे में है। हिंदी भारतीय आत्मा है,यह भारतीय प्रतिबद्धता और लोक चैतन्य की भाषा है,हिंदी भाषी जनसमुदाय न लुप्त होंगे न पराजित होंगे और न अस्त होंगे,न वे अपनी हिंदी भाषा को लुप्त होने देंगे न पराजित होने देंगे न अस्त होने देंगे। भारतवर्ष में यह करोड़ों लोगों की भाषा है,इसे मात्र दिवस, पखवाड़े या माह तक के दायरे में सीमित कर देने की अपेक्षा उसकी उन्नति के लिए सार्थक पहल और उसकी अस्मिता के प्रति सतर्क रहना ज्यादा प्रासंगिक है। विचार गोष्ठी में अमित प्रखर ने विचार इस प्रकार साझा किए-हिंदी के उत्थान के लिए विविध आयोजन किए जा रहे हैं,किंतु सरकार को ईमानदारी से अपने प्रयास करने होगें,ताकि हिंदी अपने स्थान पर सुशोभित हो सके। इसी क्रम में किशोर संगदिल ने अपने संस्मरण सुनाते हुए कहा कि स्कूल, कालेजों में भी अंग्रेजी में भाषण देने वाले, वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को महत्त्व दिया जाता है, शिक्षकों को हिंदी के प्रचार-प्रसार पर ध्यान देना चाहिए।


# प्रसव उपरांत स्वास्थ्य केंद्र से टीकाकरण के बाद ही किया जाएगा डिस्चार्ज

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




प्रदेश भर में प्रसूताओं को प्रसव के बाद कोविड-19 टीकाकरण के बाद ही अस्पताल से छुट्टी दी जाएगी। इसी प्रकार सभी स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं का कोविड टीकाकरण ऑन स्पॉट पंजीकरण के आधार पर कराया जाएगा। इस संबंध में जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य, मातृ-शिशु अस्पताल में व्यापक व्यवस्था की गई है, प्रसूताओं को बेड पर ही टीका लगाया जाएगा। राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीआर भगत ने बताया, गर्भावस्था के दौरान कोविड-19 संक्रमण से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य में तेजी से गिरावट आ सकती है और यह भ्रूण को भी प्रभावित कर सकता है। ऐसे में विशेषज्ञों की कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण के लाभ इसके संभावित जोखिमों से कहीं अधिक हैं। टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजीआई, एमओएचएफडब्ल्यू) की सिफारिशों के आधार पर गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण को मंजूरी दी गई है। गर्भवती महिलाओं को कोविड-19 संक्रमण से सुरक्षित करने के लिए जिला स्तर पर मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी द्वारा पत्र जारी कर निर्देशित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार घोष ने बताया, जिले में लगभग 2.80 हितग्राहियों को प्रथम डोज दिया जा चुका है। नेशनल टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप ऑन इम्यूनाइजेशन (एनटीएजीआई) एवं (एनईजीवीएसी) द्वारा गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण की अनुशंसा की गई है। जिले में भी इसको लेकर पत्र द्वारा निर्देशित किया गया है जिसमें कोविड-19 टीकाकरण से मां बच्चा और परिवार को सुरक्षित किये जाने की बात की गयी है। जिले में लगभग 100 प्रसव रोज होते है और आज से इन सभी को टीका लगना शुरू हुआ है। उन्होंने कहा, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला) के रुप कार्य करने वाली फ्रंट लाइन हेल्थ वर्कर द्वारा गृहभ्रमण के दौरान गर्भवती महिलाओं को उनके या बच्चे के स्वास्थ्य पर कोविड-19 के संभावित जोखिमों, टीकाकरण के लाभों के बारे में जागरुक किया जाए।

# सोशल मीडिया वाट्सएप ग्रुप में जिला आबकारी अधिकारी के नाम पर अश्लील और भ्रामक चैट वायरल






पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

सोशल मीडिया व्हाट्सएप में बालोद जिला आबकारी अधिकारी अशोक सिंह के नाम पर अश्लील चैट वायरल किया गया है। इस चैट में यह दर्शाया गया है कि अशोक सिंह एक महिला से अश्लील बातें कर रहे हैं। इतना ही नहीं इन बातों में जिले के 3 बड़े वरिष्ठ अधिकारियों के भी नाम आए हैं। इस अश्लील चैट के वायरल होने के बाद जैसे ही मामले की जानकारी जिला आबकारी अधिकारी अशोक सिंह को लगी उन्होंने मंगलवार की देर रात को ही बालोद थाने में शिकायत करते हुए अपराध दर्ज करवाया है। जहां बालोद पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जांच चालू कर दी हैं।

वहीं पूरे मामले पर यह बात सामने आ रही है कि आखिर अश्लील चैट किसके द्वारा वायरल किया गया है और इस अश्लील चैट को बनाने वाला कौन है। मामले में आबकारी अधिकारी अशोक सिंह की माने तो यह उन्हें फंसाने के लिए किया जा रहा है। उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। अब बालोद पुलिस इस पूरे मामले की कड़ाई से जांच कर रही है कि इस तरह की हरकत किसने की है।

### हनीट्रैप से जुड़ा हो सकता है मामला

अश्लील चैट को पढ़ने के बाद में यह साफ नजर आ रहा है कि मामला हनीट्रैप से जुड़ा हो सकता है. जहां अधिकारियों को ट्रैप करने की बड़ी साजिश रचने की बात भी सामने आ सकती हैं. दरअसल उस चैट को पढ़ने के बाद में यह स्पष्ट हो रहा है कि किस तरह से और कितने गंदगी भरे शब्दों का उल्लेख किया गया है। वहीं अशोक सिंह के साथ-साथ जिले के 3 बड़े अधिकारियों का भी नाम लिखकर के उन्हें बदनाम करने की कोशिश की गई है। अब देखना होगा कि बालोद पुलिस किस तरह मामले की जांच करती हैं। हालांकि सूत्रों की माने तो यह पूरा मामला ब्लैक मेलिंग और हनी ट्रैप से जुड़ा हो सकता है।

# आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 30 सितम्बर तक विशेष पखवाड़ा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

**जिला कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने दिया पखवाड़ा में अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ने का निर्देश**

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के छूटे हुए लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 15 सितम्बर से 30 सितम्बर तक आयुष्मान पखवाड़ा के रूप में चलेगा। जिला कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने इस विषय पर स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों को भी इस कार्य की सफलता के लिए दिशा-निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश पर आयुष्मान कार्ड विहीन परिवारों को कार्ड उपलब्ध कराने के लिए पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में ऐसे परिवारों को लक्षित किया जाएगा, जिनमें एक भी आयुष्मान कार्ड उपलब्ध नहीं है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कोई भी शुल्क नहीं देना होगा। इसके लिए जन सेवा केंद्र चॉइस सेंटर्स या नजदीक स्वास्थ्य केंद्र पर निःशुल्क कार्ड बनवा सकते हैं। अभियान में पंचायती राज, ग्राम्य विकास विभाग और आईसीडीएस विभाग आदि का सहयोग भी लिया जाएगा। जहां लोग आसानी से पहुंच सकें, ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर कोविड गाइड लाइन का पालन करते हुए कैम्प लगाकर कार्ड बनाने का निर्देश भी उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को दिया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र कुमार मंडल ने इस विषय पर जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देश पर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत 15 से 30 सितंबर तक राज्य में आयुष्मान भारत पखवाड़ा का आयोजन रखा गया है। इसी प्रकार 23 सितंबर को आयुष्मान भारत दिवस के रुप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार 14 सितंबर को गुगल मीट के माध्यम से कवर्धा जिले के आयुष्मान कर्मचारियों की आवश्यक बैठक ली गई। बैठक में आयुष्मान भारत पखवाडा एवं आयुष्मान भारत दिवस की तैयारियों को लेकर जिले के समस्त पंजीकृत शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में बैनर, पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से प्रचार- प्रसार के निर्देश दिए गए। डॉ मंडल ने बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए चयनित स्थान पर बैनर लगाकर प्रत्येक हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कहा।

इसके लिए गांव-गांव में प्रचार-प्रसार आडियों रिकार्डिंग के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने आयुष्मान कर्मचारियों को बताया कि अगर किसी का अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बना है तो गांव में सरपंच और सचिव एवं मितानिनों से संपर्क कर गांव-गांव में मुनादी सुनिश्चित कराएं। इसके लिए सम्बन्धितों को जिला प्रशासन की ओर से निर्देश जारी किया जा चुका है।

# सेवा अभियान के तहत भजोआ कार्यकर्ता लोगों की सहायता करने जमीनी सतह तक जाएंगे

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा 17 सितंबर से 7 अक्तूबर तक यानी 20 दिन तक सेवा और समर्पण अभियान चलाएगी। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन है और सात अक्तूबर को वह गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक के सफर का 20 वर्ष पूरा करेंगे। भाजपा ने इस अभियान की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी के तहत मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय में जिला पदाधिकारियो, मण्डल अध्यक्ष व महामंत्री एवं प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला संगठन प्रभारी डॉ अजय राव, प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा एवं जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष जोशी ने कहा कि वर्ष 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से भाजपा उनके जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मना रही है और एक सप्ताह के लिए देश भर में कल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन करती है, लेकिन इस बार इसे बढ़ाकर 20 दिन कर दिया गया है क्योंकि मोदी चुनावी राजनीति में दो दशक पूरे कर रहे हैं।

उन्होंने भाजपा की सभी मण्डल इकाइयों से कहा है कि कल्याणकारी कार्य कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए किए जाएं। जिला प्रभारी राव ने कहा कि सत्रह सितंबर से 7 अक्टूबर तक प्रदेश में रक्तदान शिविर, अंगदान शिविर, पौधारोपण अभियान व जनकल्याण के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से पार्टी लोगों तक पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि अभियान को कामयाब बनाने के लिए बैठकों का सिलसिला जारी है। अभियान के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता लोगों की सहायता करने के लिए जमीनी सतह तक जाएंगे।

# गांजे से भरे बैग के साथ युवक पकड़ाया

पायनियर संवाददाता < थानखमरिया
www.dailypioneer.com



आरक्षी केंद्र थाना थान खमरिया को मिली सूचना के आधार पर समीपस्थ ग्राम दर्री मोड़ ग्राम गुवारा में, ग्राम पेंड्रीकला निवासी 24 वर्षीय युवक नरसिंह चंद्राकर पिता मोहित चंद्राकर काले रंग के स्कूल बैग में 3 किलो गांजा (कीमत 18000) के साथ थान खमरिया पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर हिरासत में लिया।

# कलेक्टर महोबे के मार्गदर्शन में आयुष्मान कार्ड बनाने में बालोद जिला राज्य में प्रथम, 5 लाख 64 हजार 774 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड जा चुका हैं बनाया

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने और शतप्रतिशत लक्ष्य हासिल करने गंभीरतापूर्वक प्रयास किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 12 सितम्बर 2021 की स्थिति में जिले में 10 लाख 12 हजार 52 हितग्राही में से 5 लाख 64 हजार 774 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है, जो कि कुल लक्ष्य का 55.8 प्रतिशत है। जिसमें से 63 हजार 428 हितग्राहियों को निःशुल्क आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने में जिला बालोद राज्य स्तर में प्रथम स्थान पर है। आयुष्मान कार्ड बनाने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2021 है। उन्होंने बताया कि हितग्राही स्वयं व परिवार के सदस्यों को साथ राशन कार्ड, आधार कार्ड एंव मोबाईल नम्बर की जानकारी लेकर जिले के च्वाईस सेंटरों तथा सभी पंजीकृत चिकित्सालयों में आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने एवं हितग्राहियों को कार्ड उपलब्ध कराने का कार्य पूर्णतः निःशुल्क है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत योजना व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के छुटे हुए हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के लिये 30 सितम्बर 2021 तक विशेष पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने योजना के तहत शतप्रतिशत हितग्राहियों का पंजीयन कर उन्हें योजना से लाभान्वित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

## जल आवर्धन योजनांतर्गत चल रहे कार्यो की समीक्षा

# शुद्ध पेयजल सप्लाई हमारी पहली प्राथमिकता : ऋषि कुमार शर्मा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने जल आवर्धन योजनांतर्गत चल रहे कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल आवर्धन संबंधी पाइप लाइन बिछाने व टंकी से पानी सप्लाई का कार्य सहित अन्य जल आवर्धन योजना से जुड़े महत्तवपूर्ण कार्यो को अविलंब पूर्ण किये जाने हेतु कड़े निर्देश दिये। उन्होनें दो टूक में कहा कि योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही होगी। समय सीमा का विशेष ध्यान रखे, समय-सीमा में कार्य पूर्ण नही होने पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने की बात कही। जल आवर्धन योजनांतर्गत निर्माणाधीन कार्य पूर्ण करते हुए पेयजल सप्लाई किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।



### बिना भवन अनुमति के नही मिलेगा कनेक्शन

नगरीय क्षेत्र में निर्माणाधीन मकानों में बिना भवन निर्माण अनुज्ञा के नल कनेक्शन नही दिये जाने हेतु नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होनें कहा कि बिना भवन अनुमति के निर्माण हो रहे मकानों का नोटिस जारी करें। जल कर का टैक्स अदायगी नही करने वाले को नोटिस जारी करते हुए राजस्व बढ़ाये, जल शुल्क नही पटाने वाले का प्रकरण लोक अदालत में भेजे जाने हेतु निर्देश दिये। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा के साथ जल विभाग के सभापति चुनवा खान, पार्षद संजय लांझी, संतोष यादव, बलदाउ चंद्रवंशी, देवा साहू, कार्यपालन अभियंता एम.एल.कुर्रे, उपभियंता विरेन्द नवघरे, अभिषेक श्रीवास्तव, हैण्डपंप मैकेनिक चंद्रिका ठाकुर, मल्टी अर्बन कंपनी से डोंगरे उपस्थित रहे।

### निर्माणाधीन टंकी का करे टेस्टिंग कार्य

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने जल विभाग सभापति के साथ वार्ड क्रं. 01 से 09 तक के पार्षदों के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल आवर्धन योजनांतर्गत निर्माणाधीन टंकी का टेस्टिंग कार्य पूर्ण करते हुए वार्डो में पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रारंभ करें। वार्ड के अंतिम व्यक्ति तक शुद्ध पेयजल प्रदान करना हमारी पहली प्राथमिकता है इसका पूर्णता ध्यान रखे, जिन क्षेत्रों में पाईप लाईन नही बिछाया गया है उस क्षेत्रो का सर्वेकर पाईप लाईन बिछाने का कार्य शुरू करायें। उन्होंने कहा कि रोड कटिंग, क्रांसिंग का कार्य समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को किसी भी प्रकार का परेशानी उठाना न पड़े।

# भाजपा मण्डल सुकमा के नेतृत्व में 14 सूत्रीय मांगों को लेकर गादीरास तहसील का घेराव

## कांग्रेस के किए गए वादों को पूर्ण करवाने हेतु सड़क से सदन तक जाएंगे-बैस

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com





भारतीय जनता पार्टी मण्डल सुकमा के नेतृत्व में मंगलवार को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने गादीरास तहसील का घेराव कर 14 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा ।

भाजपाइयो ने गादीरास थाना चौक से लगभग 2 किलोमीटर पैदल मार्च करते हुये व नारे बाजी करते हुये तहसील कार्यालय का घेराव किया जिसके बाद तहसीलदार की गैरमौजूदगी में गादीरास आरआई को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप कर उसने ज्ञापन को राज्यपाल महोदया तक पहुचाने हेतु अनुरोध किया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से - सुकमा मण्डल अध्यक्ष -विनोद सिंह बैस , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य - धनीराम बारसे,कार्यक्रम प्रभारी/ जिला महामंत्री -संजय शुक्ला , मण्डल महामंत्री द्वे -गौरव सिंह राठौड़/ बुधराम मण्डावी , पिछडा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष -रमाकांत नायक, आयता राम मण्डावी, इंदर लाल सेठिया, संजय सिंह भदौरिया ,डमरू राम नाग, विमला मण्डावी , शोभन गंदामी, अनिल मण्डावी, शिल्पा मण्डावी, दीपक नेताम, खेमलाल सिन्हा, आर. एसराज, अजय, अशोक कोड़ी, लखमू बघेल , हूँगा सोढ़ी, आलम हाशमी, सोनसिंग नाग, मुक्का राम नाग, धरम नाग , हुर्रा कुंजाम, जमधार यादव, योगेश पेददी ,सोमारू यादव के साथ तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धानीराम बारसे ने कहा कि आज वे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ 14 सूत्रीय मांगों को लेकर गादीरास तहसील का घेराव करने आये जिसमे अहम मुद्दे - किसानों को 2 वर्षो का बोनस, सुकमा जिले में पोलावरम बांध से प्रभावित होने वाले परिवार को उचित मुवावजा, बेरोजगार युवाओं को 2500 रु.भत्ता जो सरकार ने घोषणा कर मुह फेर लिया।

सुकमा जिले के तीनों विकासखण्ड को सुखा घोषित किये जाने की मांग, के साथ ही प्रदेश व जिला स्तरीय 14 मांगो को लेकर हमने तहसील स्तर पर राज्यपाल महोदया के नाम ज्ञापन सौंपा है साथ ही इन मांगों को पूरा करने व जनहित मुद्दों पर मांगों को पूरा करवाने की मांग की है।

# सेवा और समर्पण अभियान को बूथ स्तर तक सफल बनाने में जुटे कार्यकर्ताः रूप कुमारी



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन एवं 7 अक्टूबर को उनके गवर्नेंस हेड मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री कार्यकाल के रूप में 20 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्रीय एवं प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा जिला महासमुंद 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक सेवा और समर्पण अभियान चलाएगी।

इस अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना करते हुए समाज में

**■ प्रधानमंत्री के जन्मदिन से प्रारंभ होंगे भाजपा के कार्यक्रम**

रचनात्मक ,सामाजिक, स्वच्छता अभियान अन्य वितरण एवं गरीब कल्याण के कार्यक्रम बूथ स्तर पर आयोजित करेंगे इस अभियान को ग्राम एवं नगर केंद्र के साथ-साथ बूथ स्तर तक सफ्ल बनाने में कार्यकर्ता जुटे। यह बात आज गीता भवन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती रूप कुमारी चौधरी ने कहीं गई।

जिला अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि नई पीढ़ी एवं युवाओं को अधिक से अधिक पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जाए मंडल एवं बूथ स्तर पर सेमिनार एवं सम्मेलन का आयोजन करें आगामी कार्यक्रमों को पूरी ताकत से सफ्ल बनाएं श्रीमती चौधरी ने कहा कि बूथ समिति एवं ग्राम केंद्र की बैठक कर समितियों का भौतिक सत्यापन करें साथ ही सेवा और समर्पण अभियान को पूरी ताकत से सफ्ल बनाएं उन्होंने कहा कि सेवा और समर्पण अभियान के अंतर्गत सभी कार्यक्रमों के प्रभारी नियुक्त कर दिए गए है।

## 15 से 30 सितंबर तक आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन

**शिवरीनारायण।** जांजगीर चाम्पा जिले में जिला स्तर पर 15 से 30 सितबंर 2021 तक आयुष्मान भारत पखवाडा दिवस कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आज समय सीमा की बैठक में जिले मे आयुष्मान भारत पाखवाडा के सफ्ल संचालन हेतु अधिकारी,कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये । आयुष्मान पाखवाडा में जिले के समस्त पंजीकृत शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में आई.पी.डी ओ.पी.डी.के समस्त मरीजों एवं उसके परिवारजनों का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। आयुष्मान अभियान के तहत जिले के च्वॉइस सेटर के व्हीएलइएस के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर च्वाइस सेंटर एवं पी.डी.एस दुकानों में भी निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। आयुष्मान अभियान के तहत पूर्व में बनाये गये आयुष्मान कार्ड पी.वी.सी कार्ड जो व्हीएलइएस को प्राप्त हो चुके हैं, ऐसे कार्डो को कैप लगाकर वितरण किया जावेगा।

जिले में 23 सितंबर 2021 आयुष्मान दिवस का आयोजन किया जावेगा। इस दिन विकासखंड में विकास खंड दिवस का आयोजन कर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कार्यकरताओं के माध्यम से संरपच एवं सचिव से समन्वय कर योजना से सबंधित जानकारी प्रदाय की जावेगी।

## बृजलाल अग्रवाल ने की गाय को शीघ्र राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं पत्रकार बृजलाल अग्रवाल ने कहा कि अब वक्त आ गया है जब गाय को कामधेनु एवं माता धार्मिक मान्यताओ के अनुसार राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिया जाए श्री अग्रवाल ने कहा कि अब देश की लोकसभा एवं राज्यसभा में भाजपा का पूर्ण बहुमत है, इसके अतिरिक्त संसद में प्रस्तावित बिल भी बिना बहस के कानून का रूप ले लेते है । प्रधान मंत्री श्री मोदी जी है तो मुमकिन है। एवं 17 सितम्बर 2021 से मोदी जी की जन्म दिवस पर पुरे देश में भाजपा सेवा समर्पण के रूप में मना रही है। अतः गाय को शीघ्र राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने की मांग अग्रवाल जी ने की यह मांग देश के शंकराचार्यो एवं साधू संतो के मंच से लगातार 70 वर्षो से चली आ रही है।



धर्म सम्राट श्री करपात्री जी महराज ने तो देश आजाद होते ही रसायनिक खाद का विरोध एवं पशु संरक्षण हेतु जन जागरण शुरू किया था।

उनकी मांग थी गाय बचेगी देश बचेगा किन्तु उनके विरोध के कारण तत्कालीन सरकार ने बहुत यातनाएं दी थी आज उनका स्वप्न साकार होते दिखाई दे रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्मंत्री भी नरवा, गरवा घुरवा योजना युद्ध स्तर पर चला रहे है , एवं प्रधान मंत्री जी भी खेती की जमीन केमिकल युक्त हो गयी है, अतः आर्गेनिक खेती की ओर आगे बढ़ने की अपील कर रहे है। कहने का आशय यह है कि गाय धार्मिकता के अतिरिक्त जीवन में माता की तरह मानवजात का पोषण कर रही है। एवं हिन्दुओं का विश्वाश है कि अंतिम समय में गाय की पूंछ पकड़कर वैतरणी पार की जा सकती है। एक ओर आयोद्धया मंदिर एवं दूसरी ओर गौ हत्या बंद होने से ही हिंदुत्व का इजिन्डा पूर्ण होगा।

# हिन्दी सिर्फ भाषा ही नहीं अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम और विश्व में हमारी पहचान है : डॉ. रश्मि सिंह

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

नगर के शासकीय महर्षि वाल्मीकि महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ और हिंदी विभाग द्वारा धूमधाम से सोमवार को हिंदी दिवस मनाया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रश्मि सिंह उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी भाषा अभिव्यक्ति का शसक्त माध्यम है। हिन्दी सिर्फ भाषा ही नहीं विश्व में हमारी पहचान है, हमारा सम्मान व स्वाभिमान है हिन्दी की गिनती विश्व की प्राचीन समृद्ध व सरल भाषा में होती है इसमें हमारी संस्कृति झलकती है व संस्कार दिखते है।




उन्होने कहा कि हिन्दी भाषा के संवर्धन के लिए जन जन को सहयोग करना होगा। हमे राष्ट्र ध्वज व राष्ट्र गान की तरह हिन्दी भाषा का भी सम्मान करना होगा। हिन्दी विश्व की प्राचीनम भाषा है हिन्दी का समृद्ध व्याकरण , सहज सुबोध शैली, विशाल शब्दकोष और उपलब्ध दुर्लभ साहित्य इसकी जड़ो को मजबूती प्रदान करता है। हिन्दी 130 करोड लोगो की भाषा होने से हमारे सम्बधों में भी आत्मीयता प्रदान करती है। वही इस मौके पर हिंदी विभाग के विभागध्यक्ष वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एस एन डहेरिया ने हिंदी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी बहती हुई नदिया की तरह है।

हम जो भाषा बोलते है वही भाषा मे ही सपने देखते है यानी हम हिंदी भाषा में ही सपने देखते हैं। हिन्दी भाषा में अपनापन है वो किसी ओर में नहीं है। हिन्दी का स्वरूप अत्यंत विशाल है जिसमें अन्य भाषाओं के शब्दों का समावेश कर इसे बहुपयोगी बनाया गया। उन्होंने कहा कि अब हिंदी राष्ट्र भाषा की गंगा से विश्व भाषा का गंगासागर बन रही है। आज वह संख्याबल और शब्दों की संख्या के आधार पर विश्व की सबसे बड़ी भाषा बन गई है। उन्होंने अंत मे ये भी कहा है कि हिंदी भाषा को आगे बढ़ाने में पत्रकारिता एवं फिल्मी जगत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एवं एनएसएस प्रभारी डॉ. भूमिराज पटेल, रितेश कुमार नाग, डॉ. नाशिम अहमद मंसूरी, डॉ. मनीषा ठाकुर, क्रीड़ा अधिकारी सी.पी. ठाकुर, गोविंद मण्डावी, श्रीदाम ढाली, एसके यादव, प्रवीण ठाकुर, दिलीप रामटेके, गीरिधारी लाल सिन्हा, दीपक यादव, बाबूलाल कोठारी, नारायण साहू, नेमीचंद, प्रमोद साहू सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# उच्च गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करें मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान का कार्य : कलेक्टर

**■ कलेक्टर ने लीएफ साप्ताहिक समय सीमा की बैठक**

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर की अध्यक्षता में मंथन सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान योजना के तहत् अपूर्ण दुकानों का कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सुपोषण अभियान के तहत् किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन कुपोषण दूर करने में आधार स्तंभ का कार्य करती है। इनके प्रयासों से जिले में कुपोषण को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं माताओं के खाने की गुणवत्ता में समझौता नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने शत् प्रतिशत त्रुटि रहित गिरदावरी के लिए प्रत्येक खेत में जाकर गिरदावरी कार्य का निरीक्षण करने कहा। राजस्व अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि उनके द्वारा गिरदावरी कार्य का निरीक्षण सतत् रूप से किया जा रहा है। जिले में 85 प्रतिशत गिरदावरी का कार्य किया जा चुका है। कलेक्टर ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत् जिन किसानों ने सामान्य धान के बदले सुगंधित धान या अन्य फ्सल लगाये है, उनके रकबे की प्रविष्ट प्राथमिकता से करने कहा। पटवारी मैदानी स्तर पर कार्य कर रहे है अथवा नहीं इसकी मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत् किसानों को अन्य फ्सल लेने के लिए भी प्रोत्साहित करने कहा।

### राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना

कलेक्टर ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि अब तक 12 हजार आवेदन आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि शिविर लगाकर इस कार्य को प्राथमिकता से करें। शिविर में पटवारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें एवं आवेदनों की जांच करें। सभी एसडीएम इस कार्य की मॉनिटरिंग करेंगे।

### गोधन न्याय योजना की समीक्षा

कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट के साथ ही सुपर कम्पोस्ट खाद की बिक्री बढ़ाने के निर्देश दिए। सार्वजनिक एवं निजी प्रतिष्ठानों को इसकी खरीदी के लिए प्रोत्साहित करने कहा।

# एस एस पी ने सरकंडा टी आई को किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

एक्सिस बैंक में किसानो से कृषि लोन की रकम के 50 लाख रुपय की धोखाधड़ी के आरोपियों को पकड़ने वाली सरकंडा पुलिस की टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा ने सम्मानित किया है। सरकंडा थाना अंतर्गत राज किशोर नगर स्थित एक्सिस बैंक के मैनेजर रहे प्रभु कुमार ने अपने साथियों के साथ मिलकर 2016 में 6 किसानों से 50 लाख रुपए की ठगी की थी।

किसानों को लोन दिलाने के नाम पर आवेदन कराया और दस्तावेज जमा कराए। इसके बाद किसानों के नाम पर स्वीकृत लोन की राशि लेकर फरार हो गए। सरकंडा पुलिस ने इस बेहद पेचीदा मामले की जांच की और आरोपी एक्सिस बैंक के डिप्टी मैनेजर प्रबोध कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई की सभी के द्वारा तारीफ की जा रही है। सरकंडा पुलिस की सक्रियता और तत्परता के लिए बिलासपुर जिले के एसपी दीपक कुमार झा ने सरकंडा थाना के थाना प्रभारी परिवेश तिवारी को सम्मानित किया है।



## ग्राम पंचायत सिवार 4 करोड़ 30 लाख 38 हजार एवं ग्राम पंचायत सोरला में 10 लाख रुपए विकास कार्यों की सौगात

# विधायक आशीष छाबड़ा ने क्षेत्रवासी को दी करोड़ों रुपए की विभिन्न विकास कार्यों की सौगात

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक बेरला के ग्राम पंचायत सिवार एवं ग्राम पंचायत सोरला में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए शामिल जहां ग्रामवासियों ने बेमेतरा विधायक का गढ़वा बाजा, राऊत नृत्य, सत्यनाम धुन जगह-जगह फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। विधायक आशीष छाबड़ा के कर कमलों से ग्राम पंचायत सिवार में भाठासोरही से तबलघोर पहुच मार्ग 405.45 लाख का नारियल रोड़ भूमि पूजन किए एव सुगम सड़क योजना अंतर्गत मुख्य मार्ग से सिवार आंगनबाड़ी भवन पहुंच मार्ग 19.93 लाख,सामुदायिक भवन में आहाता 02 लाख,राधा कृष्ण मंदिर में ग्रील। निर्माण कार्य 01 लाख का फीता काट लोकार्पण किए..साथ ही ग्राम सोरला में विधायक निधि से स्वीकृत कबीर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 05 लाख एव जनपद निधि से 03 लाख से स्वीकृत कार्य का भूमि पूजन किए इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुऐ कहा की आज ग्राम सिवार में लगभग 430.38 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का आज लोकार्पण एव भूमिपूजन किया गया।

प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में एव लोकनिर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू के आशिर्वाद से बेमेतरा विधानसभा में गांव-गांव तक सड़क संपर्क को मजबूत और आवागमन को सुगम बनाने सड़क और पुलों के कामों में तेजी आई है। इसके साथ ही प्रदेश के पहुंच विहीन सभी शासकीय भवनों-स्कूल-कालेज, आंगनबाड़ी, अस्पताल, धान संग्रहण केंद्र, सार्वजनिक उपयोग के हाट बाजार, मेला स्थलों आदि को पक्के मार्ग से मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना प्रारंभ की गई है।

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ई-श्रेणी के तहत पंजीयन कराने की योजना भी लागू की गई है। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा धरसा विकास योजना शीघ्र लागू करने की कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत गांव के कच्चे रास्तों को पक्का किया जाएगा ताकि ग्रामीण जन मौसम में सुगमता से आवाजाही कर सके। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना' के नाम से एक नया अध्याय जुड़ रहा है। इस न्याय योजना के लिए पंजीयन की शुरूआत 1 सितंबर से प्रारंभ हो गया है, योजना का लाभ 10 लाख से अधिक भूमिहीन कृषि मजदूरों को मिलेगा। प्रत्येक परिवार के लिए 6 हजार रूपए प्रतिवर्ष अनुदान राशि, सीधे उनके बैंक खाते में जमा कराई जाएगी।

# सूखा पीड़ित किसानों को आर्थिक मदद के ऐलान का स्वागत योग्य : अमर

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भाटापारा ग्रामीण अध्यक्ष अमर मंडावी छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा सूखा पीड़ित किसानों को आर्थिक मदद के ऐलान का स्वागत करते हुए कहा कि अपना खून पसीना बहाकर अनाज का उत्पादन करने वाले किसानों का दर्द एक किसान ही समझ सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों के लिए समर्पित रही है और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्वयं एक किसान है यह छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि हम किसानों को भूपेश बघेल के रूप में एक किसान मुख्यमंत्री मिला जिन्होंने शपथ लेते ही किसानों की आर्थिक रीढ़ मजबूत करने की दिशा में बहुत कुछ किया। मंडावी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए सूखा प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ 9000 रुपए की मदद की घोषणा की है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत सूखा प्रभावित किसानों को भी गिरदावरी सर्वे के आधार पर प्रति एकड़ 9000 रुपए के मान से मदद दी जाएगी।

इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र लोगों को 1 सितंबर से पंजीयन कराने का भी आह्वान किया। मंडावी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# आत्मानंद स्कूल की भर्ती प्रक्रिया को चयनित अभ्यर्थियों ने बताया सही, राजनीति रोक नियुक्ति देने की गुजारिश

**निरस्त नहीं करने की मांग कर पात्र अभ्यर्थियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में संविदा पर व्याख्याताओं की भर्ती प्रक्रिया पर लगे अनियमितता के आरोपों को निराधार बताते हुए चयनीत हुए पात्र अभ्यर्थियों ने सोमवार को कलेक्टर महादेव कावरे के समक्ष उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपते हुए प्रक्रिया को निरस्त नहीं करने और नियुक्त करने की गुहार लगाई है। कम्युटर शिक्षा के लिए चयनीत व्याख्याता अनुराग सिन्हा ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया को राजनीति मंच बनाकर बेरोजगारों के हितों से खिलवाड़ करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कलेक्टर कावरे से अनुरोध करते हुए कहा जिन पात्र व्याख्याताओं की भर्ती पर अपात्र और गलत ढंग से पात्रों की सूची में जगह देने के आरोप लगाए जा रहे हैं वह बिल्कुल ही निराधार है। कुछ तकनीकी त्रुटियों की वजह से ऐसा होना दिखाई दे रहा है जोकि सही नहीं है।

**शिक्षा के सभी प्रमाण सही हैं**

कलेक्टर कावरे से गुहार लगाने पहुंचे चयनीय व्याख्याता मनीष वर्मा ने बताया कि शिक्षा हासिल करने का उनका और सभी चयनित अभ्यर्थियों का प्रमाण पत्र सही है। सभी ने कड़ी मेहनत कर अच्छी और उच्च अंको से शिक्षा अर्जित की है जिसकी अंक सूची से लेकर सभी प्रमाण पत्र सही हैं यही वजह है कि शासन की ओर से निर्धारित मापदंडों के अनुसार उनका चयन हुआ है और मेरिट लिस्ट में उनका नाम आया है। कुछ लोगों के द्वारा गलत आरोप लगाकर मेरिट सूची को गलत बताया जा रहा है और उसे निरस्त करने की मांग की जा रही है। उन्होंने कलेक्टर कावरे से नियुक्ति प्रक्रिया निरस्त न करते हुए जल्द से जल्द उन्हें पदस्थापना देने की मांग की गई है।

**इस तरह हुई तकनीकी त्रुटी**

कम्प्यूटर शिक्षा के लिए चयनीत हुई व्याख्याता आंचल गुप्ता ने बताया कि उसे अपात्र बताने की कोशिश की जा रही है जबकि दस्तावेजों और मेरिट सूची के आधार पर वह पात्र है। उन्होंने बताया कि मेरिट सूची जब निकाली गई तब उसमें मेरा नाम नहीं था यह सही है। लेकिन उसके बाद मेरे द्वारा दावा-आपत्ति दर्ज किया गया जिसके बाद मेरी शिक्षा और अंकों के अनुसार मेरिट सूची में भी स्थान मिला और मैं पात्र की श्रेणी में आई। मेरे और मेरे साथियों से किसी प्रकार का आर्थिक लेने-देन नहीं किया गया है। शासन के नियमों के अनुसार जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा चयन प्रक्रिया शत् प्रतिशत् सही से अपनाई गई है इसलिए प्रक्रिया को निरस्त न कर मेरिट सूची में आए पात्र अभ्यर्थियों को पदस्थापना देने की मांग की गई है।



अभ्यर्थियों के द्वारा चयन प्रक्रिया को निरस्त नहीं करने की मांग की गई है। शिक्षा मंत्रालय के दिशा निर्देशानुसार जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
**महादेव कावरे,** कलेक्टर जशपुर

# आचार्य नरेंद्र दुबे के व्यक्तित्व कृतित्व पर संगोष्ठी आयोजित

**रायपुर।** हांदीपारा स्थित छत्तीसगढ़ी भवन में स्वतंत्रता सेनानी छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण एवं छत्तीसगढ़ी राजभाषा निर्माण के पुरोधा आचार्य जी की 98 वी जयंती के अवसर पर उनके व्यक्तित्व पर आधारित संगोष्टि सम्पन्न हुई। गोष्ठी के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रथम फिल्म निर्माता निर्देशक मनु नायक विशेष अतिथि वरिष्ठ कवि गीतकार रामेश्वर वैष्णव थे एवं अध्यक्षता छसपा के अध्यक्षता दाऊ जीपी चंद्राकर ने किया। गोष्ठी के विशेष अतिथि रामेशवर वैष्णव ने कहा कि आचार्य जी सशस्त्र क्रांतिकारियों के प्रमुख थे वे विद्रोही रचनाकार आदर्श शिक्षक प्रखर सम्पादक, छात्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पुरोधा समाज वादी चिंतक और तपोनिष्ठ आचार्य थे। मुख्य अतिथि मनु नायक जी ने कहा कि आचार्य दुबे जी छात्तीसगढ़ के असली माटी पुत्र थे। इसी लिए उन्होंने स्वतंत्रता आन्दोलन के छात्तीसगढ़ राज्य निर्माण एवं छत्तीसगढ़ी राजभाषा निर्माण के लिए सरकारी नौकरी छोड़कर जीवन पर्यन्त संघर्ष करते रहे। कवि गीतकार रामेश्वर शर्मा ने कहा कि आचार्य नरेंद्र जी के व्यक्तितत्व में इतना जादू था कि पहली मुलाकात में लोंगो का दिल जीत लेते थे। वरिष्ट साहित्यकार रविन्द मिश्रा ने कहा कि आचार्य जी से मेरा पारिवारिक संबध था उनको छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी के हुए शोषण के प्रति बड़ी पीड़ा थी। इसलिये उन्होंने शोषण मुफ्त छत्तीसगढ़ राज्य के लिए अपना सब कुछ निछावर कर दिया। कवि शायर कविश हैदरी ने कहा कि मुझे गर्व है कि उनका सानिध्य मिला, वे हमेशा साहित्य के लिए प्रेरित करते रहे जी पी चन्द्राकर ने कहा कि वे क्रांति का मतलब सिर्फ गोली बारुद नही होता वो जीवन मूल्य और समाज मूल्य में परिवर्तन ला दे उसको क्रांति कहते थे वे स्वक्छ राजनीति समता मुल्क समाज के पक्षधर थे।

# अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने डीआर भगत, 5 लाख के जेवर चोरी पकड़ने के लिए भास्कर सम्मानित

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



अंधे कत्ल की गुत्थी को 48 घंटे के भीतर सुलझाने और 5 लाख रुपए के जेवर चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार करने से प्रभावित होकर एसपी विजय अग्रवाल ने आस्ता थाना प्रभारी दुखाराम भगत और कुनकुरी थाना प्रभारी भाष्कर शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। थाना-आस्ता के अपराध क्रमांक 33/21 धारा 302, 34 भा.द.वि. के प्रकरण में अंधे कत्ल की गुत्थी 48 घण्टे के भीतर सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने पर थाना-आस्ता पुलिस टीम नेतृत्वकर्ता राजेन्द्र सिंह परिहार पुलिस अनुविभागीय अधिकारी-जशपुर को ''प्रशंसा पत्र'' एवं उप निरीक्षक दुखराम भगत थाना प्रभारी आस्ता, स0उ0नि0 रघुसाय पैंकरा, प्रधान आरक्षक क्रमांक 274 त्रिनाथ यादव, आरक्षक क्रमांक 378 विनोद तिर्की, आरक्षक क्रमांक 294 लेबिट कुजूर, आरक्षक क्रमांक 350 हेमंत कुजूर, आरक्षक क्रमांक 590 उकिल साय को पुलिस अधीक्षक जशपुर विजय अग्रवाल (भा.पु.से.) द्वारा ''प्रशस्ति पत्र'' एवं ''नगद ईनाम'' से पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार थाना-कुनकुरी के अपराध क्रमांक 118/21 धारा 457, 380 भादवि. एवं अपराध क्रमांक 119/21 धारा 457, 380 भादवि. के प्रकरण में चोरी गई लगभग 05 लाख रूपये की सोने-चांदी के जेवरात बरामद करते हुए आरोपी अपचारी बालक को बाल संप्रेषण गृह भेजने में थाना कुनकुरी पुलिस टीम उप निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी कुनकुरी, स0उ0नि0 मानेश्वर साहनी, प्रधान आरक्षक क्रमांक 354, आरक्षक क्रमांक 521 प्रमोद रौतिया, आरक्षक क्रमांक 430 जितेन्द्र गुप्ता, आरक्षक क्रमांक 603 गणेश यादव, आरक्षक क्रमांक 655 मनोज एक्का एवं नगर सैनिक क्रमांक 150 अजय श्रीवास्तव को पुलिस अधीक्षक जशपुर द्वारा ''प्रषस्ति पत्र'' एवं नगद ईनाम से पुरस्कृत किया गया।

# राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा गर्भवती महिलाओं धात्री माताओं, किशोरी बालिकाओं को दिया गया ऑनलाइन प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर 2021 में संपूर्ण राज्य के साथ ही मुंगेली जिले में प्रतिदिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में विभिन्न कार्यक्रमो एवं गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि एक सितम्बर को जिले में पोषण माह की शुरूआत करते हुए विकासखण्डों हेतु जागरूकता रथ रवाना किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राज्य स्तर से जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग अनेक विभागों से समन्वय स्थापित कर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह के आरंभ से लगातार आने वाले पर्वो व त्यौहार के उत्साह को पोषण से जोड़ते हुए योजनाओं की गतिविधियों को सहजता से सम्मिलित कर पोषण माह की महत्ता को जारी रखते हुए कुपोषण मुक्त करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा 14 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक दो पालियों में योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। जहां गर्भवती, धात्री माताओं, किशोरी बालिकाओं को बेहतर पोषण एवं प्रसव पूर्व जांच तथा गर्भावस्था और स्तनपान के दौरान आयुष पोषण को रेखांकित करते हुए ऑनलाईन प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बाल विकास परियोजना दो लोरमी के ग्राम खैरवारखुर्द में गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच डॉ. श्रवण जायसवाल के द्वारा किया गया तथा क्षेत्र की जनपद सदस्य हेमंती मंगेश्कर द्वारा महिलाओं को फल वितरण किया गया। इसी क्रम में एकीकृत बाल विकास परियोजना लोरमी एक में एनीमिया कैम्प का आयोजन किया गया। जहां आयुष विभाग के डॉ. शीला बघेल एवं नर्स ममता मसीह ने स्वास्थ्य जांच किया। इसी प्रकार विकासखण्ड पथरिया में भी बाल विकास विभाग के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर सभी परियोजना के परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# अभियान निजात के लिए एसपी को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र भेंट किया



**बैकुंठपुर।** गैर सरकारी संस्था आजाद दस्ता द्वारा कोरिया जिला पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह को जिले में उनके द्वारा चलाये जा रहे अभियान निजात के लिए सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। मुलाकात के दौरान संस्था के सदस्यों ने इस अभियान में सक्रिय भूमिका के लिए पुलिस अधीक्षक महोदय से अपने विचार साझा किए व हर गतिविधि में सहयोग करने की बात रखी। इस दौरान एडिशनल पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व डी.एस.पी कविता ठाकुर से भी निजात अभियान में संस्था की क्या भूमिका हो सकती है, इस बात की चर्चा की गई। आजाद दस्ता संकल्प हमारा की ओर से नीरज विश्वकर्मा, अंकुर सिंह, सारंग अग्रवाल, आर्यन शुक्ला व विकास पाण्डेय मौजूद रहे।

# जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति की वार्षिक साधारण सभा की बैठक 24 सितंबर को

**मुंगेली।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित मुंगेली की वार्षिक साधारण सभा की बैठक 24 सितंबर को शाम 05 बजे कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आहुत की गई है। बैठक कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में होगी। जिला अंत्यावसायी सहाकारी विकास समिति मर्यादित मुंगेली के कार्यापालन अधिकारी ने सदस्यो को निर्धारित स्थान और समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# किसान खाद की किल्लत से त्रस्त, इधर कांग्रेस ढाई-ढाई साल को सुलझाने में मस्त : अवधेश चंदेल

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश भर के ब्लॉक मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया। इसी कड़ी में गौठान (बाजार) चौक में बेरला व भिंभौरी मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा धरना दिया इसमे पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, प्रदेशमंत्री संध्या परगनिहा, जिला पंचायत सदस्य-पुष्पा साहू,राहुल टिकरिहा,भुनेश्वरी वर्मा, चंद्रकला मनहर,मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरजू साहू, कार्यक्रम के मंडल प्रभारी अनिल रजक, छन्नू गुप्ता, शामिल हुए। कार्यकर्ता व नेता भूपेश सरकार पर जमकर बरसे। भाजपाई ने कहा सरकार 2018 विधानसभा चुनाव के समय 2 साल के बकाया बोनस देने के वादा किया,लेकिन अभी तक नही दिया,किसानों के खेत के लिए खाद की व्यवस्था भी नही की साथ ही बिजली कटौती से किसान परेशान है, लबिंत पंप कनेक्शन तुरन्त दिया जाय ऐसे छः सूत्री मांगों को लेकर धरना दिया व इन सभी बिंदु को लेकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा।

अवधेश चंदेल कांग्रेस सरकार पर जमकर बरसे कहा किसान खाद के लिए परेशान है कोचिया खाद बेच रहा है कांग्रेस शासन में खाद तो नही पर दारू आसानी से मिल जा रहा है। 7 महीना हो गए धान खरीदी बंद हुए पर अभी तक धान का उठाव नही हुआ है 40प्र. धान खराब हो गए है 1400 रुपये 1500 रुपए में मिलर्स धान उठा रहे है कई सोसायटी में तो धान भूसा बन गया है ये कांग्रेस सरकार केवल अन्न दाता किसान भाइयो का अपमान कर रही है जहाँ एक ओर सोसायटी कर्ज तले दबा हुआ है वहाँ अभी तक नया धान खरीदी को कोई कार्ययोजना नही न अभी तक बारदाने की व्यवस्था नहीं हुआ है। इस अवसर पर -महामंत्री गौकरण साहू, वरिष्ठ नेता कैलाश शर्मा, शांति लाल जैन, संजीव तिवारी, सुनील राजपूत, पोषण वर्मा, संतोष साहू, मानक चतुर्वेदी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लता वर्मा, मंडल अध्यक्ष द्रौपती साहू, रेवती साहू, महामंत्री किसान मोर्चा डामन साहू, जगदीश कुर्रे, उकेन्द्र साहू, दीपक अग्रवाल, उपाध्यक्ष रेखराम साहू,बलराम यादव, मंत्री सूंदर यादव,आनंद यादव, सिम्पू परगनिहा, दसरथ चेलक, राजेश राजपूत, कृष्णा शर्मा, बलदाऊ वर्मा, श्यामू राम साहू, टीकाराम साहू,धनंजय साहू, राघव सिन्हा, विजय शुक्ला, संजय चंद्रवंशी, भूपेंद्र साहू, चित्रेण पटेल, संतु चेलक, गोवर्धन साहू, दुर्गाराम, सुखीराम, जनकराम, संतोष कुमार, हृदय वर्मा, रामखिलावन, नारायण सिंह, मनी साहू, पंचराम धनकर, अर्जुन ध्रुवे, भुखन, सुनीत सिन्हा, हृदय सिन्हा, संतोष, गौकरण आदि उपस्थित थे।

# भाजपा का प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन

**थानखमरिया।** थान खमरिया मंडल भाजपा किसान मोर्चा का तहसील कार्यालय के पास धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी उपस्थित रहे भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि आज किसानों



को खाद एवं यूरिया के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है सोसायटीओं में यूरिया नहीं मिल रहा है और निजी दुकान को चाहिए किसानों को ब्लैक में खाद बेच रहे हैं प्रदेश महिला मोर्चा आमंत्रित सदस्य सरिता जैन ने किसानों को पिछले 2 वर्षों का बोनस नहीं मिलने की बात कही थान खमरिया नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं भाजपा महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अंजना उमाराजेश ठाकुर ने अघोषित विद्युत कटौती से हो रहे परेशानियों के लिए प्रदेश शासन को जिम्मेदार ठहराया भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सुरेश सिंघानिया भाजपा मंडल अध्यक्ष पुन्नी तोरण यादव भाजपा थान खमरिया किसान मोर्चा की मंडल प्रभारी एवं जिला मंत्री चंद्रशेखर सिंह राजपूत ने स्थानीय विधायक जनप्रतिनिधि कैबिनेट कृषि मंत्री की किसानों के प्रति उदासीनता को बताया भाजपा मंडल के महामंत्री राजेश ठाकुर पूरन कश्यप भाजपा मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा राजेश राजपूत भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं मंडल उपाध्यक्ष किसान मोर्चा थानखमरिया राजेश सिंघानिया भाजपा किसान मोर्चा के मंडल के महामंत्री शिवमोरध्वज चंद्राकर शुभम तिवारी पार्षद गण में संतोष तेली विजय शर्मा राजेंद्र प्रसाद तिवारी मनीष सेन जगदीश वैष्णव चंदन सिंह ठाकुर युवराज साहू अजय पटेल भाजपा मंडल युवा मोर्चा के महामंत्री कमलेश सिन्हा रवि निषाद रोहित भारती सरिता जैन राजकुमार साहू बली मंडावी रामस्नेही नामदेव आदर्श जोशी अतुल सिंघानिया आदि धरना प्रदर्शन किया प्रभारी संतोष साहू इस आशय की जानकारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

# कृष्णा सिंह की जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने सरकार व अन्य को जारी किया नोटिस

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



दल्लीराजहरा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता व आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णा सिंह की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा व जस्टिस एन. के. चंद्रवंशी की डिवीजन बैंच ने दल्लीराजहरा में बीएसपी द्वारा किये जा रहे माइनिंग में अनिमितताओं को लेकर राज्य सरकार, भिलाई इस्पात सयंत्र व डीएमएफटी विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता कृष्णा सिंह के वकील एडवोकेट अनीश तिवारी व अतुल केशरवानी ने इस जनहित याचिका की पूरी ड्राफ्टिंग की है। जिसके बाद हाईकोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए कृष्णा सिंह विरुद्ध शासन व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मामले में अगली सुनवाई सितंबर माह में हो सकती है? याचिकाकर्ता कृष्णा सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि दल्लीराजहरा में 1962 से बीएसपी द्वारा माइनिंग किया जा रहा है लेकिन आज तक बदले में दल्लीराजहरा सहित आस-पास के प्रभावित इलाकों में मूलभूत सुविधाएं तक नही दी गयी है। हर माह करोड़ों में राजस्व देने वाले दल्लीराजहरा का बीएसपी व राज्य सरकारों द्वारा इतना दोहन किया गया है कि 50000 की ऊपर के आबादी वाले दल्लीराजहरा में आज तक एक स्वास्थ्य केंद्र तक नही खोला गया है। एक बीएसपी का अस्पताल है। वह केवल बीएसपी कर्मचारियों के लिए है। उसे भी केवल रेफर सेंटर की तरह संचालित किया जाता है। बीएसपी व राज्य सरकार की तरफ से शिक्षा व्यवस्था का भी बुरा हाल कर दिया गया है। 1990 से 1995 के आस पास बीएसपी के द्वारा प्राथमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय कुल 10 संचालित होते थे। जो वर्तमान में लगभग शून्य कर दिया गया है। कुछ सरकारी विद्यालय तो जरूर है। पर उनकी स्थिति बदत्तर है। केंद्रीय विद्यालय की सपना हर सरकार दिखाती है। पर पूरा कोई नही करता 100 बिस्तर अस्पताल का घोषणा केवल चुनावी मुद्दा बनकर रह गया है। कभी खिलाडियों की फैक्ट्री कहे जाने वाले दल्लीराजहरा जहाँ आल इंडिया स्तर के खेल कूद होते थे।

## पान गुटखा बेचने वालों के विरूद्ध लगातार की जा रही है कार्यवाही

**मुंगेली।** जिले में स्कूलो को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए स्कूल परिसर से 100 मीटर की परिधि में पान गुटखा बेचने वालो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में मुंगेली अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नवीन भगत ने जिला मुख्यालय स्थित बी.आर साव. शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर से 100 मीटर की परिधि में पान गुटवा बेचने वाले राजा पान सेंटर (राजा देवांगन) राकेश पान पैलेस (राकेश देवांगन), संतोष पान सेंटर (संतोष देवांगन) और बल्लू पान ठेला (बल्लू कुम्भकार) के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए पान मसाला दुकानों और ठेला को तत्काल प्रभाव से बंद कर दुकानो को सील किया गया। इस अवसर पर राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

## राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत अब तक 1 हजार 946 आवेदन पत्र जमा

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूरों और पौनी पसारी व्यवस्था से जुड़े लोगों की चिंता की और उन्हे आर्थिक मदद देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना प्रारंभ की है। इस योजना के तहत भूमिहीन मजदूरों और पौनी पसारी व्यवस्था से जुड़े पंजीकृत परिवारो को 06 हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस संबंध में पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविर में भूमिहीन कृषि मजदूरों और पौनी पसारी व्यवस्था से जुड़े लोगों ने अब तक 1 हजार 946 आवेदन पत्र जमा किये है। इनमें विकास खण्ड मुंगेली के 1 हजार 188 विकास खण्ड लोरमी के 269 और विकास खण्ड पथरिया के 489 आवेदन पत्र शामिल है। कलेक्टर अजीत वसंत ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत पंजीयन हेतु आयोजित षिविर में भूमिहीन मजदूरों और पौनी पसारी व्यवस्था से जुड़े अधिक से अधिक परिवारो को आवेदन पत्र जमा करने का आग्रह किया है। उन्होने कहा है कि पंजीयन का कार्य 01 सितम्बर से किया जा रहा है और पंजीयन का कार्य आगामी 30 नवम्बर तक चलेगा।

# बारिश से कुजरी निर्माणाधीन सड़क हुई बदहाल मरीज लेने गई एम्बुलेंस हुई वापस, पैदल लेकर अस्पताल पहुंचे ग्रामीण

पायनियर संवाददाता < मनोरा
www.dailypioneer.com



विगत तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन बुरी तहर प्रभावित हो गया है। निर्माणाधीन सड़कों के कार्य बाधित होने की वजह से राहगीरों की परेशानी और बढ़ गई है। सड़क का हाल ऐसा हो चुका है कि वहां एम्बुलेंस तक नहीं पहुंच पा रही है। मरीज को स्ट्रेचर में लेकर पैदल अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। यह स्थिति है जिले के नजदीकी ग्राम पंचायत बुमतेल कुजरी की।

इस संबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक अभय कंट्रक्शन की ओर से निर्माण कराए जा रहे जरिया से कुजरी तक की पीएमजीएसवाई सड़क का काम मिट्टी डालकर अधूरा छोड़ देने की वजह से सड़क पर चलना मुहाल हो गया है। ग्राम कुजरी में बीते शनिवार को 25 साल की महिला मुनि बाई को सांप ने काट लिया काटने पर ग्रामीणों ने एम्बुलेंस को फोन किया एम्बुलेंस पहुंचने पर सड़क निर्माण कार्य देखकर एम्बुलेंस ने अपना दम तोड़ दिया और वापस चला गया। महिला को मोटरसाइकिल के जरिए जशपुर हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जरा सी देर होने पर महिला की मौत हो सकती थी।

## मुरुम कम मिट्टी अधिक

लगातार बारिश होने से सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्यों में मुरुम कम मिट्टी का ज्यादा उपयोग किया जा रहा हैं जिसके कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया हैं। सड़कों में बने गड्ढे में पानी भर जाने से चलना मुश्किल हो गया है और कीचड़ से हाल बेहाल है।

**न्यायालय तहसीलदार जशपुर**
**जिला - जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202109031400017/अ-21/ 2020-21

**// ईश्तहार //**

एतद् सर्व संबंधित ग्रामीण जनता ग्राम-जशपुर, प.ह.नं.-07 के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मालती यादव पति विजय कुमार जाति रावत निवासी ग्राम जशपुर जिला जशपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 494/1/झ रकबा 0.020 हे. भूमि विक्रय की अनुमति हेतु प्रदाय किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय, जशपुर के समक्ष आवेदन-पत्र पेश किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 08.10.2021 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी **कबीर नगर रायपुर** में निर्मित दीनदयाल आवास योजना में से भवन/भूखण्ड क्रं. **एल.आई.जी.-57/673** भूतल में **श्री चन्द्रशेखर शर्मा पिता श्री पुरूषोत्तम लाल शर्मा** को स्ववित्तीय/एकमुश्त/ ऑफर आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दि. **21.08.2007** को लीजडीड/ सेलडीड/ विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन **श्री सतवीर सिंह पिता फूल सिंह** के पक्ष में दिनांक 07.06.2019 को विक्रय कर दिया।

तद उपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन/ भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड क्रेता **श्री सतवीर सिंह पिता श्री फूल सिंह** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में लिखित रूप से प्रमाणित, दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर
**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01,कबीर नगर, रायपुर**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी **कबीर नगर कालोनी रायपुर** में निर्मित **दीनदयाल आवास** भवन योजना के अंतर्गत दुकानों/भूखण्डों/भवनों मे से भूखण्ड/भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-49/581 प्रथमतल** में **कु. जयश्री शुक्ला पिता श्री अरूण कुमार शुक्ला** को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दि. **05.10.2008** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया है। उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 11.08.2021 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्रीमती संगीता देवी पति श्री सुरेश मिश्रा** के नाम से किग्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में लिखित रूप से प्रमाणित, दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर
**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01,कबीर नगर, रायपुर**

फोनः +91-7856-252240
फैक्सः +91-7856-252475
ईमेल:ee.dantewada@nic.in

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा**

**-:: मैनुअल पद्धति निविदा सूचना ::-**

नि.क्र. 10/व.ले.लि./21-22 दिनांक 08/09/2021

छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किये गये ''ई'' श्रेणी पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र ''A-e'' में प्रतिशत दर पर ब्लॉक स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथिः- 22.09.2021

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | उपसंभाग बचेली, उपखण्ड-कुआकोण्डा अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का रंगाई पुताई कार्य | 10.00 |
| 2 | --''-- उपखण्ड- कटेकल्याण --''-- | 5.00 |
| 3 | --''-- उपखण्ड- कुआकोण्डा--''-- आवासीय भवनों --''-- | 4.00 |
| 4 | --''-- उपखण्ड- कटेकल्याण --''-- | 2.00 |
| 5 | --''-- उपखण्ड- कुआंकोण्डा अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत कार्य | 7.00 |
| 6 | --''-- उपखण्ड- कटेकल्याण --''-- | 3.00 |
| 7 | --''-- उपखण्ड- कुआकोण्डा--''-- आवासीय भवनों --''-- | 7.00 |
| 8 | --''-- उपखण्ड- कटेकल्याण --''-- | 3.00 |
| 9 | संभाग दन्तेवाड़ा अंतर्गत मार्गों के कि.मी. स्टोन, पेंटिंग फिगरिंग का कार्य | 10.00 |
| 10 | गीदम अंतर्गत --''-- | 10.00 |
| 11 | उपसंभाग बचेली, उपखण्ड-कुआकोण्डा अंतर्गत--''-- | 5.00 |
| 12 | --''-- कटेकल्याण अंतर्गत --''-- | 2.00 |
| 13 | संभागीय कार्यालय दन्तेवाड़ा में रूफ शीटिंग शेड का कार्य मरम्मत एवं संधारण सहित | 10.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://pwd.cg.nic.in के "Live Tender" Tab पर भी देखी जा सकती है।

G-63630/3
**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि. दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा**

# एक और चाकूबाज : बढ़ती हिंसक वारदात आबकारी, पुलिस की लापरवाही का भी नतीजा है, जिम्मेदार आंख-कान मूंदे बैठे हैं

## रेवाडीह में शराब दुकान के पास फिर घटी हिंसक वारदात, मामूली विवाद में चलाया चाकू

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

फिर एक चाकूबाजी की घटना ने साबित कर दिया है कि शहर के अपराधिक तत्व हिंसक हो रहे हैं। मामूली वाद-विवाद पर चाकू चल रहे हैं। शहर के रेवाडीह स्थित शराब दुकान के पास मंगलवार की देर शाम चाकूबाजी की वारदात में एक व्यक्ति घायल हो गया। दो दिनों के भीतर चाकूबाजी की यह दूसरी और डेढ़ महिनों के भीतर यह चौथी वारदात है। इस वारदात को अंजाम देने वाले 3 आरोपियों को लालबाग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के अलाव आर्म्स एक्ट भी लगाई गई है। रेवाडीह स्थित शराब दुकान के आसपास दर्जनों अवैध चखना सेंटर चल रहे हैं। यहीं चल रहे होटलों और ढाबों में भी खुलेआम शराब पीने-पिलाने का दौर चल रहा है। यहां इकठ्ठे होने वाले कुछ अपराधिक तत्व कभी भी किसी से भी उलझ जाते हैं और यह विवाद बढ़कर हिंसक हो जाता है। सारी जानकारी के बाद भी न पुलिस इस मामले में कुछ करती है और न आबकारी। स्थानीय प्रशासन भी नकारा साबित होता है और फिर सामने आती है हिंसक वारदात।




अपराध पर नकेल नहीं, अपराधिक तत्व आक्रामक हो रहे, फिर चाकूबाजी की वारदात, पिता-पुत्र घायल, आरोपी हिरासत में
पुलिसिंग तबाह, खौफज़दा आमआदमी और शहर में फैलती दहशतगर्दी

शहर के बाहरी हिस्से में वीरान इलाकों में अपराधिक तत्वों का जमावड़ा रहने लगा है। पायनियर ने हालही में इन इलाकों में बढ़ते खतरे को लेकर आगाह किया था। मंगलवार की शाम हुई चाकूबाजी की घटना ने इसे साबित कर दिया है। अलग-अलग इलाकों में हो रही चाकूबाजी की घटना से लोगों में दहशत है। एक बार फिर ध्वस्त पुलिसिंग का बुरा नतीजा सामने आया है। चिंता का सबसे बड़ा विषय यह है कि शहर के बिगड़ते हालात को लेकर कोई चिंतित नहीं है। न ही पुलिस विभाग इस स्थिति को लेकर कुछ कर रहा है और न ही दूसरे जिम्मेदार।

अवैध चखना दुकान, ढाबों में पिलाई जा रही शराब भी संगठित अपराधों का एक बड़ा कारण बन रहा है। लेकिन इन मामलों में राजनीतिक दखल, मोटी कमाई कार्रवाई के आड़े आ जाती है। पुलिस और आबकारी विभाग तो इसमें सिर तक डूबे हुए हैं। आंखों के सामने हो रहे अनैतिक कार्यों के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही। यहां पनप रही ÷कौन क्या कर लेगा÷ की मानसिकता अपराधिक तत्वों को हिंसक बना रही है। जिसका जिम्मेदार यह पूरा सिस्टम और जिम्मेदार राजनेता भी हैं।

**पुलिस की मुस्तैदी पर सवाल-** शराब दुकान के आसपास के इलाके अतिसंवेदनशील हैं। यहां पॉकेटमार, ब्लेड चलाने वाले अपराधी और हिंसक अपराधिक मानसिकता वालों का बड़ा जमावड़ा है। हाईवे और बायपास में होटलें और ढाबे भी शराबियों के भरोसे ही चल रहे हैं। इन इलाकों में पुलिस की मुस्तैदी सबसे जरुरी है लेकिन हालात दूसरे हैं। यहां पुलिस जवान आराम फरमाते और अपनी जेबे भरते दिखतें हैं। किसी तरह की कोई नकेल नहीं कसी जा रही। शराब दुकानों में भी पुलिस बल तैनात नहीं है।

**लगातार बढ़ते अपराधों की समीक्षा क्यूं नहीं-** शहर में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर जिम्मेदार चुप हैं। पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है तो दूसरी ओर शासन की ओर से भी जिम्मेदार इन मामलों पर कुछ नहीं कर रहे हैं। प्रभारी मंत्री और दूसरे जिम्मेदार जनप्रतिनिधि कानून व्यवस्था की चरमराई स्थिति को लेकर आंख-कान मूंदे हुए हैं। पुलिसिया कार्यशैली को कड़ाई और समीक्षा की जरुरत है लेकिन इसे लेकर कुछ हो नहीं रहा। पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण भी सिवाए उद्धाटन, लोकर्पण और बड़े अधिकारियों की मौजूदगी में निरीक्षण जैसे कार्यक्रमों में ही नज़र आते हैं। मैदानी कार्रवाईयों में पुलिस का प्रदर्शन बेहद बुरा है। उस पर कई मामलों में पुलिस पर बड़े लेन-देन के आरोप लग रहे हैं।

**विपक्ष की आक्रामकता भी काफूर-** विपक्ष की भूमिका निभाते हुए भाजपा की आक्रामकता भी काफूर है। किसानों के मुद्दों को धरे बैठी भाजपा को शहर की चरमराई कानून व्यवस्था नज़र नहीं आ रही है। लगातार बढ़ते अपराध आम लोगों के लिए चिंता का विषय है। दहशतगर्दी बढ़ रही है और दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कोई मैदानी एक्शन देखने को नहीं मिल रहा है। ऐसे हालात में जरुरी है कि विपक्ष ऐसे मुद्दों पर प्रशासन पर दबाव बनाए लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है।

### वीराने से हुए गिरफ्तार, पैसे नहीं दिए फिर चाकू मार दिया

आरोपी बसंतपुर निवासी दीपक यादव (34), सुरेंद्र साव (34) और जय मेश्राम (43) मंगलवार की शाम रेवाडीह शराब दुकान के पास मौजूद हिंदुस्तान होटल पहुंचे थे। यहां उन्होंने कुछ चीजें खाईं और पैसा मांगने पर विवाद करने लगे। मामले को यहां मौजूद लोगों ने शांत कराया। थोड़ी देर बाद आरोपी वापस लौटे और यहां काम करने वाले अखिलेश प्रसाद (32) को इसी विवाद के चलते चाकू मार दिया। घटना में अखिलेश के कमर और कमर के नीचे गहरा घाव लगा है। पुलिस को मामले की सूचना मिली तो इनकी तलाश शुरु हुई। यह तीनों आरोपी रेवाडीह के ही वीरान इलाके से गिरफ्तार किए गए। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि तीनों आरोपी नशे में थे। वे हिंदुस्तान होटल भी शराब पीने ही पहुंचे थे। जब पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार किया तब भी वे शराब के नशे में थे। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 294, 506, 324, 34 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल दाखिल कर दिया है।



### आबकारी की वसूली का नतीजा

शराब दुकानों के आसपास अतिक्रमण कर चलाए जा रहे चखना सेंटरों को आबकारी और निगम ही संरक्षण दे रहा है। स्थानीय पार्षद भी इन मामलों पर चुप्पी साध जाते हैं। अपने जिम्मेदारियों से इतर अधिकारी और कर्मी समाज के लिए खतरा बन रहे अपराधिक तत्वों को पनपने का मौका दे रहे हैं। होटलों और ढाबों में खुलेआम शराब पिलाई जा रही है। इसे लेकर न ही पुलिस कुछ बोलती है और न ही आबकारी कार्रवाई करती है। इसके उलट इसके एवज में इन दोनों ही विभागों को मोटी रकम हासिल हो रही है।



# जारी है यूरिया की कालाबाजारी : दुकानदार पर दूसरी बार कार्रवाई, फिर 162 बोरी यूरिया खाद जप्त

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

घुमका क्षेत्र में यूरिया की कालाबाजारी और मनमाने दाम पर बेचने की शिकायतों पर आखिर कृषि विभाग हरकत में आया। मंगलवार को कृषि विभाग के एसडीओ एसएल देशलहरा, फर्टिलाइजर इंस्पेक्टर अविनाश दुबे और आधा दर्जन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की टीम ने पटेवा के दो खाद विक्रेताओं के यहाँ छापा मारा। मेसर्स युगराज जैन में 600 रुपये में प्रति बोरी यूरिया बेचने की पुष्टि होते ही यहां 162 बोरी यूरिया खाद जप्त किया गया है। वहीं एक अन्य दुकानदार छापे की भनक लगते ही शटर बन्द कर मौके से गायब हो गया।



अधिकारियों की टीम उक्त खाद विक्रेता का घन्टो इंतजार करती रही खबरों के अनुसार एसडीओ देशलहरा किसान के रूप में ग्राहक बनकर दुकान पहुंचे थे। यहां 600 रुपये में खाद खरीदने के बाद टीम को इशारा कर बुलाने के बाद कार्रवाई पूरी किये जाने की खबर है। घुमका और पटेवा समेत क्षेत्र में यूरिया की खुलेआम कालाबाजारी और निर्धारित से तीन गुने कीमत पर बेचने की लगातार शिकायत मिल रही है। सोमवार को इस आशय की खबर दैनिक पायनियर ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। पायनियर में छपी खबर के बाद विभाग की छापामार कार्रवाई में क्षेत्र में बड़े पैमाने पर यूरिया की कालाबाजारी का खेल उजागर हुआ है। खबरों के अनुसार पखवाड़े भर पहले पटेवा के दो खाद विक्रेताओं युगराज जैन और देवराज जैन के यहाँ नायब तहसीलदार और घुमका पुलिस की टीम ने छापा मारा था। तब सैकड़ों बोरी यूरिया युगराज जैन से जप्त किया गया था। एक पखवाड़े में दूसरी बार इतनी अधिक मात्रा में यूरिया की जप्ती से कृषि विभाग और प्रशासन की कार्रवाई को लेकर काफी सवाल खड़े हो रहें हैं।

# खंडहर हो रही बिल्डिंग, 18 महीने में तैयार होनी थी लेकिन 4 साल बाद भी काम अधूरा

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

ब्लॉक मुख्यालय छुरिया में सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवास निर्माण का कार्य तय मियाद के 3 साल बाद भी अधूरा है। निर्माणाधीन भवन पूर्ण होने से पहले ही खंडहर के शक्ल ले रहा है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल संभाग राजनांदगांव का यह प्रोजेक्ट 4 करोड़ 88 लाख रुपए का है जिसका ठेका फर्म मेसर्स मोहन पोद्दार, दुर्ग को मिला है। यह निर्माण 7 जुलाई 2017 को शुरु हुआ था जिसका निर्माण 18 महिनों में पूरा किया जाना था। लेकिन ये अब तक अधूरा है। छुरिया में विकासकार्यों की धीमी रफ्तार का यह हालही में सामने आया दूसरा मामला है। इससे पहले



यहां मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना के तहत विस्थापित दुकानदारों के लिए नगर पंचायत द्वारा बनाए जा रहे कांप्लेक्स निर्माण में तीन साल की देरी को लेकर प्रभावितों ने 9 दिनों तक लगातार प्रदर्शन किया था। अब अधिकारियों, कर्मियों के इस निवास को लेकर सवाल होने लगे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार जिला राजनांदगांव के ब्लॉक मुख्यालय छुरिया में सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवास निर्माण एवं विकास कार्य का निर्माण अभी तक अधूरा है। किसी अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने इसकी सुध भी नहीं ली है। नगर पंचायत कार्यालय के पीछे बन रहे आवास को ठेकेदार मेसर्स मोहन पोद्दार रायपुर को अनुबंध क्रमांक 240 दिनांक 7 जुलाई 2017 को अनुबंध राशि 4 करोड़ 88 लाख से कार्य आदेश की तिथि क्रमांक 1172/ 07.07.2017 को 18 माह की समय सीमा में 6 जनवरी 2019 को आवास के निर्माण कार्य पूर्ण हो जाना था। सूचना पटल के अनुसार तत्कालीन कार्यपालन अभियंता सीएस बेलचंदन का ऑफिस नंबर को जानकारी के लिए संपर्क किया गया पर वह बंद बता रहा है। वहीं सहायक अभियंता विक्रम गांधी और उप अभियंता देवेंद्र पटेल को जानकारी के लिए संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि वे अब रायपुर स्थानांतरित हो चुके हैं।

# किसान परेशान हैं और सीएम अपनी कुर्सी बचाने शक्ति प्रदर्शन में लगे हैं

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

किसानों के लिए किए गए वायदों को पूरा न करने को लेकर भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर वायदा खिलाफी का आरोप लगाते हुए धरना दिया। इस दौरान प्रदेश को सुखाग्रस्त घोषित करने व 15000 रूपये प्रति एकड़ मुआवजा देने सहित अन्य मांगे भी भाजपा ने रखी। मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद, भाजपा जिला अध्यक्ष सहित वरिष्ठ भाजपाई और पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान वक्ताओ ने कहा की किसान सहित प्रदेश का हर तबका कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली से अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। वही प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ढाई -ढाई साल के



खेल मे अपनी कुर्सी बचाने दिल्ली दरबार मे हाजरी लगा शक्ती प्रदर्शन कर रहे हैं। इन्हे प्रदेश के किसानो की चिंता नही है। आरोप लगाया गया कि एक ओर जहां खेती के समय में किसानो को खाद की कमी से जुझना पड़ा वहीं दूसरी ओर खुले बाजार मे खाद की ऊंचे दामो मे बिक्री हो रही है। कांग्रेस के सत्ता मे आते ही न तो शत प्रतिशत किसानो का कर्जा माफ हुआ न बोनस मिला और न ही उपज का एक मुश्त 2500 रूपये क्विंटल की राशि मिली। वही प्रदेश के युवा ढाई साल से बेरोजगारी भत्ता का इंतजार करते बैठे है। इस दौरान भाजपा के सांसद संतोष पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, जिलाध्यक्ष मधुसूदन यादव, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, सोशल मीडिया प्रभारी कमल सोनी, रोहित चंद्राकर, अतुल रायजादा, तरुण लहरवानी, किसुन यदु, पुष्पा गायकवाड़, सरस्वती यादव, देवकुमारी साहू, मिथलेश्वरी वैष्णव, उमेश वर्मा, राजेश श्यामकर, अशोक देवांगन, प्रतीक्षा भंडारी, अशोक चौधरी, कोमल सिंह राजपूत, मनोज साहू, गोविंद देवांगन, खिलेश्वर साहू, व सभी मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# गहरे पानी में डूबा बालक, 3 घंटे बाद बरामद हुआ शव

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

आज फिर एक मासूम की डूबने से मौत हो गई। शहर से लगे ग्राम कांकेतरा के 14 वर्षीय बालक का शव नाले से बरामद किया गया है। वह अपने दोस्तों के साथ यहां नहाने आया हुआ था। तेज बहाव के चलते वह गहरे पानी में चला गया और उसकी मौत हो गई। गोताखोरों ने 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसका शव बाहर निकाला। इस घटना के बाद ग्राम में शोक है। वहीं खबर मिलते ही मृतक के माता-पिता बेसुध हो गए।

चौकी चिखली पुलिस ने बताया कि घटना की खबर के बाद चिखली पुलिस चौकी प्रभारी चेतन चंद्राकर दल-बल के साथ मौके



पर पहुंचे थे। मिली जानकारी के मुताबिक 14 वर्षीय अमित निषाद अपने साथियों के साथ सुबह 9 बजे गांव के नाला में नहाने गया। कांकेतरा-मोहगांव मार्ग पर स्थित नाला लगातार हुई बारिश से उफान पर था। नहाने के दौरान मृत बालक अपने साथियों के साथ पानी में खेल भी रहा था। इसी बीच वह गहरे पानी में चला गया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

# 7 महीनों से फरार था शराब तस्कर, पुलिस ने दबोचा

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

फरवरी माह में पुलिसिया कार्रवाई के दौरान फरार हुए शराब तस्कर को पुलिस ने 7 महिनों बाद गिरफ्तार किया है। घटना 6 फरवरी की है। जब चिचोला पुलिस ने नाकेबंदी कर तस्कर को गिरफ्त में लेने की कोशिश की थी। मौके से उसकी गाड़ी के अलावा 35 पौवा मध्यप्रदेश राज्य निर्मित अंग्रेजी गोवा व्हिस्की शराब बरामद हुई थी।

पुलिस ने जानकारी जुटाई तो वाहन गमन निषाद (26) निवासी बुधवारी पारा वार्ड नंबर 14 डोंगरगढ़ का नाम सामने आया। पुलिस लगातार उसकी तलाश में थी। बीते मंगलवार को उक्त आरोपी



डोंगरगढ़ में घूमते देखा गया। चिचोला पुलिस चौकी ने टीम तैयार कर डोंगरगढ़ भेजी गई जहां से आरोपी को घेरा बंदी कर पकड़ लिया गया।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव कार्यकारिणी का विस्तार

# ब्लॉक इकां में पांच महामंत्री व तीन उपाध्यक्ष मनोनीत

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चेतन साहू ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पदम कोठारी व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के अनुशंसा पर विधायक दलेश्वर साहू व जिले के प्रभारी पंकज शर्मा की सहमति से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव के कार्यकारिणी का विस्तार किया है। कोषाध्यक्ष सुयश नाहटा हैं। उपाध्यक्ष सफीर अहमद खान, कृत लाल साहू, जयराम साहू हैं। महामंत्री संदीप रत्नाकर, श्रीमती साधना भारती, चुम्मन साहू, वसीम खान, देवेन्द्र लिल्हारे हैं।

ब्लॉकईकां अध्यक्ष ने बताया कि सचिव इंद्र कुमार साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, राजकुमार बंजारे, भेलश साहू, प्रेम लाल साहू, भगत कोर्राम, नरेंद्र साहू, कीर्तन चंद्रवंशी, गिरधर धनकर, जगदीश साहू, मिटकू देवांगन, ओम प्रकाश साहू, संजय भट्टाचार्य, हीरामन माहेश्वरी, कन्हैया साहू, श्याम सुंदर लाउत्रे, वारेंद्र साहू, लोकेश सिन्हा, तेजराम सहारे, मूलचंद साहू, मनीष मंडावी, अमर दास साहू, राम रतन ठाकुर, श्रीमती अनीता चंद्राकर, बसंत निषाद, मोहन साहू, जितेंद्र चुनारकर, तोरण



ठाकुर, रामू सोनकर, महेश गंजीर, टाकेश साहू, हेम नारायण साहू, मदन टंडन, हुमन चंद्रवंशी, कुलेश्वर देवांगन, श्रीमती रेखा बोरकर, राधेश्याम साहू हैं।

इसी प्रकार संयुक्त सचिव गोवर्धन साहू, खेमचंद साहू, बिणाधर वर्मा, डामन साहू, धनसाय साहू, भागवत साहू, यशवंत साहू, देवलाल कंवर, घनश्याम साहू, ओमप्रकाश रामटेके, दिलीप साहू, खूबलाल साहू, इंद्र कुमार तिवारी, राहुल देशलहरे, डालमणि पटेल, मोहन वैष्णव, संजू शांडिल्य, छबिल तारम, चैनू राम साहू, हेमिन नेताम, चमन साहू, श्रीमती अन्नु साहू, घनश्याम साहू, नयूम खान, सेवाराम खुटियारे, खम्मन ठाकुर, कृपा राम साहू, कुमन सिंह ठाकुर, रामसुख साहू, गोकुल देवांगन, खेलन डहरे, दीपचंद साहू, ईश्वर साहू, देवेन्द्र साहू, सखा राम सिन्हा, दिनेश्वरी साहू हैं।

कार्यकारिणी सदस्य किशोर बनाफर, लिखन साहू, श्याम साय लाऊत्रे, श्याम कोरी, सोहन साहू, उमा बाई साहू, केजू राम साहू, नारायण वैष्णव, कीर्तन चंद्रवंशी, सहदेव सिन्हा, विक्की शर्मा, तिलक ठाकुर, नरेंद्र साहू, सुकल सिंह मंडावी, चमारराय चंद्रवंशी, यादराम साहू, जितेंद्र शांडिल्य, रघुवीर ठाकुर, रोशन साहू, ईश्वर चंद्रवंशी, हेमंत साहू, देव प्रसाद मारकंडे, घनश्याम धनकर, रामकुमार वैष्णव, भारत साहू, सियाराम सिन्हा,भागवत साहू, भीखम सिन्हा, शिव नेताम, शिलादित्य भावे, डोमार ठाकुर, सेखूराम साहू, कमल नारायण साहू, मीना बाई लाउत्रे हैं। स्थाई आमंत्रित सदस्य दलेश्वर साहू विधायक, भोलाराम साहू पूर्व विधायक, देशराज जैन, मुरलीधर पंजवानी, बलिराम साहू, श्रीमती क्रांति बंजारे, एम. मोहन अय्यर, मदन साहू, सोनू राम साहू, महेंद्र यादव, हीरा निषाद, टिकेश साहू, ललित लोढा, संजय मुटकुरे है।

विशेष आमंत्रित सदस्य गुलाब वर्मा, अजीत जैन, बद्री नारायण शुक्ला, प्रमोद जैन, चंद्रशेखर उईके, विरेन्द्र बोरकर, डां नरेंद्र साहू, श्रीमती विभा साहू, संतोष वैष्णव, मिलन मंडावी, बालगोविंद दीक्षित, सोनू राम पटेल, पुनाराम सिन्हा, हुकुमचंद वैद्य, खेलू राम साहू, गुलमीर अहमद खान, चंद्रकला यादव, देवेंद्र दुबे, मुकेश जैन, रोहित सोनकर, कौशल साहू, मिलाप देवांगन, डेरहा साहू, टीकम साहू, मूलचंद साहू को मनोनित किया गया है।

### गणेश विसर्जन की तैयारियां शुरु

**राजनांदगांव।** गणेश विसर्जन को लेकर निगम ने तैयारियां शुरु कर दी है। 19 व 20 सितम्बर को गणेश विसर्जन के लिये मोहारा नदी में निर्मित विसर्जन कुण्ड में विसर्जन कराये जाने प्रकाश व्यवस्था, मूर्ति विसर्जन के लिये क्रेन की व्यवस्था की जा रही है। रानी सागर, सर्किट हाऊस के पास व नंदई चौक में मूर्ति लाने लेजाने के लिये वाहन की व्यवस्था की जाएगी। नगर निगम द्वारा गणेश विसर्जन अवसर पर मूलभुत सुविधा सहित व्यापक व्यवस्था की जा रही है। जिसके लिये निगम के अधिकारियो कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। अभियंतों व अन्य अधिकारियों को अलग-अलग व्यवस्था का प्रभारी नियुक्त किया गया है। शहर के सम्पूर्ण क्षेत्रो में विशेष साफ सफाई व्यवस्था एवं शहर के भीतरी इलाकों में घुमने वाले आवारा पशुओं को पकड़ने व विसर्जन के दौरान विशेष रूप से यातायात सुविधा की दृष्टि से आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए भी टीम बनाई गई है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202106092300145/ ब/121 वर्ष 2020-21

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जितेन्द्र कुमार पिता मन्नू जाति गोंड निवासी ग्राम व कृषक ग्राम तोतलभर्री तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम तोतलभर्री प.ह.नं. 01 मे स्थित खसरा नं 104, 18/1, 180/1, 359 कुल रकबा 1.7890 हे. भूमि के आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त खसरा की ऋण पुस्तिका भाग 01 एवं भाग 02 कहीं गुम हो गया है। बहुत खोजबीन करने के बाद भी ऋण पुस्तिका भाग 01 एवं भाग 02 नहीं मिल रहा है। जिसके कारण आवेदक को बहुत परेशानी हो रही है। अतः आवेदक जितेन्द्र कुमार पिता मन्नु जाति गोड निवासी ग्राम व कृषक ग्राम तोतलभर्री तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका भाग 01 एवं भाग 02 बनाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह फर्द प्रकाशन दिनांक 06.10.2021 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.202103090200029
अ-27 वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण संतोष, सुभाष व राजेन्द्र सभी पिता भाउलाल जाति कलार निवासी वार्ड नंबर 3 नगर पंचायत छुरिया तहसील छुरिया के द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम छुरिया प.ह.नं. 06 तहसील छुरिया स्थित कृषि भूमि खाता क्रमांक 835 में दर्ज खसरा नं (रकबा) 95/1 (0.2550 हे.), 99/3 (0.0690 हे.), 386/4 (0.01470 हे.), 493/4 (0.0120 हे.) आवेदकगण के शामिलात नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि का आपसी बंटवारा हो चुका है एवं बंटवारा अनुसार कास्त काबिज है। आवेदकगण द्वारा आवेदित भूमि का आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा अनुसार आवेदकगण के मध्य खाता विभाजन किए जाने के निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ बी-1 की छायाप्रति पेश किय गया है। आवेदन द्वारा प्रस्तुत आवेदन की प्रकरण सुनवाई पश्चात आवेदित भूमि का आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा अनुसार हल्का पटवारी से फर्द पत्रक प्राप्त किया गया जो ईश्तहार के साथ संलग्न है।

हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत फर्द बंटवारा के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो फर्द बंटवारा प्रकाशन पश्चात प्रकरण की आगामी सुनवाई दिनांक 23.09.2021 को अपना दावा आपत्ति स्वयं/ वकील/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 14.09.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
छुरिया
जिला-राजनांदगांव(छ.ग.)

## रोहित शर्मा की तरह तीनों फॉर्मेट में बैटिंग करना चाहती हैं ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एलिसा हीली



ऑस्ट्रेलिया की टॉप महिला क्रिकेटर एलिसा हीली ने कहा कि वह रोहित शर्मा से प्रेरणा लेकर इस भारतीय स्टार सलामी बल्लेबाज की तरह खेल के तीनों फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन करना चाहती हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज हीली भारत के खिलाफ21 सितंबर से शुरू हो रही सीरीज की तैयारियों में जुटी हैं। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम भारत के खिलाफतीन वनडे, एक डे-नाइट टेस्ट और तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। हीली ने अभी तक केवल चार टेस्ट मैच खेले हैं और उनका कहना है कि वह पिंक बॉल के मुकाबले को वनडे की तरह ही खेलना चाहेंगी, जो कैनबरा में 30 सितंबर से तीन अक्टूबर तक खेला जाएगा।

हीली ने सीरीज के लॉन्च 'फॉक्स क्रिकेट' शो में कहा, 'यह (पिंक बॉल टेस्ट) पेचीदा होगा क्योंकि मैंने सिर्फचार टेस्ट मैच ही खेले हैं इसलिए मैं यह नहीं कहूंगी कि मैं टेस्ट मैच में खेलने के लिए सहज हूं।' उन्होंने कहा, 'जहां तक मेरी बात है तो इस टेस्ट में मेरी वनडे बल्लेबाजी से ज्यादा कुछ बदलाव नहीं होने वाला है। मुझे लगता है कि खुद को और ज्यादा समय देना (बल्लेबाजी के लिए) शानदार है।' उन्होंने कहा, 'आधुनिक टेस्ट मैच को देखें तो यह काफी बदल गया है। मैं रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी से प्रेरणा लेती हूं जो दुनिया के सफेद गेंद के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक हैं, फिर भी वह टेस्ट क्रिकेट में वास्तव में सफल सलामी बल्लेबाज हैं।'

सफेद गेंद के क्रिकेट में दबदबा बनाने के बाद भारतीय सीमित ओवर की टीम के उप-कप्तान रोहित ने लाल गेंद के फॉर्मेट में भी अपनी काबिलियत साबित की है। बल्लेबाजी की शुरुआत करते हुए रोहित ने भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के दौरे के दौरान अहम भूमिका अदा की। हीली ने कहा, 'इसलिए मैं उनकी (रोहित) तरह खेलना चाहती हूं कि वह सभी फॉर्मेट में किस तरह से अपने कौशल से शानदार बल्लेबाजी करते हैं तो मैं सोचती हूं कि मैं किस तरह उनकी तरह का प्रदर्शन कर सकती हूं?

# T20 विश्व कप के बाद अपने पद से इस्तीफा दे देंगे रवि शास्त्री



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य कोच रवि शास्त्री ICC T20 विश्व कप 2021 के समापन के बाद अपने पद से हट जाएंगे। शास्त्री का कार्यकाल ICC के इस इवेंट के बाद समाप्त हो जाएगा और वह अपने अनुबंध को रिन्यू नहीं करना चाहते हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि शास्त्री ने बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों को अपना फैसला सुना चुका हैं वह मुख्य कोच के रूप में भूमिका निभाना बंद कर देंगे और बीसीसीआइ को भारतीय टीम के लिए एक कोच की तलाश करनी होगी।

2017 से 2019 तक मुख्य कोच के रूप में सेवा देने के बाद रवि शास्त्री को अगस्त 2019 में एक बार फिर से दो साल के लिए नियुक्त किया गया था। उनका वर्तमान कार्यकाल ICC T20 विश्व कप 2021 के समापन के साथ समाप्त होने वाला है, जो 17 अक्टूबर से शुरू होगा और 14 नवंबर को समाप्त होगा। न्यूज 18 इंग्लिश के रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने दावा किया कि रवि शास्त्री पहले ही बीसीसीआइ अधिकारियों को इस बात के लिए सूचित कर चुके हैं कि अनुबंध समाप्त होने के बाद वह पद से इस्तीफा दे देंगे। सूत्रों ने ये भी दावा किया कि शास्त्री के सहायकों का अनुबंध भी रिन्यू नहीं किया जाएगा।

घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि मुख्य कोच रवि शास्त्री, गेंदबाजी कोच भरत अरुण और फील्डिंग कोच आर श्रीधर आइसीसी टी20 विश्व कप के बाद सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा नहीं होंगे। हालांकि, बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर इस पद पर बने रह सकते हैं, क्योंकि उन्होंने अगस्त 2019 में इस जिम्मेदारी को संभाला था। बोर्ड ने टी20 वर्ल्ड कप के बाद टीम के लिए नया मुख्य कोच नियुक्त करने पर पहले ही चर्चा शुरू कर दी है। बोर्ड भारतीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करेगा। आवेदन के आधार पर चयन और साक्षात्कार किया जाएगा। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर राहुल द्रविड़ भारतीय टीम के नए मुख्य कोच होंगे। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग भी शीर्ष पद की दौड़ में हैं। सूत्रों के मुताबिक, नए मुख्य कोच और सपोर्ट स्टाफटीम इंडिया के दक्षिण अफ्रीका दौरे के प्रभारी होंगे, जो टी20 विश्व कप के बाद 16 दिसंबर से शुरू हो रहा है। हालांकि, नए कोच टी20 वर्ल्ड कप के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफघर में दो टेस्ट मैचों की सीरीज में नजर नहीं आएंगे। बोर्ड के एक वर्ग के मुताबिक अगर जरूरी हुआ तो टीम इंडिया शास्त्री के अनुबंध को एक महीने और बढ़ाकर न्यूजीलैंड सीरीज के खिलाफखेल सकती है।

## ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर ब्रैड हॉग ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड और न्यूजीलैंड टीमों को बताया फेवरेट




**नई दिल्ली।** अगले महीने से यूएई और ओमान में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए सभी देशों ने अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। टी-20 विश्व कप की शुरुआत 17 अक्टूबर से होनी है और टूर्नामेंट का फाइनल मैच 14 नवंबर को खेला जाएगा।

इस बीच, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर ब्रैड हॉग ने आगामी टी20 विश्व कप 2021 के लिए अपनी पसंदीदा टीम को चुना है। हॉग का मानना है कि मौजूदा समय में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड टी20 प्रारूप में सबसे बेस्ट टीम हैं और यही दोनों टीमों में से कोई एक चैंपियन बन सकती है। हॉग ने हालांकि आगे बताया कि अगर इन दोनों टीमों को कोई टक्कर दे सकता है तो वह भारत ही है।

हॉग ट्विटर यूजर्स के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस दौरान उनसे टी20 वर्ल्ड कप में खिताब जीतने की फेवरेट टीम के बारे में पूछा गया तो पूर्व स्पिनर ने इस पर इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की टीम का नाम लिया। ये दोनों टीमें 2019 वर्ल्ड कप के फाइनल में आमने सामने हुई थी, जहां इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को बाउंड्री नियम के आधार पर हराकर पहली बार 50 ओवरों का आईसीसी खिताब जीता था।

हॉग ने ट्विटर पर सवालों का जवाब देते हुए लिखा, 'टी20 फॉर्मेट में न्यूजीलैंड और इंग्लैंड मेरी पसंदीदा टीम है। और कागजों पर केवल एक ही टीम है, जो इन दोनों को टक्कर दे सकती है, वह है टीम इंडिया।

## ग्लेन मैक्सवेल का दावा- भले ही हम हार के आए हैं, लेकिन T20 विश्व कप के लिए हमारी टीम दमदार है



**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि हाल की कुछ टी20 इंटरनेशनल सीरीजों में उनकी टीम के कमजोर प्रदर्शन के बावजूद टी20 विश्व कप के लिए चुनई गई टीम बहुत अच्छी है। ग्लेन मैक्सवेल समेत पूरी टीम इस साल अक्टूबर-नवंबर में संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में होने वाले आइसीसी टी20 विश्व कप की प्रतीक्षा कर रही है। इसी वजह से कई आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आइपीएल नहीं खेल रहे।

T20 वर्ल्ड कप जीतने की आस्ट्रेलिया की संभावनाओं के लेकर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा, ÷मेरा मानना है कि टीम बहुत अच्छी है। जब यह टीम एक साथ आएगी, तो हम किसी भी परिस्थिति से निकलकर अच्छी परिस्थिति में जा सकते हैं। हम इसी के बारे में देख रहे हैं।÷ स्टीव स्मिथ, डेविड वार्नर या पैट कमिंस जैसे किसी भी दिग्गज को आस्ट्रेलिया के लिए खेले हुए आठ महीने हो चुके हैं और ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस और केन रिचर्डसन भी 6 महीने से नहीं खेले हैं। यहां तक कि कप्तान आरोन फिंच भी वेस्टइंडीज के खिलाफ चोटिल होने के बाद बांग्लादेश के खिलाफ नहीं खेल पाए थे। ऐसे में फार्म हासिल करना सभी के लिए चिंता की बात होगी। आइसीसी से बात करते हुए मैक्सवेल ने आगे कहा, ÷आप हमारे लाइनअप को देखें, हमारे पास मैच विजेताओं से भरी एक टीम है जो अपने दिन खेल को विपक्ष से दूर ले जा सकती है। मुझे लगता है कि हम ऐसा करने वाले हैं।

## IPL 2021 के दूसरे भाग के शुरू होने से पहले CSK को लगा झटका, सैम कुर्रन खिलाड़ी नहीं खेलेगा पहला मैच



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल के 14वें सीजन के दूसरे पार्ट की शुरुआत 19 सितंबर से हो रही है। आइपीएल 2021 के बाकी बचे सीजन की शुरुआत मुंबई इंडियंस बनाम चेन्नई सुपर किंग्स के ब्लाकबस्टर मैच के साथ होनी है, लेकिन इस मुकाबले से पहले चेन्नई की टीम को एक बड़ा झटका लगा है, क्योंकि एक अहम खिलाड़ी पहले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेल नहीं पाएगा, क्योंकि ये खिलाड़ी क्वारंटाइन में है। दरअसल, सीएसके को सैम कुर्रन के रूप में बड़ा झटका मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच से पहले लगा है, क्योंकि सैम कुर्रन भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड से रवाना नहीं हुए थे। यही कारण है कि उन्होंने देर से टीम को ज्वाइन किया और ऐसे में उनको 6 दिन के क्वारंटाइन में रहना होगा। सैम कुर्रन 15 सितंबर को यूएई पहुंचे हैं और ऐसे में उनको 6 दिन क्वारंटाइन में रहना होगा। यही कारण है कि वे 19 सितंबर को होने वाले मैच में उपलब्ध नहीं होंगे। आपको बता दें, भारतीय खिलाड़ी इंग्लैंड के दौरे से इसलिए जल्दी आ गए थे, क्योंकि भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट मैच कैंसिल हो गया था। हालांकि, अगर भारतीय खेमे में कोरोना वायरस के केस नहीं आते तो फिर बबल-टू-बबल ट्रांसफर हो सकता था, लेकिन अब सभी को 6-6 दिन क्वारंटाइन में बिताने पड़ रहे हैं। यही वजह है कि सैम कुर्रन दूसरे भाग का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे।

## बिजनेस

# तंबाकू उत्पादों पर टैक्स और राजस्व बढ़ाने की जीएसटी कौंसिल से अपील

**रायपुर।** चिकित्सकों और अर्थशास्त्रियों के साथ जनस्वास्थ्य समूह जीएसटी कौंसिल से कह रहे हैं कि सभी तंबाकू उत्पादों पर कंपनसेशन (क्षतिपूर्ति) सेस बढ़ा दिया जाए ताकि सरकार के लिए अतिरिक्त राजस्व पैदा हो सके । 17 सितंबर को होने वाली जीएसटी कौंसिल की बैठक से पहले इन सबों ने कौंसिल से अपील की है कि अतिरिक्त राजस्व के लिए सभी तंबाकू उत्पादों पर कंपनसेशन (क्षतिपूर्ति) सेस लगाने के असाधारण उपाय पर विचार किया जाए। तंबाकू से प्राप्त होने वाला यह टैक्स राजस्व महामारी के दौरान संसाधनों की बढ़ी हुई आवश्यकता में अच्छा-खासा योगदान कर सकेगा । इनमें टीकाकरण और स्वास्थ्य संरचना को बेहतर करना शामिल है ताकि संभावित तीसरी लहर की तैयारी की जा सके । इस समूह के मुताबिक आज के चुनौती पूर्ण समयमें तंबाकू पर टैक्स बढ़ाना सबके फायदे की नीति रहेगी । एक तो यह कोविड-19 महामारी से लगे आर्थिक झटके से निपट सकेगा और दूसरे कोविड-19 से होने वाले नुकसान को सीधे कम कर सकेगा।

कोविड-19 की दूसरी लहर देश के लिए एक बड़े झटके की तरह रही है और यह पहली लहर से काफी ज्यादा रही है । पहली लहर के बाद अर्थव्यवस्था में तेजी लाने और महामारी के नकारात्मक आर्थिक झटके से प्रभावित लोगों की क्षतिपूर्ति के लिए भारत सरकार ने पहले ही कई वित्तीय और आर्थिक प्रेरक उपायों की घोषणा की है । सरकारी खजाने की वित्तीय आवश्यकताएं लगातार बढ़ रही हैं और इसके साथ तथ्य है कि टीकाकरण अभियान तथा संभावित तीसरी लहर की तैयारियों के लिए विशाल संसाधनों की आवश्यकता है । कोविड-19 महामारी के कारण केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के लिए जीएसटी राजस्व प्राप्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है और इसका परिणाम यह है कि केंद्र सरकार भिन्न राज्य सरकारों को जीएसटी के तहत गारंटीशुदा कंपनसेशन सेस का बकाया नहीं बांट पाई है। जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से तंबाकू पर टैक्समें कोई खास वृद्धि नहीं हुई है । ऐसे में सभी तंबाकू उत्पाद पिछले तीन वर्षों के दौरान ज्यादा लोगों की पहुंच में आ गए हैं । कुल टैक्स बोझ (खुदरा मूल्य समेत अंतिम टैक्स के प्रतिशत के रूप में टैक्स) सिगरेट पर सिर्फ करीब 52.7 प्रति., बीड़ी के लिए 22प्रति. और अन्य तंबाकू उत्पादों के लिए 63.8प्रति. है । यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित टैक्स बोझ के मुकाबले बहुत कम है ।

## सोना-चांदी के रेट हो गए और कम अब इस भाव मिल रही कीमती धातु




**नई दिल्ली।** Gold-Silver के दाम बुधवार को गिर गए। MCX पर जहां त्वश्द्यस्त्र के अक्टूबर डिलीवरी के रेट 112 रुपए घटकर 47148 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गए। वहीं 1 दिन पहले यह 47260.00 रुपए प्रति 100 ग्राम चल रहा था। दिसंबर डिलीवरी वाले त्वश्द्यस्त्र की कीमत 47307 रुपए प्रति 10 ग्राम चल रही है। स्द्बद्य1द्गह्म की दिसंबर डिलीवरी का रेट भी 212 रुपए प्रति किलो नीचे है। कल यहां कारोबार खत्म होने पर इसके रेट 63585.00 रुपए प्रति किलो थे। वहीं आज 63373.00 रुपए प्रति किलो हो गए हैं। मंगलवार को सर्राफा बाजार में बहुमूल्य धातुओं की वैश्विक कीमतों में आई गिरावट और रुपये के मूल्य में सुधार से सोना 36 रुपये के मामूली नुकसान के साथ 45,888 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। HDFC Securities ने बताया कि पिछले कारोबारी सत्र में सोना 45,924 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके विपरीत, चांदी की कीमत 73 रुपये सुधरकर 61,911 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। चांदी पिछले कारोबारी सत्र में यह 61,838 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## फ्लिपकार्ट ने की अपनी सप्लाई चेन को मजबूत बनाने की तैयारी

**रायपुर।** भारत के स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने त्योहारी सीज़न के दौरान लाखों उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों के मद्देनज़र देशभर में अपनी सप्लाई चेन को मजबूत बनाने के साथ-साथ इसमें विस्तार किया है। फ्लिपकार्ट के इस कदम से ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले ग्राहकों के साथ-साथ लाखों एमएसएमई विक्रेताओं कारीगरों एवं किराना स्टोर्स को बाजारों तक अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी इस मकसद से, फ्लिपकार्ट ने देशभर में असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र ओडिशा, पंजाब, राजस्थीन, तमिलनाडु, तेलंगाना तथा पश्चिम बंगाल में 36 नए बड़े फुलिफलमेंट एवं सोर्टेशन सेंटर स्थापित किए हैं। इसके अलावा, फ्लिपकार्ट ने देशभर में 1,000 से अधिक नए डिलीवरी हब्स् स्थापित कर अपनी लास्ट-माइल पहुंच को भी मजबूती दी है। आगामी बिग बिलियन डेज़ के दौरान बड़े पैमाने पर होने वाली बिक्री और मांग के मद्देनज़र क्षमता बढ़ाने के अलावा स्टोरज, सोर्टिंग, पैकेजिंग, मानव संसाधन, प्रशिक्षण तथा डिलीवरी जैसे क्षेत्रों पर निवेश करना जरूरी है जो त्योहारी सीज़न के दौरान, रोज़गार के अतिरिक्त अवसरों को भी पैदा करेगा। फ्लिपकार्ट ने अपने 'लास्ट माइल डिलीवरी पार्टनरशिप' के तहत् किराना स्टोर्स के साथ अपनी भागीदारी को भी मजबूत बनाया है और साथ ही उन्हें टैक्नोलॉजी आधारित डिजिटल इकोसिस्टाम का हिस्सा बनाया है इस साल फ्लिपकार्ट ने 1,15,000 से अधिक लोगों के लिए त्योहारी सीज़न की मांग के चलते रोज़गार के नए अस्थायी अवसर भी जुटाए हैं जिनमें से 15ः महिलाओं और निःशक्त जनों के लिए हैं। देश में सर्वसमाहित आर्थिक विकास में ई-कॉमर्स की भूमिका के बारे में कल्यांण कृष्णमूर्ति, मुख्य कार्यकारी अधिकारी फ्लिपकार्ट ग्रुप ने कहा ई-कॉमर्स ने बहुत लोगों को समर्थ बनाया है और साथ ही यह विक्रेताओं तथा उपभोक्ताओं के लिए मूल्य एवं पहुंच का लाभ जुटाने वाला साबित हुआ है। इसके सप्लाई चेन इंफ्रास्ट्रंक्चर तथा टैक्नोलॉजी आधारित डिजिटल इकोसिस्टम ने रोज़गार के लाखों नए अवसरों के जरिए ढेरों संभावनाएं पैदा की हैं और पारंपरिक वेयरहाउसिंग के स्थान पर अधिक भरोसेमंद और टैक्नोलॉजी से लैस भंडारण सुविधाएं जुटायी हैं और इस पूरी प्रक्रिया में स्थानीय विक्रेताओं एमएसएमई, किराना स्टोर्स, किसानों एवं कम सुविधाप्राप्त समुदायों को राष्ट्रीय स्तर पर बाजारों से जोड़ा है फ्लिपकार्ट आज भारत में अनेक नई संभावनाओं को पैदा करने के लिहाज से महत्वपूर्ण मोड़ पर है जहां यह उद्योग एवं अर्थव्यवस्थां को उत्प्रेरित करते हुए देश के सुदूरतम हिस्सों के विक्रेताओं कारीगरों एवं बुनकरों तक को मदद पहुंचा रहा है।

## बॉलीवुड

# अरबपतियों की गली में बना दीपिका-रणवीर का अशियाना, 22 करोड़ का खरीदा शानदार बंगला



**मुंबई।** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अलीबाग में 22 करोड़ रुपये का नया घर खरीदा है। सोशल मीडिया पर अक्सर एक-दूसरे के लिए अपने प्यार का इजहार करने वाले इस स्टार कपल ने अलीबाग में अपने लिए एक परफेक्ट बंगला ढूंढ लिया है।

बॉलीवुड स्टार कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की शादी को तीन साल पूरे हो जाएंगे। 14 नवंबर 2018 को दोनों ने अपनेपारंपरिक रिवाजों के साथ सात फेरे लेकर सात जन्म के लिए एक हो गये थे। दोनों की रील लाइफकेमिस्ट्री लोगों को इतनी पसंद थी कि उनकी साथ में आयी हर फिल्म सुपरहिट रही। फिल्म के सेट पर शुरू हुई दोनों की प्रेम कहानी आखिर में अपने अंजाम पर पहुंची और दोनों ने शादी कर ली। अब शादी के तीन साथ बाद स्टार कपल ने अपना ड्रीम हाउस खरीद लिया है। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अलीबाग में 22 करोड़ रुपये का नया घर खरीदा है। सोशल मीडिया पर अक्सर एक-दूसरे के लिए अपने प्यार का इजहार करने वाले इस स्टार कपल ने अलीबाग में अपने लिए एक परफेक्ट बंगला ढूंढ लिया है। संपत्ति का पंजीकरण 1 सितंबर को किया गया था और 1.32 करोड़ रुपये की राशि स्टांप शुल्क के रूप में भुगतान की गई थी। मनीकंट्रोल के अनुसार, पंजीकरण दस्तावेज में कहा गया है कि संपत्ति 2.25 एकड़ में फैली हुई है और इसमें लगभग 18,000 वर्ग फुट का एक निर्मित क्षेत्र है। 5 कमरे वाले बंगले में एक ग्राउंड और पहली मंजिल बनीं है। यह सतीर्जे क्षेत्र में स्थित है और किहिम बीच से लगभग 10 मिनट की दूरी पर लोकेटिड है।

सतीर्जे क्षेत्र को अरबपतियों की गली कहा जाता है। अलीबाग में कई बॉलीवुड हस्तियों और उद्योगपतियों के बंगले हैं। इनमें शाहरुख खान, वेदांता रिसोर्सेज के नवीन अग्रवाल, रेमंड्स के गौतम सिंघानिया, इंफोसिस के सलिल पारेख आदि शामिल हैं। मुंबई से अलीबाग पहुंचने में आमतौर पर लगभग 40-45 मिनट लगते हैं। रणवीर और दीपिका के पास मुंबई में 4 बीएचके का फ्लैट भी है। यह शहर के प्रभादेवी क्षेत्र में स्थित है।

## ईशान खट्टर की 'Pippa' का फर्स्ट लुक देखकर इम्प्रेस हुए भाई शाहिद कपूर, कैटरीना कैफ-हुमा कुरैशी भी हुईं फिदा



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर ईशान खट्टर ने अपनी आने वाली फिल्म 'पिप्पा' (Pippa) का फर्स्ट लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। लुक को शेयर करने के साथ एक्टर ने ये बताया कि आने वाली इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। ईशान के पोस्ट करते ही यह पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वहीं बॉलीवुड सितारे ईशान के लुक देखकर इम्प्रेस हो गये हैं।

**अपने लुक में कुछ ऐसे दिखे ईशानः** पोस्टर में ईशान एक युद्ध टैंक खड़े दिखाई दे रहे हैं। पोस्टर में क्लीन शेव्ड ईशान आर्मी वर्दी पहने, अपने हाथ में राइफल पकड़े हुए दिख रहे है। ईशान अपने लुक शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा-यह खास होने जा रहा है पिप्पा की 'शूटिंग' शुरू गॉडस्पीड।

### शाहिद कपूर सहित इन सितारों को भी पसंद आया ईशान का लुक

ईशान की पोस्ट पर रिएक्शन देते हुए उनके भाई अभिनेता शाहिद कपूर ने लिखा, ओहू बहुत अच्छा लग रहा है। कैटरीना कैफ ने लिखा, सो एक्साइटेड । ईशान के पिता राजेश खट्टर ने कमेंट किया, 'ब्रेक ए लेग किड। हुमा कुरैशी ने लिखा, बधाई हो। नेहा धूपिया , तब्बू और जोया अख्तर हाईफाई इमोजी के साथ कमेंट किया है।

## द एम्पायर के शैबानी ख़ान पर बन सकती है स्पिन ऑफवेब सीरीज़ डीनो मोरिया ने किया खुलासा



**मुंबई।** डिज़्नी प्लस हॉटस्टार पर 27 अगस्त को हिस्टोरिकल फिक्शन वेब सीरीज़ द एमम्पायर रिलीज़ हुई। भारत में मुग़ल साम्राज्य की बुनियाद रखने वाले बादशाह बाबर की इस बायोपिक सीरीज़ में जिस किरदार की चर्चा सबसे अधिक हुई, वो शैबानी ख़ान है। सीरीज़ में नकारात्मक होने के बावजूद शैबानी ख़ान का कैरेक्टर ग्राफ ज़बरदस्त है और इसके निभाने के लिए डीनो मोरिया को भी खूब तारीफ़ मिली। डीनो ने नेगेटिव किरदार पहले भी निभाये हैं, मगर हिस्टोरिकल वेब सीरीज़ में ऐसा किरदार उन्होंने पहली बार किया और डीनो का यह प्रयोग सफल रहा। डीनो ने जागरण डॉटकॉम के साथ एक्सक्लूसिव बातचीत में खुलासा किया कि इस किरदार को एक अलग वेब सीरीज़ के तौर पर डेवलप किया जा सकता है। मेकर्स इस पर विचार कर रहे हैं।

**द एम्पायर शैबानी ख़ान के किरदार को चुनने के पीछे क्या वजह रही?**

जब मुझे यह स्क्रिप्ट ऑफ़र हुई थी तो मैंने तुरंत फ़ैसला लिया कि मुझे यह शो करना है, क्योंकि जब भी कोई एंटायगोनिस्ट (प्रतिनायक) कैरेक्टर निभाते हैं, तो मुझे लगता है कि उसमें एक्टिंग का बहुत स्कोप मिल जाता है। तभी मैंने सोचा कि यह करना ज़रूरी है, क्योंकि बतौर कलाकर लोग मुझे बिल्कुल अलग किरदार में देखेंगे और शायद लोगों को पसंद आये। मिताक्षरा जी ने इस किरदार के बारे में विस्तार से बताया कि हम कैसे शूट करेंगे, क्या कॉस्ट्यूम रहेंगे, तभी एक विज़न आया कि कहीं ना कहीं एक बहुत बड़े स्केल पर यह लोग शूट करेंगे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403